सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 18 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 134, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## अमेरिका-ईरान संघर्ष तय करेंगे बाजार की चाल

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की लगातार बढ़ती कीमतों का असर इस सप्ताह भी भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिल सकता है। } 10

## सेवा क्षेत्र में गुजरात को अग्रणी बनाने का समय: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि गुजरात ने विनिर्माण और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और अब उसे सेवा क्षेत्र में भी शीर्ष स्थान हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। } 12

# होर्मुज पार कर गुजरात पहुंचा जहाज

### कतर से लाया 20 हजार टन एलपीजी, कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण पहुंच गया

एजेंसी

कांडला (गुजरात)। पश्चिम एशिया संकट के बीच कतर से 20,000 टन तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर चला एक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण पहुंच गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि मार्शल आइलैंड के ध्वज वाला पोत एमवी सिमी कतर से रवाना हुआ था और 13 मई को होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के बाद शनिवार रात करीब 11:30 बजे कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। अधिकारियों के अनुसार, मार्च की शुरुआत से अबतक 13 भारतीय ध्वज वाले जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। इनमें 12 एलपीजी टैंकर और एक कच्चा तेल ले जाने वाला जहाज शामिल है। ओमान तट के निकट स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम समुद्री मार्ग माना जाता है, जहां से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण इस समुद्री मार्ग पर गंभीर असर पड़ा है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई शुरू हुई, जिससे हाल के दशकों के सबसे बड़े ऊर्जा संकट में से एक पैदा हो गया। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (यूएनईसीओएसओसी) की ऊर्जा एवं आपूर्ति प्रवाह ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दो दिवसीय यात्रा पर स्वीडन पहुंचे पीएम मोदी

### भारत और नीदरलैंड ने रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किये

एजेंसी

गोथेनबर्ग (स्वीडन)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को स्वीडन पहुंचे, जहां वह व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर बातचीत करेंगे। गोथेनबर्ग हवाई अड्डे पर उतरने से पहले प्रधानमंत्री मोदी के विमान को स्वीडिश वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने सुरक्षा प्रदान की।

हवाई अड्डे पर उनके स्वीडिश समकक्ष उल्फ क्रिस्टर्सन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जो इस यात्रा के महत्व को दर्शाता है। मोदी स्वीडन की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित बातचीत करेंगे और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के लिए सहयोग के नए अवसर तलाशेंगे, जो 2025 में 7.75 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। दोनों पक्ष हरित ऊर्जा की ओर बढ़ने, एआई, उभरती प्रौद्योगिकियों, स्टार्टअप, लचीली आपूर्ति शृंखलाओं, रक्षा, अंतरिक्ष, जलवायु कार्वाई और दोनों देशों की




जनता के स्तर पर संबंध जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने पर चर्चा करेंगे। इससे पहले मोदी ने 2018 में पहले भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के लिए स्वीडन का दौरा किया था। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों देशों के प्रधानमंत्री यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन के साथ यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्री को भी संबोधित करेंगे, जो एक प्रमुख अखिल यूरोपीय व्यापारिक नेताओं का मंच है। यह मोदी की चार देशों की यूरोपीय यात्रा का दूसरा चरण है। वह नीदरलैंड की यात्रा कर चुके हैं और उनकी उपस्थिति में भारत और नीदरलैंड ने रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। संयुक्त बयान के अनुसार, मोदी और जेटेन ने होर्मुज जलडमरूमध्य से स्वतंत्र नौवहन और वैश्विक वाणिज्यिक जहाजों के आवागमन का आह्वान किया। उन्होंने किसी भी तरह के प्रतिबंधात्मक कदमों का विरोध किया और इस संबंध में जारी पहलों के प्रति अपना समर्थन भी दोहराया। वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। इस संकरे जलमार्ग से 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त हमले के बाद से जहाजों का आवागमन बुरी तरह से बाधित है, जिसके परिणामस्वरूप जवाबी हमले भी हुए। दोनों नेताओं ने यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की जो रूस के साथ जारी संघर्ष और क्षेत्रीय सुरक्षा घटनाक्रमों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### सीएनजी की कीमत में एक रुपये की बढ़ोतरी

नयी दिल्ली। वाहन ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली सीएनजी की कीमतों में रविवार को एक रुपये प्रति किलोग्राम की और बढ़ोतरी की गई। एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) के दाम बढ़ाए गए हैं। देश की प्रमुख शहर गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लि. ने सीएनजी की कीमतों में एक रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई दरें लागू होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सीएनजी की कीमत बढ़कर 80.09 रुपये प्रति किलो हो गई है। इससे पहले बृहस्पतिवार को कंपनी ने सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की थी। इस तरह केवल कुछ दिन में सीएनजी कुल तीन रुपये महंगी हो गई है। कंपनी ने बयान में कहा कि संशोधित कीमतें 17 मई सुबह छह बजे से लागू कर दी गई हैं। यह बढ़ोतरी कंपनी के सभी भौगोलिक क्षेत्रों में प्रभावी होगी। घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली गैस यानी पीएनजी की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के खिलाफ हड़ताल 20 को

**लखनऊ।** ऑनलाइन दवाओं की बिक्री को लेकर ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट और लखनऊ केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने 20 मई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। लखनऊ केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन प्रवक्ता मयंक रस्तोगी का कहना है कि ऑनलाइन दवा सिर्फ व्यापार का मुद्दा नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जन स्वास्थ्य और मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा मामला बन चुका है। लखनऊ के कई दवा व्यापारियों ने बातचीत में दावा किया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना सही मेडिकल जांच और फार्मेसिस्ट सत्यापन के दवाई बेची जा रही हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए युवाओं तक नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाएं पहुंचने की शिकायत बढ़ रही है।

# यूपी में भर्ती होंगे 20 हजार सहायक अध्यापक व अनुदेशक

### बेसिक शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनायेंगे नये शिक्षक : सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद की कायाकल्प यात्रा को और अधिक मजबूती देने के लिए प्रदेश सरकार 20,000 नए शिक्षक और अनुदेशकों की नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में शिक्षा आयोग का गठन किया गया है, जो विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों का चयन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि 10,000 नए शिक्षकों का अधियाचन भेजा जा चुका है, जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नए अनुदेशकों की नियुक्ति भी की जाएगी, जिससे छात्र-शिक्षक अनुपात भी बेहतर होगा। मुख्यमंत्री रविवार को लोकभवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान समारोह एवं बढ़े हुए मानदेय के चेक वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2011-12 में बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत शिक्षा उपलब्ध कराने के




उद्देश्य से अंशकालिक अनुदेशकों की नियुक्ति शुरू की गई थी। उस समय उन्हें 7,000 रुपये मासिक मानदेय दिया जाता था। वर्तमान में कला शिक्षा के 8,469, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के 9,645 तथा कायार्नुभव शिक्षा के 6,192 अनुदेशक कार्यरत हैं और कुल संख्या 24,296 रह गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2011-12 से लेकर 2022 तक इनके मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई थी। वर्ष 2019 में अनुदेशक महासंघ के साथ बैठक में उन्होंने स्वयं प्रस्ताव मांगा था, लेकिन चुनाव अधिसूचना के कारण निर्णय नहीं हो सका। वर्ष 2022 में सरकार ने 2,000 रुपये की वृद्धि की, लेकिन सरकार स्वयं भी इससे संतुष्ट नहीं थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मानना है कि अनुदेशक, शिक्षामित्र और बेसिक शिक्षा से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी का सम्मान और मानदेय गरिमापूर्ण होना चाहिए। लंबे समय से चली आ रही मांगों को स्वीकार करते हुए सरकार ने अब अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाकर 17,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। साथ ही उन्हें और उनके परिवारों को 5 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अनुदेशक बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से तैयार पोर्टल पर तत्काल पंजीकरण कराएं ...शेष पृष्ठ 10 पर

# राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान

गोरखपुर/ लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज कांग्रेस, सपा, राजद, टीएमसी, डीएमके या ऐसे ही भ्रष्टाचार में डूबे अन्य दलों के आचरण को सम्मान नहीं देता है। भाजपा कार्यकर्ता को समाज में सम्मान इसलिए मिलता है कि इस पार्टी के कार्यकर्ता में राष्ट्रवाद और भारतीयता का आचरण मिलता।

भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी के संस्थापकों के मूल्यों और आदर्शों पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए शुचिता और पारदर्शिता से आचरण और तदनुरूप कार्य करता है। सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के सहजनवा विधानसभा क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत पार्टी की जिला इकाई की तरफ से आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल प्रतिभागियों को राष्ट्र प्रथम के भाव से अनवरत आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा, संस्कृति, सुशासन और समृद्धि को जोड़ने का काम करने वाली भाजपा एकलौती पार्टी है। केंद्र और भाजपा की राज्य सरकारों ने इसी को अपने कार्यक्रमों का आधार बनाया है। भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर केंद्रित जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्थापना के 50 वर्ष से भी कम समय में भाजपा ने दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में केंद्र और देश के 22 राज्यों में राष्ट्रवाद की विचारधारा को लागू करने के अभियान को आगे बढ़ाया है। भाजपा देश ही नहीं दुनिया का एकमात्र राजनीतिक दल है जिसने हमेशा और मजबूती से यह घोषणा की है कि राष्ट्र प्रथम, दल द्वितीय और व्यक्ति का हित अंतिम होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्र प्रथम के भाव से पार्टी के संस्थापकों ने जो मूल्य, आदर्श और संस्कार दिए हैं, उन्हीं का अनुसरण करते हुए कार्यकर्ता जब राष्ट्रवाद की बात करते हैं तो देश ही नहीं दुनिया के भारतवंशियों के सामने पार्टी के रूप में सिर्फ भाजपा का ही चेहरा और कमल का फूल चुनाव निशान ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

### मुख्यमंत्री ने सितारगंज में सिसौना नदी पर बनने वाले सीसी पुल निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता

ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास को नई गति देने के साथ-साथ सामाजिक समरसता, पारदर्शी प्रशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री धामी सितारगंज क्षेत्र में शक्तिफार्म और सिडकुल को जोड़ने वाले सिसौना नदी पर प्रस्तावित सीसी पुल परियोजना के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह 150 मीटर लंबा पुल क्षेत्रवासियों



की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। उन्होंने कहा कि पुल बनने के बाद स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी तथा सिडकुल और विकासखंड कार्यालय तक पहुंच अधिक सुगम हो जाएगी। इससे व्यापारिक गतिविधियों और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में आधारभूत संरचनाओं के विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। सरकार दूरस्थ क्षेत्रों तक सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि ऊधम सिंह नगर जनपद में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि शक्तिफार्म क्षेत्र में पीपीपी मॉडल पर आधुनिक डेयरी उद्योग की स्थापना की जा रही है, जहां दुग्ध उत्पादों का प्रसंस्करण किया जाएगा। इसके अलावा प्रह्लाद पलसिया क्षेत्र में विकसित हो रहा एक्वा पार्क पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

# वकीलों के चैंबर हटाने के दौरान पथराव व लाठीचार्ज

### लखनऊ: पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए भांजीं लाठियां, 200 से अधिक अतिक्रमण ध्वस्त

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट के आदेश पर रविवार को नगर निगम की टीम ने वकीलों के चैंबर और अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया। जिसको लेकर पुलिस और वकीलों के बीच टकराव हुआ, जिसमें पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए लाठियों का प्रयोग किया। इस दौरान 200 से अधिक अतिक्रमण ध्वस्त किए गए।

विरोध के बीच नगर निगम की टीम ने रविवार को कलेक्ट्रेट रोड, पुराने हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट और निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्री दफ्तर) के आसपास बने वकीलों के चैंबर, अवैध दुकानों को ढहा दिया। बुलडोजर चलाने पहुंची नगर निगम, पुलिस और प्रशासन की टीम को भारी विरोध का




सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान कई बार पुलिस व वकीलों में टकराव की स्थिति पैदा हो गई। जमकर धक्का-मुक्की, गालीगलौज और मारपीट हुई। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को लाठियां चलानी पड़ीं, जबकि गुस्साए वकीलों ने कई बार जेसीबी मशीन पर चढ़कर कार्रवाई रुकवाने की कोशिश की। किसी ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

### रविवार को वार्षिक सधारण सभा की हुई बैठक, खेल जगत में खुशी की लहर

# श्रीमती अलका दास गुप्ता हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुनी गयीं

विशेष संवाददाता

लखनऊ। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया (एचएआई) की वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) में हुए चुनावों में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती अलका दास (चेयरमैन, बीबीडी ग्रुप) को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया।

**हैंडबॉल के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से करेंगे काम: श्रीमती अलका दास गुप्ता**

उनके अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर अनेक खेल संघों, खेल प्रेमियों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गयी और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया।

बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में रविवार को आयोजित एजीएम में जूम मीटिंग के माध्यम से एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के पर्यवेक्षक के तौर पर महासचिव मोहम्मद शफीक तथा इंटरनेशनल हैंडबॉल फेडरेशन के पर्यवेक्षक के तौर पर पीतांबर ...शेष पृष्ठ 10 पर







### राजधानी एक्सप्रेस में लगी आग, पांच घायल

रतलाम (मप्र)। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने के बाद घटनास्थल पर जा रही आवश्यक उपकरणों से लदी एक वैन के पलट जाने से पांच रेलकर्मी घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब उपरिगामी उपस्कर (ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन) की मरम्मत के लिए आवश्यक उपकरणों को लेकर एक वैन रतलाम के श्यामनगर से आलोट जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि घायल कर्मचारियों में से एक की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया और बाद में एंबुलेंस से राजस्थान के कोटा रेफर कर दिया गया।

C M Y K

# सबकी समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में एक महिला ने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति का जिक्र कर बिटिया के विवाह





में सहायता देने का अनुरोध किया। सीएम योगी ने जब महिला को प्रति जोड़ा एक लाख रुपये आवंटन वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में बताया तो वह खुश हो गई। महिला ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि योजना का लाभ उसकी बिटिया को भी दिला दीजिए। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों को जरूरी प्रक्रिया पूर्ण करने को निर्देशित किया। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए।

**गर्मी को देखते हुए गोवंश के समुचित देखभाल के निर्देश :** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान रविवार सुबह जनता दर्शन के माध्यम से जनसेवा करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा में भी रमे रहे। उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और उन्हें गुड़ खिलाया। गर्मी को देखते हुए गोशाला के कार्यकताओं को गोवंश के समुचित देखभाल के निर्देश दिए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर रविवार प्रातः काल सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया।

# स्वदेशी गायों के पालन में बढ़ावा, 50% तक सब्सिडी दे रही सरकार

- डेयरी मास्टर प्लान : 2 से 25 गाय तक लाखों का अनुदान
- चार बड़ी महत्वाकांक्षी योजनाएं पूरे प्रदेश में लागू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्वदेशी गायों के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा डेयरी मास्टर प्लान तैयार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में चार बड़ी योजनाओं को लागू किया गया है, जिनके जरिए स्वदेशी नस्ल की गायों को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जा रही है।

योगी सरकार की इस रणनीति को ऑपरेशन-4 के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि इसके केंद्र में चार प्रमुख योजनाएं हैं। इनमें मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना, नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना और मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के जरिए 2 गाय से लेकर 25 गाय तक की डेयरी इकाइयों पर लाखों रुपये का अनुदान दिया जा रहा है।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि योगी सरकार उन्नत स्वदेशी नस्ल की गायों को पालने के लिए भारी सब्सिडी दे रही है। नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना और मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना में डेयरी स्थापना और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 50 फीसदी तक अनुदान दिया जा रहा है। योजनाओं का वित्तीय मॉडल भी खास है। इसमें 15 फीसदी लाभार्थी निवेश, 35 फीसदी बैंक ऋण और 50 फीसदी सरकारी सब्सिडी तक का प्रावधान किया गया है। इससे छोटे और मध्यम किसानों के लिए डेयरी व्यवसाय शुरू करना आसान हो रहा है।

मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत दो गायों की इकाई पर अधिकतम 80 हजार रुपए तक अनुदान दिया जा रहा है। इससे प्रदेश में बड़े स्तर पर आधुनिक डेयरी नेटवर्क विकसित होगा। मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के तहत उच्च गुणवत्ता एवं अधिक दूध देने वाली स्वदेशी नस्ल की गायों को पालने वाले पशुपालकों को 10 हजार से 15 हजार तक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इससे बेहतर नस्लों के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन दोनों को बढ़ावा मिल रहा है। योगी सरकार का फोकस गिर, साहीवाल और गंगातीरी जैसी उन्नत स्वदेशी नस्लों के संरक्षण और संवर्धन पर है। इन योजनाओं से गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। महिलाओं और युवाओं को डेयरी सेक्टर से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति पर तेजी से काम हो रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि योगी सरकार की स्वदेशी गो आधारित योजनाओं का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना के तहत डेढ़ हजार से अधिक इकाइयां स्थापित हो चुकी हैं, जबकि प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना में सवा सात हजार से ज्यादा पुरस्कार वितरित किए गए हैं।

# पूर्व विधायकों को पेंशन व सुविधाएं देने के कानून को चुनौती वाली याचिका खारिज

- हाई कोर्ट ने कहा यह विधायिका का अधिकार क्षेत्र है, इसे नीति संबंधी असहमति के आधार पर असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पूर्व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों को पेंशन, पारिवारिक पेंशन तथा अन्य सुविधाएं दिए जाने संबंधी प्रावधानों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि पेंशन और अन्य सुविधाओं से जुड़े प्रावधान विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और इन्हें केवल नीति संबंधी असहमति के आधार पर असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति अभदेश कुमार चौधरी की पीठ ने लोक प्रहरी संस्था के महासचिव एस.एन. शुक्ला की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

याचिका में उप्र राज्य विधानमंडल (सदस्यों के वेतन, भत्ते एवं पेंशन) अधिनियम, 1980 की विभिन्न धाराओं को असंवैधानिक घोषित किए जाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि पूर्व विधायकों, विधान परिषद सदस्यों तथा उनके परिजनों को पेंशन, चिकित्सा, यात्रा और अन्य सुविधाएं देना संविधान की मूल भावना के विपरीत है। साथ ही सरकार को ऐसी सुविधाओं का भुगतान तत्काल रोकने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि विधायकों को दी जाने वाली पेंशन कोई दान या अनुग्रह नहीं बल्कि विधायी कार्यों के दौरान दी गई सार्वजनिक सेवा के बदले निर्धारित वैधानिक सुविधा है। यह भी कहा गया कि ऐसे प्रावधान विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के तहत लागू हैं और इन्हें मनमाना नहीं कहा जा सकता। पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलों सुनने और अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद याचिका में हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया।

# मुख्यमंत्री के हाथों चेक पाकर भावुक हुए अनुदेशक, कहा- सरकार ने दिया सम्मान

- विभिन्न जिलों से आए 14 अनुदेशकों को दिया गया बढ़े हुए मानदेय का चेक
- अब मानदेय 17 हजार रुपये प्रतिमाह और कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी मिलेगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत हजारों अंशकालिक अनुदेशकों को बड़ी सौगात देते हुए उनके मानदेय में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है। इसके बाद प्रदेशभर के अनुदेशकों में खुशी की लहर है। रविवार को लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों चेक पाकर अनुदेशकों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। सभी अनुदेशकों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने उनकी वर्षों पुरानी मांग पूरी कर उन्हें सम्मान देने का काम किया है।

दरअसल 24717 अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से 9 हजार रुपये बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया है। इस उपलक्ष्य में लोकभवन में अनुदेशक सम्मान समारोह एवं चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित 14 अनुदेशकों को चेक वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के हाथों चेक पाकर अनुदेशकों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने इसे योगी सरकार की संवेदनशीलता और शिक्षा कर्मियों के प्रति सम्मान की भावना बताया।

रायबरेली की अनुदेशक शिखा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों चेक पाकर उन्हें बेहद खुशी हुई है। शिखा सिंह ने बताया कि पहले 9 हजार रुपये में परिवार चलाना मुश्किल होता था, लेकिन अब सीधे 17 हजार रुपये मानदेय मिलने से बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने अनुदेशकों की समस्याओं को गंभीरता से समझा है। ऐसे ही लखनऊ के कौशलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने न केवल मानदेय बढ़ाया है बल्कि अनुदेशकों के लिए 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी लागू किया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार पहले भी अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा चुकी है और इस बार एक साथ 8 हजार रुपये की वृद्धि कर सरकार ने बड़ी राहत



दी है। मुख्यमंत्री का यह निर्णय अनुदेशकों के आत्मसम्मान और आर्थिक मजबूती दोनों को बढ़ाएगा। अयोध्या के उपेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि सेवा में आने के बाद पहली बार अनुदेशकों के लिए इतना भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से कम मानदेय में कार्य करने के बावजूद अनुदेशक पूरी निष्ठा से बच्चों को शिक्षित कर रहे थे, लेकिन अब सरकार ने उनकी मेहनत को सम्मान दिया है। वहीं गोरखपुर के देवेंद्र लाल ने कहा कि पहले 7 हजार रुपये में जीवन यापन बेहद कठिन था, लेकिन योगी सरकार ने पहले इसे 9 हजार और अब 17 हजार रुपये तक पहुंचाकर बड़ी राहत दी है।

**मुख्यमंत्री ने होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड का किया विमोचन :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। उन्होंने 'होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड' का विमोचन किया। जिसे बाल वाटिका से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है। इस रिपोर्ट कार्ड में केवल शैक्षणिक प्रदर्शन ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का भी समग्र मूल्यांकन किया जाएगा। इसे नई शिक्षा नीति के अनुरूप एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए अनुदेशकों को चेक सौंपे। इनमें गोरखपुर के देवेंद्र लाल, वाराणसी के सुभाष सिंह, अयोध्या के उपेंद्र कुमार शुक्ला, लखीमपुर खीरी के प्रवीण राणा, रायबरेली की शिखा सिंह, बाराबंकी की हिना खातून और दीप्ति वर्मा, सीतापुर की प्राची मिश्रा, हमीरपुर के कामता प्रसाद राजपूत, लखनऊ के कौशलेन्द्र सिंह और सुमित पाल, अलीगढ़ की सलोनी कसेरे, उन्नाव की रश्मि यादव तथा हरदोई की रश्मि सिंह शामिल रहे।

**सरकार ने 2022 में भी 2 हजार रुपये बढ़ाया था मानदेय: संदीप सिंह :** इस अवसर पर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में हुए व्यापक सुधारों को लेकर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में भी तेजी से काम किया जा रहा है। वर्तमान में 1,129 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी संचालित हैं, जहां विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित हैं और शेष सभी ब्लॉकों में भी बालिकाओं के लिए आवासीय विद्यालय स्थापित करने की कार्ययोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1,64,882 बच्चों को निःशुल्क सहायक उपकरण भी वितरित किए गए हैं।

# दिव्यांग छात्रों को शिक्षा और रोजगार से जोड़ना प्राथमिकता: कुलपति आचार्य संजय सिंह

- प्रयागराज एवं वाराणसी में क्षेत्रीय रीजनल सेंटर स्थापित किए जाने की योजना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद संग्रहालय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए स्थापित अनुभव वीथिका एवं विशेष प्रदर्शनी में डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को केवल औपचारिक शिक्षा तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम एवं रोजगारपरक बनाना समय की आवश्यकता है। प्रदर्शनी के उपरांत आयोजित समन्वय बैठक में जिला प्रशासन, विभिन्न विभागाध्यक्षों तथा भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा तथा रोजगार से जोड़ने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा दिव्यांग छात्रों को उनके घर के समीप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रयागराज एवं वाराणसी में क्षेत्रीय रीजनल सेंटर स्थापित किए जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में स्क्रीन रीडर युक्त कम्प्यूटर लैब, ब्रेल संसाधन, सांकेतिक भाषा सहायता, मनोसामाजिक परामर्श सेवाएँ, कौशल विकास प्रशिक्षण तथा रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा कक्षा 11 एवं 12 के श्रवण बाधित विद्यार्थियों के लिए पीजीडीसीए पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसे इंटरमीडिएट स्तर के समकक्ष माना जाता है।

कार्यक्रम में डा. विजय शंकर शर्मा, समन्वयक, श्री अभय कुमार श्रीवास्तव, उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग प्रयागराज मंडल, अशोक कुमार गौतम, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रयागराज उपस्थित रहे।

# राष्ट्र की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान: धर्मपाल सिंह

- अयोध्या में भाजपा लखनऊ महानगर का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न
- बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना ही भाजपा की सबसे बड़ी प्राथमिकता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रविवार को श्रीराम सेवक पुरम, अयोध्या मे संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा का एक विराट आंदोलन है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं के वैचारिक और संगठनात्मक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं, जिनसे कार्यकताओं में नई ऊर्जा, नई चेतना और कार्य के प्रति नई प्रेरणा का संचार होता है।



उन्होंने आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं और समाज के हर वर्ग को भाजपा से जोड़ने का कार्य करें।

भारतीय जनता पार्टी का संगठन निरंतर विस्तार और मजबूती की दिशा में कार्य कर रहा है। बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना ही भाजपा की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की पवित्र धरती पर आयोजित यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं के लिए विशेष प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है।

पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा ही भाजपा को अन्य दलों से अलग बनाती है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया था। प्रशिक्षण वर्ग में भारतीय जनता पार्टी युवा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक ओम प्रकाश श्रीवास्तव सहित लखनऊ महानगर के पार्टी पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाये

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के वंचित और जनजातीय समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम मे उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा इस आशय के निर्देश जारी किये गये है कि प्रदेश के उन सभी जनजातीय एवं विमुक्त समुदायों को अनिवार्य रूप से स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा, जिन्हें पहले ही मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है।

यह कदम मिशन की 'सामाजिक समावेशन एवं सामाजिक विकास' थीम के अंतर्गत उठाया गया है। उप मुख्यमंत्री जी का मानना है कि केवल घर उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है। इन परिवारों को मुख्यधारा में लाने के लिए उन्हें आर्थिक गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है। इस पहल के दायरे में मुख्य रूप से बुक्सा, सहरिया थारू, गोंड, चेरो, कोल एवं अन्य विमुक्त जातियों को जोड़ा जा रहा है। मिशन मुख्यालय की ओर से प्रदेश के सभी जिलों के 'उपायुक्त स्वतः रोजगार' को पत्र लिखकर इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। निदेर्शो मे कहा गया है कि जिलों में ऐसे परिवारों की तत्काल पहचान की जाए, जिन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत आवास तो मिल गया है, लेकिन वे अभी तक किसी समूह का हिस्सा नहीं हैं। चिन्हित किए गए सभी सदस्यों को अनिवार्य रूप से स्वयं सहायता समूहों से आच्छादित किया जाए ताकि उन्हें मिशन के अन्य लाभ मिल सकें। यदि कोई लाभार्थी पहले से ही किसी समूह से जुड़ा हुआ है, तो उसकी पूरी जानकारी तुरंत मुख्यालय को भेजे जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मिशन का लक्ष्य इन समुदायों को विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ दिलवाते हुए उनके जीवन स्तर में स्थायी सुधार लाना है। यह कदम न केवल इन समुदायों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि ग्रामीण उत्तर प्रदेश में सामाजिक और आर्थिक समानता की दिशा में एक बड़ा बदलाव भी लाएगा।


# भीषण गर्मी पर अफसरों को कड़े निर्देश राहत-बचाव को लेकर रहें सतर्क

- अस्पतालों, पेयजल और बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष नजर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट जारी किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और राहत एजेंसियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा है।

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि संवेदनशील जिलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। वहीं सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। अस्पतालों में दवाओं, बेड और डॉक्टरों



की उपलब्धता बनाए रखने के साथ एंबुलेंस सेवाओं को भी सक्रिय रखने को कहा गया है। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था और बिजली आपूर्ति बाधित न होने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि अत्यधिक गर्मी और लू के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। सीएम ने बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने लोगों से पर्याप्त पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने और धूप में निकलते समय सिर ढककर रखने की अपील की है।

मौसम विभाग ने बताया कि 19, 20 और 21 मई को प्रदेश के कई जिलों में अति उष्ण लहर चल सकती है। तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है। इसे देखते हुए योगी सरकार ने सभी जिलों को राहत और बचाव की तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

# यूपी कैबिनेट की अहम बैठक आज, बड़े फैसलों की उम्मीद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की अहम कैबिनेट बैठक सोमवार को आयोजित होगी। हाल ही में हुए मंत्रिमंडल के दूसरे बड़े विस्तार के बाद यह पहली आधिकारिक बैठक मानी जा रही है, जिस पर राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर खास नजरें टिकी हुई हैं। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत सरकार के सभी वरिष्ठ मंत्री और नए शामिल हुए मंत्री मौजूद रहेंगे।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रदेश के विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था और जनहित से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी दी जा सकती है। इसके अलावा, ग्रामीण विकास, युवाओं के रोजगार, किसानों और शहरी बुनियादी ढांचे से संबंधित योजनाओं पर भी चर्चा होने की संभावना है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए सरकार सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की रणनीति पर काम कर सकती है। माना जा रहा है कि जनता को सीधे प्रभावित करने वाले कुछ लोक-लुभावन फैसलों के साथ-साथ प्रशासनिक सख्ती से जुड़े निर्णय भी सामने आ सकते हैं। सरकार की इस बैठक से कई विभागों में नई योजनाओं और बजट आवंटन को लेकर दिशा तय होने की उम्मीद है।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी तेज है कि सरकार आने वाले महीनों में विकास और सुशासन के एजेंडे को और आक्रामक तरीके से आगे बढ़ा सकती है। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब तक छह नए मंत्रियों और राज्यमंत्री से स्वतंत्र प्रभार का दर्जा पाए दो मंत्रियों को विभाग नहीं दिए गए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि कैबिनेट बैठक के पहले उन्हें भी विभागों के बारे में जानकारी दे दी जाएगी।

# सोनाबंदी के आवाह्न से लाखों सुनार बंद कर देंगे काम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में दिनदहाड़े लुटते सुनारों की सुरक्षा की समस्या अभी सुलझी नहीं थी कि तब तक सोनाबंदी का व्यापार-चौपट करने वाला आह्वान आ गया और फिर सोने पर इम्पोर्ट ड्यूटी ढाई गुना बढ़ाने का फरमान।

जेवरात-गहनों के व्यापार में बड़ी कंपनियों के आ जाने से ये छोटे सुनार वैसे ही कम्पटीशन नहीं कर पा रहे थे, अब उन्हें लग रहा है कि शायद बड़ी कंपनियों से एकमुश्त कमीशन लेने के चक्कर में ही भाजपाइयों ने युद्ध के बहाने, सोनाबंदी की बात करी है। भाजपाई जानते हैं कि एक साल में तो लाखों सुनार चौपट होकर अपना काम बंद कर देंगे, तब ये बड़ी कंपनियाँ हर छोटे-बड़े शहर में अपने शोरूम खोलकर मनमाने दाम पर गहने बेचकर जनता को लूटेंगी और भाजपा को अकूत धन कमाकर देंगी।



आज भाजपाई नीतियों के मारे सुनार-स्वर्णकार समाज की इन समस्याओं को सुनकर लगा कि सबसे अधिक धन लगाकर व्यापार करनेवाले लोगों के चमचमाते शोरूमों और ज्वेलरी शॉप्स की चमक जब धूमिल हो गई है तो बाकी दूसरे काम-कारोबार का क्या। ये लोग कहाँ जाएंगे और कैसे अपने परिवारों को पालेंगे।

## कार्यकर्ता अपनी भाषा और व्यवहार में संयम बरतें : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में भेंट की। इस अवसर पर सामाजिक राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। श्री यादव ने सभी कार्यकताओं को निर्देशित किया है कि वे सामाजिक सद्भाव का आचरण करें। अपनी भाषा और व्यवहार में संतुलन तथा संयम बरते। ऐसी कोई बात न करें जिससे कोई अपने को अपमानित या आहत महसूस करे। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाकर ही सामाजिक न्याय के राज की स्थापना की जा सकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी को एकजुट रहना होगा। पीडीए समाज सभी वर्गों-पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक के अलावा पीड़ित अगड़े-पिछड़े, आधी आबादी महिला को अपने से जोड़ती है। पीडीए सामाजिक न्याय की लड़ाई का भी प्रभावी माध्यम है। पीडीए की एकता से ही 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाया जा सकेगा और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा सकेगा।

संक्षेप

## तीन वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस द्वारा विभिन्न आपराधिक मुकदमों में वांछित तीन आरोपियों को रविवार को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। थाने के दरोगा राजेश कुमार शुक्ला व संजय यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस ने पूरे छोटा कछवाहन का पुरवा नसीरपुर निवासी दान बहादुर सिंह पुत्र स्व. विजय पाल को घर के पास हिरासत में ले लिया। वहीं दरोगा अमित द्विवेदी ने गश्त के दौरान लीला का पुरवा कुम्भी आइमा निवासी आरोपी किशन वर्मा पुत्र हरभजन तथा इसी गांव के संत प्रसाद वर्मा पुत्र सतिदीन को हिरासत में ले लिया। आरोपियों को पुलिस ने दोपहर बाद जेल भेज दिया।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना में पीड़िता पर हमलें को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे शिवबोध दौलतपुर निवासी हरिकेश तिवारी की पत्नी अल्पना ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि सोलह मई को सुबह सात बजे वह गाय लगा रही थी। इस बीच रंजिशन गांव के अभयकान्त पुत्र सम्भूषण व सुशील देवी पत्नी अभयकान्त उसके साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़िता पर लाठी से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान लेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभयकान्त समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रतापगढ़। पुरूषोत्तम मास के पहले दिन बाबा घुइसरनाथ धाम समेत अंचल के विभिन्न शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ जुटी दिखी। बाबा घुइसरनाथ धाम में हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया। पुरूषोत्तम मास के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए गर्भगृह में रूद्राभिषेक पर रोक भी लगाई गयी है। श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक कर धाम में मौजूद संत महात्माओं को भोजन इत्यादि भी कराया। वहीं सई पार बाबा बूढ़ेश्वर नाथ धाम तथा तिना चितरी स्थित बूढ़ेश्वरनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन पूजन में रमें देखा गया। लालगंज नगर की बाजार में भी मंदिरों में पुरूषोत्तम माह के पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। आज पुरूषोत्तम माह के पहले सोमवार को लेकर बाबा घुइसरनाथ धाम में शिवभक्तों की भीड़ बढ़ने की संभावना भी आंकी गयी है। इसे लेकर पुलिस व प्रशासन को तैयारियों के बाबत धाम में मसक्कत करते देखा गया।

## सोन नदी में डूबने से दो छात्रों की मौत

सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र में स्थित सोना नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से दो छात्रों की मौत हो गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बरवाडीह गांव निवासी विमलेश कुमार (18) एवं अवनीश कुमार (19) दोनों इंटर का छात्र थे। दोनों प्रतिदिन कोन में ट्यूशन पढ़ने आते थे, रविवार को भी ट्यूशन पढ़ने के बाद वह दोनों अपने मित्र धिरज के साथ स्कूटी पर सवार होकर तीनों दोस्त लगभग सुबह 10.30 बजे चांचीकला पुल पार होकर रानीडीह स्थिति सोन नदी गये और नदी में नहाने लगे। थोड़ी ही देर में विमलेश व अवनीश गहरे पानी में डूब गये। दोनों मित्रों को पानी में डूबता देख धीरज जोर-जोर से चिल्लाने लगा। मौके पर आसपास के लोग एकत्रित हुए और किसी तरह दोनों को बाहर निकाला। दोनों की सांस थम चुकी थी, फिर भी परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोन ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है

## गंगा नदी में नहा रहे दो सगे भाई डूबे

प्रयागराज। नवाबगंज थाना क्षेत्र में रविवार को गंगा नदी में नहाते समय दो सगे भाई डूब गए। यह घटना डांडी कछार में आज सुबह करीब 11 बजे हुई। सूचना मिलते ही ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे। डांडी निवासी अलताफ उद्दीन के पुत्र मोहम्मद कैफ (20) और मोहम्मद काश (25) अपने दोस्तों के साथ गांव के पास कछार में गंगा में नहाने गए थे। बताया जा रहा है कि नहाते समय वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। जब तक उन्हें बचाया जा पाता, वे गंगा के गहरे पानी में समा गए।

## 2.41 करोड़ की पेयजल योजना का लोकार्पण

# हर घर जल योजना का शुभारंभ



सिद्धार्थनगर- जनपद के विकास खंड जोगिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनौरा में शनिवार को जल जीवन मिशन के तहत नवनिर्मित पेयजल परियोजना का लोकार्पण किया गया। विधायक श्यामधनी राही ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर और जल संकल्प के साथ योजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना से गांव के 361 परिवारों को अब सीधे उनके घरों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। यह परियोजना लगभग 2 करोड़ 41 लाख 37 हजार रुपये की लागत से तैयार हुई है, जिसे वर्ष 2022-23 में स्वीकृति मिली थी। इसके तहत गांव में 175 किलोलीटर क्षमता का शिरोपरि जलाशय बनाया गया है। साथ ही, लगभग 7.980 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर हर घर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। योजना को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए 16 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल प्लांट भी लगाया गया है। यह प्लांट बिजली की बचत के साथ नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करेगा। पानी की आपूर्ति के लिए 550 लीटर प्रति मिनट क्षमता वाला पंपिंग प्लांट भी स्थापित किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक श्यामधनी राही ने जल संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से योजना की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विधि-विधान के साथ जलार्पण कर योजना का औपचारिक शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सोनौरा में शुरू हुई यह योजना ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक होगी।

विधायक ने कहा कि अब महिलाओं और बच्चों को पानी के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। स्वच्छ पेयजल मिलने से जलजनित बीमारियों पर भी रोक लगेगी। उन्होंने यह भी बताया कि सोलर आधारित यह योजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## थाना सिरसिया का औचक निरीक्षण

### लंबित मामलों के जल्द निस्तारण के निर्देश



श्रावस्ती। जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह ने शनिवार को थाना सिरसिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों, मिशन शक्ति केंद्र, बंदीगृह, आरक्षी बैरक एवं थाना परिसर का जायजा लिया। साथ ही थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और कुशलक्षेम की जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद थाना सिरसिया में विवेचकों के साथ अर्दली रूम आयोजित किया गया, जिसमें लंबित विवेचनाओं और प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की गई। उन्होंने विवेचकों को निर्देश दिया कि मामलों का शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर न्याय मिल सके।

बैठक के दौरान गैंगेस्टर अधिनियम के लंबित मामलों, गुण्डा एक्ट के तहत जिलाबदर कार्रवाई, साइबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण तथा ऑनलाइन प्राप्त प्रार्थना पत्रों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन दहन और ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत हुई कार्रवाई का अवलोकन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कार घोषित और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ-साथ एनबीडब्ल्यू और बीडब्ल्यू की तामील में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

## जोगिया पुलिस ने लौटायी मुस्कान, गुम मोबाइल बरामद



जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर। थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में थाना जोगिया उदयपुर पुलिस व साइबर सेल टीम ने तत्परता दिखाते हुए गुम हुआ मोबाइल बरामद कर उसके मालिक को सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार, जगमोहनी स्थित गुप्ता ढाबा पर कार्यरत राधेश्याम मौर्य का मोबाइल अचानक गायब हो गया था। शिकायत मिलते ही थाना जोगिया उदयपुर पुलिस सक्रिय हुई और साइबर सेल की मदद से मोबाइल को खोज निकाला।

मोबाइल वापस मिलने पर आवेदक ने थानाध्यक्ष अभय सिंह व सिद्धार्थनगर पुलिस की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ।

## 450 बहू बेटियों को किया जागरूक

### पुलिस ने किया बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत श्रावस्ती पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में आयोजित हुआ।

जनपद के 7 अलग-अलग स्थानों पर हुए इन कार्यक्रमों में 450 से अधिक महिलाओं और किशोरियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम में आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, गृहिणियां, विधवा एवं तलाकशुदा महिलाएं तथा किशोरियां बड़ी संख्या में शामिल रहीं।

महिलाओं को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष सहित कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। सम्मेलन के दौरान साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, लैंगिक उत्पीड़न तथा गुड टच-बैड टच जैसे विषयों पर भी विस्तार से जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 108, 1098, 102, 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी भी दी। मिशन शक्ति टीम और महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के आसान उपाय बताए तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। श्रावस्ती पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## अनुदेशक सम्मान समारोह में बढ़े मानदेय पर खुशी

### जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मान



**श्रावस्ती।** जनपद मुख्यालय भिनगा स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अनुदेशक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशकों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें डेमो चेक भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष 2013 में विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए कंप्यूटर, कला, कृषि विज्ञान, गृह शिल्प, शारीरिक शिक्षा और कायार्नुभव जैसे विषयों के लिए अनुदेशकों की नियुक्ति की गई थी। जनपद में वर्तमान समय में 117 अनुदेशक कार्यरत हैं। नियुक्ति के समय उनका मानदेय 7 हजार रुपये प्रतिमाह था, जो अब बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। इस अवसर पर पूर्व संसद जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ के लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अनुदेशकों के मानदेय में की गई वृद्धि सराहनीय कदम है। श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि अनुदेशकों ने कठिन परिस्थितियों में विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का कार्य किया है। उनके परिश्रम का ही परिणाम है कि सरकार ने उनके मानदेय में वृद्धि कर सम्मान दिया है।

भिनगा विधायक इन्द्राणी वर्मा ने भी अनुदेशकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। वहीं विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्रा ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

## इंडो-नेपाल बॉर्डर पर भारी मात्रा में शुद्ध प्लस गुटखा-जर्दा बरामद



लोटन सिद्धार्थनगर। जनपद में तस्करी और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना लोटन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के गांव बडहरा में चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित शुद्ध प्लस गुटखा और जर्दा बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में 17 मई 2026 को यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें कुल 03 बोरी शुद्ध प्लस गुटखा एवं 01 बोरी में 04 बंडल शुद्ध प्लस जर्दा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से मोटरसाइकिल समेत एक भारतीय अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बरामद माल को अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया गया है। मामले में कस्टम अधिनियम की धारा-11 के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त अनीश जायसवाल (21 वर्ष) पुत्र झ वीरेंद्र जायसवाल निवासी झ लोटन बाजार, थाना लोटन, जनपद सिद्धार्थनगर। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम हरिओम कुशवाहा, थानाध्यक्ष लोटन उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता, चौकी प्रभारी हरिवंशपुर मुख्य आरक्षी खुर्शीद अहमद कन्हैया यादव उमेश कुमार बलराम यादव आनंद निषाद पुलिस की इस कार्रवाई से सीमा क्षेत्र में अवैध तस्करी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## महंगाई और बेरोजगारी पर मोदी सरकार ले आये श्वेतपत्र

### राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने पेपर लीक पर शिक्षामंत्री से मांगा इस्तीफा



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार द्वारा डीजल व पेट्रोल के साथ सीएनजी के भी दामों में बढ़ोत्तरी को बढ़ती महंगाई का लगातार पीड़ाजनक कदम करार दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा की केन्द्र सरकार को लगातार निरंकुश महंगाई और बेरोजगारी तथा पेपरलीक की श्रृंखला पर देश के सामने बिना विलम्ब के श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

वरिष्ठ कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पीएम पर तंज कसा कि देश मिशाइल मैन के नाम पर एपीजे कलाम को अगर याद रखेगा तब महंगाई मैन के रूप में वह मौजूदा पीएम मोदी को भी याद रखने के लिए बाध्य होगा। उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि 2014 में जब यूपीए की जगह भाजपा सत्ता में आयी तब उसे 2026 के इस दौर में महंगाई को लेकर सच्चाई के साथ आकड़े को जनता के सामने रखना चाहिए। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि नीट की परीक्षा का पेपर लीक का मामला गम्भीर आपराधिक कृत्य है। उन्होंने कहा कि अब तक मोदी सरकार के कार्यकाल में विभिन्न परीक्षाओं के अस्सी पेपर लीक हो चुके हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री पर सीधा कटाक्ष किया कि क्या वह पेपरलीक का शतक पूरा कर अपने पद से इस्तीफा देंगे। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी वैश्विक ऊर्जा संकट का हवाला देकर सीमित संसाधनों का राग अलाप चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक दिन पीएम के द्वारा प्रचार के लिए दो गाड़ियों में चलने के शो के बाद भारत जैसे देश के प्रधानमंत्री का साढ़े आठ हजार करोड़ के महंगे विमान से विदेश यात्रा के लिए निकलना उनके उपदेश की असलियत बयां कर गया है। उन्होंने कहा कि थोक महंगाई लगातार बढ़ रही है। वहीं उन्होंने रुपए का रोज टूटकर गिरने को मोदी सरकार के राज में अर्थव्यवस्था की तबाही करार दिया। पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्य वृद्धि पर भाजपा की घेराबंदी करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जब दुनिया की बाजार में कच्चे तेल की कीमत कम हुई थी तब सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम क्यों नहीं कम किये।

## हमीरपुर में ट्रक और कार की टक्कर में चार की मौत

हमीरपुर। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर रविवार को एक ट्रक और कार की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा अपराह्न करीब डेढ़ बजे हमीरपुर-महोबा मार्ग पर छिरका चौराहे के पास हुआ। दुर्घटना में मारे गए लोग बागेश्वर धाम से दर्शन कर कानपुर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी वैगनआर कार को टक्कर मार दी। पुलिस ने मृतकों की पहचान कानपुर के नवाबगंज क्षेत्र निवासी नरेंद्र कुमार (55), उनकी पत्नी रेखा (52), उनके मित्र राज कपूर (57) और उनकी पत्नी मीना (52) के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक, कार चालक लखनऊनिवासी आयुष चौहान (25) हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। कार में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक उपचार के बाद आयुष चौहान को हमीरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मौदहा थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अज्ञात चोरों ने नकदी समेत उड़ाये जेवरात



प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के विश्राम का पुरवा जेवई में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर बीस हजार नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। गांव के कृष्णा गुप्ता पुत्र नन्हें लाल ने रविवार को पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार सहित छत पर सो रहा था। बदमाशों ने बाक्स के ताले तोड़कर उसमें रखा घर की महिलाओं का सोने चांदी का जेवरात व बीस हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। रविवार की सुबह परिजन सो कर उठे तब घर में बिखरे सामान व खुले बाक्स देखकर आवाक रह गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है तहरीर मिली है, शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

## अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की घटना की रूरल बार ने सरकार के न्यायिक जांच की उठायी मांग

प्रतापगढ़। लखनऊ में रविवार को अतिक्रमण के नाम पर अधिवक्ताओं के चैम्बर में तोड़फोड़ तथा लाठी चार्ज की घटना को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने लोकतंत्र में दमन की पराकाष्ठा कहा है। घटना को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश ने संयुक्त रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सवाल उठाया है कि जिला पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम ने तोड़फोड़ को लेकर अधिवक्ताओं अथवा लखनऊ बार एसोसिएशन को पहले आखिर कोई नोटिस क्यों नही दी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम व जिला प्रशासन की चैम्बरों के तोड़फोड़ को लेकर यह कार्यवाही तब और असंवैधानिक प्रदर्शित हो उठी जब अतिक्रमण के नाम पर तोड़फोड़ की कार्यवाही कार्य दिवस की जगह जानबूझकर अवकाश के दिन रविवार की सुबह रखा गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस घटना की न्यायिक जांच कराये जाने की भी मांग की है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल तिवारी ने सरकार से तोड़फोड़ को लेकर प्रभावित अधिवक्ताओं को समुचित मुआवजा एवं चैम्बरों के शासकीय खर्च पर पुर्ननिर्माण के साथ घायल अधिवक्ताओं के सम्पूर्ण इलाज सुनिश्चित कराने की भी आवाज उठायी है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि इस घटना के जिम्मेदार अफसरों पर सरकार ने कार्यवाही नहीं की तब उनका एसोसिएशन प्रदेश व्यापी आन्दोलन शुरू करने के साथ विधानसभा का अनवरत घेराव भी करेगा।

## हत्या के प्रयास का वांछित आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया



शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। थाना शोहरतगढ़ पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना शोहरतगढ़ में दर्ज मुकदमा संख्या 62/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्त दुर्गा प्रसाद यादव उर्फ थारु पुत्र रामफेर यादव निवासी ग्राम बोहली को परसा रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, हेड कांस्टेबल प्रमोद यादव एवं कांस्टेबल नीतीश यादव शामिल रहे।

## चोरी की नीयत से घर में घुसे 3 आरोपी गिरफ्तार



त्रिलोकपुर सिद्धार्थनगर। जिले के थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय के नेतृत्व में थाना त्रिलोकपुर पुलिस ने ग्राम गुलरिहा में चोरी की नीयत से घर में घुसे तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक 315 बोर कट्टा, एक जिंदा कारतूस और दो अवैध चाकू बरामद हुए।

पुलिस के अनुसार, रात करीब 3:30 बजे श्याम किशोर तिवारी के घर में घुसे तीनों युवकों को परिजनों ने पकड़ लिया और शोर मचाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया। गिरफ्तार आरोपियों में शेहरे रजा, मोहम्मद इरशाद और शाकिर अली शामिल हैं।

## महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय की पहल से 8 बिखरते परिवारों में लौटी मुस्कान




सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र ने 8 टूटते परिवारों को फिर से जोड़कर नई खुशियां दीं। विभिन्न कारणों से अलग रह रहे और तलाक की कगार पर पहुंचे दंपतियों के बीच काउंसलिंग के माध्यम से मनमुटाव दूर कराया गया तथा आपसी सहमति से सभी जोड़ों को एक साथ विदा किया गया। महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय की संवेदनशील कार्यशैली और सकारात्मक पहल की लोगों ने सराहना की। इस दौरान काउंसलिंग टीम की सक्रिय भूमिका से कई परिवार बिखरने से बच गए। कार्यक्रम में म0हे0का0 आशा गौड़, म0हे0का0 रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी प्रगति राय एवं म0आ0 शिवानी सिंह का विशेष योगदान रहा।

## थाना परिसर में खड़े वाहनों में लगी आग, मचा हड़कंप

मैनपुरी। जनपद के थाना एलाऊ परिसर के मालखाने और विभिन्न मामलों के तहत जब्त किए गए वाहनों में रविवार को आग लग जाने से अफरा-तफरी और हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगीं और पूरा थाना परिसर काले धुएं के गुबार से भर गया। आग की भयावहता को देखकर थाने में मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत मौके की ओर दौड़े और अपने स्तर पर पानी, मिट्टी व परिसर में उपलब्ध अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। हालांकि, तेज धूप और गर्मी के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि पुलिसकर्मियों के शुरूआती प्रयास नाकाफी साबित हुए।

संक्षेप

## अज्ञात कारणों से आग लगने से गृहस्थी खाक

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक में अज्ञात कारणों से लगी आग से एक घर की अनाज, कपड़े, छप्पर, नकदी एवं अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह निजी संसाधनों की बदौलत आग पर काबू पाया। आग बुझाने में वृद्ध झुलस गए। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ओसिया मजरा भटनिया निवासी विनोद पुत्र मुन्ना के घर में अज्ञात कारणों से लगी आग से घर में रखा अनाज, कपड़े, तीन छप्पर, नकदी एवं अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह निजी संसाधनों की बदौलत आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाते तब तक लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हो गया। ग्रामीणों ने राजस्व कर्मी को सूचना दी है। आग बुझाते समय मुन्ना पुत्र कल्लू मामूली रूप से झुलस गए।

## रोजगार मेले का हुआ आयोजन

गोरखपुर। लीलावती सिंह स्मारक इण्टर मीडिएट कालेज परिसर में रविवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में टाटा ग्रुप से जुड़ी कम्पनी द्वारा इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए फीटर, इलेक्ट्रिक सहित विभिन्न तकनीकी विभागों हेतु चयन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। रोजगार मेले में करीब 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और योग्यता का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को आगे बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई। मुख्य रूप से शिवानन्द सिंह, अमित जायसवाल, पवन, संजय यादव एवं अजीत यादव सहित अनेक छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेले से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे तथा उनमें आत्मनिर्भर बनने की भावना मजबूत होगी।

## युवक का फंदे से लटका मिला शव

इटावा। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जरहोली गांव में रविवार सुबह पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी से कहासुनी के बाद युवक कमरे में चला गया और छत के कुंडे से रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। जरहोली गांव निवासी रवि पुत्र भरत सिंह की रविवार सुबह किसी बात को लेकर पत्नी सरिता से कहासुनी हो गई थी। विवाद के बाद रवि गुस्से में कमरे के अंदर चला गया काफी देर तक बाहर नहीं आने पर पत्नी कमरे की ओर गई तो वह छत के कुंडे में रस्सी के सहारे लटका मिला यह दृश्य देखकर पत्नी चीख पड़ी।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दुन्नी खातून पत्नी स्व० हबीबुल्ला के द्वारा महबूब आलम पुत्र स्व० हबीबुल्ला के पक्ष में वसीयत लिखवाकर पंजीकृत करवाई गयी थी जो कि दिनांक 26.03.2021 बही सं० 3 जिल्द सं० 119 प्रष्ठ 61 से 70 क्रमांक 109 उपनिबन्धक सिधौली उक्त वसीयत से प्राप्त मकान नगरपालिका नं0 367 जिसका रकबा 648 वर्ग फिट जिसकी चौहददी पूरब रास्ता बाद मकान राम प्रसाद नट पश्चिम सहन महबूब आलम बाद मकान प्रसाद जायसवाल उत्तर रास्ता दक्षिण मकान रईस अहमद इस सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी महबूब आलम पुत्र स्व हबीबुल्लाह है तथा उपरोक्त मकान पी०एन०बी० हाउसिंग फाइनेन्स लि० स्थिति शाखा सिटी सेन्टर सीतापुर के द्वारा बंधक किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त मकान बंधक किये जाने पर कोई आपत्ति या ऐतराज हो तो लिखित में दस्तावेजो के साथ 7 दिन के अन्दर सम्पर्क करें। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी। आपत्ति हेतु संपर्क करें शिवगोपाल दीक्षित एडवोकेट, मो० रोटीगोदाम सीतापुर मो0नं0 9451258373

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पॉलिसी संख्या-218047265 में मेरा नाम मनीष कुमार पुत्र ननके दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम शिवम पुत्र महंगू दर्ज है। दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। मैं और मेरे पिता दोनों सभी में जाने व पहचाने जाते हैं। **मनीष कुमार पुत्र ननके नि.- ग्राम लहरौरा, पो. पयागपुर, चिलबरिया, जनपद श्रावस्ती, बहराइच।**


# एमजीयूजी में नर्सिंग पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न

## दो पालियों में शामिल हुए 90 प्रतिशत परीक्षार्थी



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु रविवार को दो पालियों में नर्सिंग पाठ्यक्रमों (बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग तथा एमएससी नर्सिंग) की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। दोनों पालियों को मिलाकर 4238 अभ्यर्थी (90 प्रतिशत) इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा व्यवस्था को शुचितापूर्ण, पारदर्शी, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए संपूर्ण तैयारी की थी। प्रवेश परीक्षा केंद्रों (नर्सिंग संकाय भवन व आयुर्वेद संकाय भवन) पर सख्त समय पालन के साथ परीक्षार्थियों के पहचान सत्यापन किया गया। परीक्षा केंद्रों में अनुशासित व्यवहार और सुचारु संचालन हेतु पर्याप्त कर्मचारी तैनात किए गए थे। प्रवेश परीक्षा के दिन छात्रों तथा उनके अभिभावकों की सुविधा हेतु विश्वविद्यालय के मंदिर परिसर तथा अस्पताल परिसर के विभिन्न स्थानों में बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। अभिभावकों के लिये गुड़ एवं शीतल जल की विशेष व्यवस्था कर उन्हें सहज और आरामदायक वातावरण प्रदान किया गया। प्रवेश परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस उद्देश्य से मार्गदर्शन कक्ष और सूचना केंद्र भी संचालित किए गए। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में अभ्यर्थियों के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और निशुल्क स्वास्थ्य जांच, सामान्य परामर्श तथा प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। एमजीयूजी प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी अभिभावकों, अभ्यर्थियों, संयोजक मंडल तथा कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उप कुलसचिव श्रीकांत ने बताया कि परीक्षाफल निर्धारित समय सारिणी के अनुसार समय पर घोषित किया जाएगा और आवश्यक सूचना विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी तथा सहायता के लिए अभ्यर्थी और अभिभावक विश्वविद्यालय में प्रवेश कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या महायोगी गोरखनाथ यूनिवर्सिटी गोरखपुर की आधिकारिक वेबसाइट देखें।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दूसरा इस्लामिक समर कोर्स शुरू



इटावा। मस्जिद डॉ. बन्ने मियां, चैकी शमशेरी में आयोजित हुआ बच्चों के सवार्गीड़ विकास के लिए दूसरा इस्लामिक समर कोर्स आयोजकों के अनुसार इस कोर्स की शुरूआत 185 बच्चों के साथ बड़े ही खुशनुमा माहौल में हुई। यह दूसरा समर केम्प का आयोजन डॉ. मोहम्मद एनुन नईम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी इटावा की तरफ से शुरू कराया गया। डॉ. बन्ने मियाँ वाली मस्जिद के इमाम हाफिज फुरकान रजा ने जानकारी देते हुए कहा कि इस दूसरे समर केम्प कराने का मुख्य उद्देश्य बच्चों की दीनी, नैतिक, सामाजिक और व्यक्तित्व निर्माण से जुड़ी तरबियत करना है, ताकि आने वाली नस्ल को बेहतर इंसानी और इस्लामी मूल्यों के साथ तैयार किया जा सके। समर कोर्स में बच्चों को कुरआन शरीफ की बुनियादी बातें, छोटी सूरतें एवं दुआएं याद कराई जाएंगी। साथ ही नमाज, वुजू, अजान और इस्लामी आदाब का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त नबियों, सहाबा और बुजुर्गों की सीरत, अच्छे अखलाक, रोजमर्रा की सुन्नतें तथा दीन पर अमल की अहमियत से बच्चों को अवगत कराया जाएगा।

मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम मुअज्जम ने बताया कि शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों जैसे इस्लामिया इंटर कॉलेज, इस्लामिया प्राइमरी सेक्शन, अंजुमन हिदायतुल इस्लाम, सेंट मेरी स्कूल, ज्ञानस्थली, अर्चना मेमोरियल स्कूल, इकबाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल एवं अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी दर्ज कराई है। बच्चों को प्रशिक्षण मौलाना फुरकान रजा और हाफिज तौफीक चिस्ती ने दिया। कार्यक्रम का इंतजाम फैसल अकबरी चिश्ती खान, इनामुल्लाह बब्लू, अनीस सिद्दीकी, शाहिद खान, जोऐव, मुशीर खान, कलीम, शकील बाबू, राशिद अत्तारी, हाजी असलम, मुस्तकीम बाबा, फैसल खां, नौमान आलाम, नईम मास्टर, व तमाम इंतिजामिया लोग मौजूद रहे।

# तमंचा कारतूस सहित मुठभेड़ में गिरफ्तार



इटावा। पुलिस ने एक अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार।

कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोर, खोखा व जिंदा कारतूस 315 बोर तथा घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद। अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निदेशों 17 मई को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति इटगांव मे फायरिंग करते हुये मोटरसाइकिल से इटावा की तरफ आ रहा है। थानाध्यक्ष फ्रेंड्स कॉलोनी अमित मिश्रा ने बताया कि सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा डीएफसी रेलवे लाइन के पास संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जाने लगी। कुछ समय बाद एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति इटगाँव की तरफ से आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्ति इटगाँव से इटावा की तरफ आने वाले मार्ग पर बने डीएफसी पुल के बायी ओर कच्चे रास्ते पर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये अभियुक्त का पीछा किया गया तो अभियुक्त ने स्वयं को पुलिस टीम से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में अभियुक्त रोहित उर्फ लुक्का पुत्र अभिलाख के दाहिने पैर में गोली लगी जिसे घायल हो गया। घायल अभियुक्त रोहित उर्फ लुक्का को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



इटावा। मात्र 4 घंटों के अन्दर नाबालिग बालिका से दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले आरोपी को पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ मे किया गिरफ्तार। कब्जे से सरकारी पिस्टल, 2 खोखा कारतूस तथा घटना से संबंधित महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य, वस्त्र बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर आयुषी सिंह के नेतृत्व में थाना बढ़पुरा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र मिश्रा थाना बढ़पुरा ने बताया कि 16 मई को थाना बढ़पुरा पर सूचना प्राप्त हुयी कि वादिनी की 7 वर्षीय पुत्री को नितिन पुत्र प्रहलाद द्वारा बहला फुसला कर स्कूल के पास ले जाकर वादिनी की पुत्री के साथ गलत कार्य किया गया। सूचना पर तत्काल थाना बढ़पुरा पर मामला दर्ज किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना बढ़पुरा पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत उदी चैराहे पर भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त ग्राम पूठन मोड पर कही जाने की फिराक में खड़ा हैं। पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर अभियुक्त नितिन पुत्र प्रहलाद को ग्राम पूठन मोड के पास पकड लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया तथा घटना से संबंधित साक्ष्यों को छिपाने के उद्देश्य से उन्हें नारायण एक्सीलेंट स्कूल, ग्राम सभा कामेत नहर क्षेत्र के पास छिपाकर रखने की जानकारी दी गई। पुलिस ने नितिन पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम नगला अजीत थाना बढ़पुरा को गिरफ्तार किया।

# शुभम स्पोर्टिंग बना चैंपियन



गीडा, गोरखपुर। कुचडेहरी क्रिकेट लीग सीजन 4 का भव्य और रोमांचक समापन रविवार को हो गया। इस टूनामेंट का खिताबी महामुकाबला खलीलाबाद रंगबाज और शुभम स्पोर्टिंग के बीच खेला गया जिसमें शुभम स्पोर्टिंग ने अपनी शानदार और विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। उपविजेता रही खलीलाबाद रंगबाज की टीम ने भी मैदान पर कड़ा संघर्ष किया लेकिन शुभम स्पोर्टिंग के बल्लेबाजों के बेहतरीन और आक्रामक प्रदर्शन के आगे उनकी एक न चली। इस ऐतिहासिक फाइनल मैच का रोमांच देखने के लिए मैदान पर खेल प्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा, जहां 3 हजार से अधिक दर्शकों ने मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस महामुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी श्री शिवांग शुक्ला उर्फ मयंक जी और पी.जी. ग्लोबल एकेडमी के प्रबंधक पद्मनाभम राज उर्फ माधव जी उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह जी के बेहद करीबी शशांक शाही जी ने शिरकत की। अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही, सफल आयोजन से प्रभावित होकर खेल आयोजन कमेटी को 51 हजार रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रियांश, आर्यन, अर्पित शुक्ला, उत्कर्ष सिंह श्रीनेत, दिव्यांशु, प्रतीक सिंह और अंश मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय ने किया सम्मानित



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के लीलावती सिंह स्मारक इण्टर मीडिएट कालेज भैंसहा में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की उपस्थिति से उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सुधाकर तिवारी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर सफलता का नया इतिहास रच रहे हैं। ऐसे विद्यार्थियों की उपलब्धियां समाज के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का कार्य करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज को नई दिशा देने का सशक्त आधार है। यदि विद्यार्थी लगन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक राधामोहन सिंह ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार सदैव बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करने का उद्देश्य अन्य छात्रों को भी शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। आज के विद्यार्थी ही कल के डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक और देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा एवं संस्कारों पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

हाईस्कूल में नितिन, आदिति गुप्ता एवं स्नेहा पाल तथा इण्टरमीडिएट में गरिमा प्रजापति, विनीत निषाद एवं अंशु सिंह का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार, शिक्षक संजीव कुमार श्रीवास्तव, मोनू गुप्ता, दीनानाथ, रामसिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# हाईवे पर दो हादसे, किशोरी समेत चार घायल

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक किशोरी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां दो की हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया गया। पहला हादसा इटावा जिले की सीमा पर स्थित जोनई चैकी के पास हुआ। यहां तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में धौलपुर खेड़ा गांव निवासी 30 वर्षीय नीरज पुत्र वेदारी लाल और 45 वर्षीय मुनेश पुत्र बालिस्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एनएचएआई एंबुलेंस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव कुरसेना के पास हुई। फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज थाना क्षेत्र के गांव ऊमरी निवासी 25 वर्षीय बॉबी पुत्र अजीत सिंह अपनी 13 वर्षीय भांजी राधा पुत्री कमल सिंह को थाना चैबिया क्षेत्र के गांव संतोषपुरा पुंजा छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उपचार होने के दौरान परिजन पहुँचे जो घायलों को अपने साथ रैफर करा कर ले गए।

# रेलवे ट्रैक पर महिला का शव मिला

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिसहाट के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मृतका की पहचान कराने के प्रयास में जुटी हुई है।

रविवार सुबह रेलवे स्टेशन जसवंतनगर के प्वाइंटमैन अंकुश राजपूत को सूचना मिली कि ग्राम सिसहाट के सामने किलोमीटर से मध्य अप एवं डाउन रेलवे ट्रैक के बीच एक महिला का शव पड़ा हुआ है। बताया गया कि 15734 फरक्का एक्सप्रेस के चालक ने कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी थी, जिसके बाद रेलवे कर्मचारियों द्वारा स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक मनीष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ कांस्टेबल अंकित कुमार एवं महिला कांस्टेबल अनीता राजपूत भी मौजूद रहीं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की और शव का पंचायतनामा भरवाया। इसके बाद शव को सील-मोहर कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस इटावा भेज दिया गया। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। महिला की शिनाख्त कराने के लिए पुलिस द्वारा पंपलेट तैयार कर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है, ताकि परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का गठन, रणजीत बने अध्यक्ष



उन्नाव। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की जिला कार्यकारिणी गठन कर मनोनयन पत्र वितरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा के नेतृत्व में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का गठन किया गया। जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में जिला कार्य कारिणी के पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया गया। जिसमें जिला महामंत्री संदीप कुशवाहा एवं जिला कोषाध्यक्ष डा.आर. एन. कुशवाहा ने पद भार ग्रहण किया। कार्यक्रम में नव नियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान किए गए तथा सभी ने शपथपूर्वक अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। नव नियुक्त पदाधिकारियों में प्रदेश संगठन मंत्री महादेव कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष राम गोपल कुशवाहा, ओम कुशवाहा, अखिलेश कुशवाहा, अंकित मौर्य, सुधीर कुशवाहा एवं नीरज कुशवाह शामिल रहे। इस दौरान जिला संगठन मंत्री किरण शंकर, सपा विधानसभा अध्यक्ष सफीपुर अभिषेक कुशवाहा, नगर अध्यक्ष अगम देव कुशवाहा, जिला मंत्री अनिल कुशवाहा, कमलेश कुशवाह, प्रेम शंकर, राजीव कुशवाहा, जिला अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ उमेश कुमार मौर्य एवं विधिक प्रकोष्ठ नीरज कुशवाहा, व्यापार प्रकोष्ठ अरविन्द मौर्य सहित सभी पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती एवं समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# पत्रकार एकादश 27 रन से हारा



सफीपुर, उन्नाव। दरौली क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए टी 20 क्रिकेट मैच में मैन आफ द मैच सौरभ बाजपेई के नाबाद अर्ध शतक की बदौलत पत्रकार एकादश को 27 रनों से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। पत्रकार एकादश द्वारा मोहम्मद जावेद ने चार विकेट लेकर बेस्ट बॉलर का खिताब पाया। पत्रकार व नेता एकादश के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जहां पत्रकार एकादश के कप्तान विकास सिंह ठाकुर नेता टॉस जीत का पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, सफीपुर कोतवाल सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। उत्तम निषाद के नेतृत्व वाली नेता एकादश टीम में निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 164 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया, जिसमें सर्वाधिक रन सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने छः चैकों एवं चार छक्कों की सहायता से 55 नाबाद रन बनाएं वही वरिष्ठ खिलाड़ी अर्शी रजा ने दो चैको की सहायता से 9 रन, विक्रम सिंह ठाकुर ने एक चैके की सहायता से 6 रन, राजू विमल ने एक चैका व एक छक्के की मदद से 11 रन, हैदर रजा ने दो छक्के एवं चार चैकों की सहायता से 32 रन, एनुअल हसन ने एक छक्का 2 चैकों की सहायता से 18 रन बनाए। वहीं अतिरिक्त 35 रनों का योगदान रहा। पत्रकार एकादश के मोहम्मद जावेद ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए जवाब में उतरी पत्रकार एकादश की शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही, जहां रजनीश आर्य 0 रन पर बोल्ड आउट हो गए। वही लल्ला ने 3 छक्के चार चैके की सहायता से 37 रनों का योगदान दिया। अहमद ने एक छक्के की सहायता से कुल 15 रन बनाए कुलदीप ने दो छक्के व दो चैकों की सहायता से 29 रनों की शानदार पारी खेली। जहां पत्रकारों की टीम निर्धारित 15 ओवर में 5 विकेट गवाकर कुल 137 रन ही बना सकी। जिससे उसे 27 रनों से हार का सामना करना पड़ा नेता एकादश के हैदर रजा ने दो विकेट प्राप्त किए।

# व्यापरियों को उनका हक दिलाने से कभी पीछे नहीं हटेंगे: लोकेश अग्रवाल



इटावा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा कि हम अपनी अंतिम सांस तक व्यापारियों की सेवा करते रहेंगे जहां भी व्यापारियों की समस्याएं आएंगी हम आन्दोलन करके व्यापरियो को उनका हक दिलाने से कभी पीछे नहीं हटेंगे। श्री अग्रवाल यहां बीकानेर रेस्टोरेंट में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में व्यापारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इटावा में व्यापार मण्डल का कार्य बहुत सराहनीय है लेकिन संगठन को सिस्टम से चलाने की आवश्यकता है। जो कार्य सिस्टम से होते हैं उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ईंधन को लेकर बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगा। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों के लैटर पेड, आई कार्ड, सदस्यता रजिस्टर और विजिटिंग कार्ड चेक किये और निर्देश दिए कि सभी पदाधिकारियों के पास आई कार्ड, लैटर पैड और विजिटिंग कार्ड का होना आवश्यक है। जो लोग संगठन के सदस्य बनाये जाएं उनकी सदस्यता रसीद काटी जाये और उनके आई कार्ड बनाये जाएं। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि हमारी टीम व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहती है जहां भी समस्या आती है उसका समाधान कराया जाता है।

# डाकिया को कर सकेंगे ऑनलाइन भुगतान



उन्नाव (वीओएल)। समय के साथ परिवर्तन विश्व का शाश्वत नियम है। इसी को देखते हुए डाक विभाग द्वारा डाकघर की कार्यप्रणाली में अमूलचूल परिवर्तन करते हुए डाकघरों को स्मार्ट बनाया जा रहा है। ए०पी०टी० 2.0 (उन्नत डाक प्रोद्यौगिकी) एवं काउंटर पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा के बाद अब कैश ऑन डिलीवरी (सीओडी) का भुगतान भी यूपीआई/ऑनलाइन कर सकेंगे एवं डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा का प्रीमियम भी ऑनलाइन भर सकेंगे। इस सुविधा के अन्तर्गत डाकघर/डाकिया के माध्यम से ऑनलाइन मगाई गई सामान के बदले कैश देने के झंझट से छुटकारा मिल गया है़्य कैश ऑन डिलीवरी (सीओडी) के माध्यम से मंगवाई गयी सामान के मूल्य का भुगतान यूपीआई क्यूआर के द्वारा कर सकते हैं। इस हेतु भारतीय डाक विभाग द्वारा पोस्टमैन के डीएसएस एप में जरुरी परिवर्तन कर दिए गए हैं जिसमे डाकिया आपके वितरण क्षेत्र/घर पर जब सीओडी डाक/पार्सल लेकर आएगा तब आप डाकिया के मोबाइल पर मौजूद डीएसएस एप में प्रदर्शित क्यूआर में यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। इस सुविधा के साथ ही डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा (पीएलआई) के प्रीमियम भुगतान हेतु काउंटर पर जाकर लाइन लगाने के झंझट से भी छुटकारा मिल गया है। अब डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा का भुगतान किसी भी यूपीआई/भीम एप के माध्यम से किया जा सकता है़्य ग्राहक एप के माध्यम से डाक की समस्त सेवाओं का प्रयोग कर सकेंगे़्य ये सुविधा कानपुर (मु०) मंडल के उन्नाव जनपद एवं कानपुर देहात जनपद से सम्बंधित समस्त शहरी एवं ग्रामीण डाकघरों में पिछले कुछ समय से लागू हो गयी है।

# रामलीला का भव्य आयोजन हुआ



पाटन उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के पुरवा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिजनी सोहरामऊ के मोहकमगंज में भव्य रामलीला का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने भगवान राम लक्ष्मण की आरती करके कार्यक्रम की शुरूआत की। आयोजन समिति ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का भव्य स्वागत करते हुए माला अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मान किया, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि रामायण से हमें प्रेम समर्पण आपसी एकता को एकजुट करने की सीख मिलती है। रामायण में राजा जनक, भरत, लक्ष्मण से हमें समाज में प्रेम समर्पण त्याग की शिक्षा मिलती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से . राजीव सिंह, कुलभूषण, अन्नू पटेल, प्रधान शुक्ल, इकबाल सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरायी कार

पसगवां खीरी।थाना उचौलिया क्षेत्र के बाबा ढाबा के पास रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर अचानक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार डिवाइडर से टकराने के बाद उल्टा होकर रोड पर पलट गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची उचौलिया पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकलवाया उसके बाद सड़क पर पलटी कार को सीधा करवाकर ट्रैक्टर की मदद से रोड के किनारे करवाया।घटना स्थल पर मौजूद लोगो ने बताया कि कार यूपी 25 डी के 2815।अधिक तेज गति में आ रही थी जिसके चालक को सुबह सुबह अचानक नींद आ जाने से यह हादसा हो गया। बही जिस वक्त दुर्घटनाग्रस्त कार को ट्रैक्टर की मदद से रोड के किनारे किया जा रहा था उस वक्त पुलिस द्वारा आवागमन को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था फिर भी रोडवेज बस संख्या यूपी 78 जीटी 8638 के तानाशाह चालक ने अपनी तानाशाही के चलते तेज गति में बस को घटना स्थल से निकाल दिया जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था।

## दवा लेने निकले भाई-बहन लापता

सीतापुर। महोली क्षेत्र के बम्होरा इलाके से एक भाई-बहन के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे इलाके में चिंता और बेचैनी का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, हाजीपुर निवासी युसुफ अली की 21 वर्षीय पुत्री खुशबू और 11 वर्षीय पुत्र तौहीद दवा लेने के लिए घर से निकले थे। परिवार को उम्मीद थी कि दोनों कुछ ही देर में वापस लौट आएंगे, लेकिन देर रात तक जब भाई-बहन घर नहीं पहुंचे तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिवार ने पहले अपने स्तर पर आसपास के गांवों, बाजारों और रिश्तेदारों के यहां तलाश शुरू की। परिचितों और करीबी लोगों से संपर्क किया गया, लेकिन दोनों का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। हर गुजरते घंटे के साथ परिवार की बेचैनी और बढ़ती जा रही है। मां की सूनी आंखें दरवाजे पर टिकी हैं तो पिता युसूफ अली लगातार बच्चों की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। गांव के लोग भी परिवार को ढांढस बंधाने के साथ बच्चों की खोज में मदद कर रहे हैं। भाई-बहन के अचानक लापता होने से इलाके में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। परिजनों ने प्रशासन और पुलिस से बच्चों को जल्द से जल्द सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है।

## वीरेश शुक्ला बीआरपी संघ के जिलाध्यक्ष बने

सीतापुर। ब्लॉक रिसोर्स पर्सन संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को महावीर पार्क में आयोजित की गई। बैठक में संघ की जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से पिसावां ब्लॉक के नेरी गांव निवासी वीरेश शुक्ला को जिला अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही रामस्वरूप आजाद को उपाध्यक्ष, जगजीवन राम आदिम को महामंत्री, सीएल वर्मा को संगठन मंत्री, सुशील शर्मा को मंत्री, आलोक शुक्ला को कोषाध्यक्ष तथा राजकुमार को संरक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों ने फूलमाला पहनाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बैठक में संघ के सदस्यों ने अपने अधिकारों और समस्याओं को लेकर एकजुट होकर संघर्ष करने पर बल दिया।

# एक ही रात में चार घरों में चोरी, लाखों के जेवर-नकदी पार



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनपद के रामपुर कला थाना क्षेत्र के लौंना मजरे किढ़ी पुरवा गांव में शनिवार रात चोरों ने ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देकर पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। अज्ञात चोरों ने एक ही रात में चार घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात, नगदी और कपड़े पार कर दिए।

सुबह घटना की जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने शबीरन पत्नी मुहेद के घर में घुसकर सोने का हार, तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी झाला और गले का लॉकेट चोरी कर लिया। वहीं तारा खातून पत्नी मोहम्मद रज्जा हुसैन के घर से दो जोड़ी पायल, मांग टीका, हाथ फूल, गले का लॉकेट, कान की झुमकी समेत 20 हजार रुपये नगद उड़ा ले गए। इसके अलावा लुकमान अली पुत्र सलीम के घर से दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी टॉप, 9 हजार रुपये नगद और तीन सूट कपड़े चोरी कर लिए गए। वहीं सलीम पुत्र कल्लू के घर से भी पायल, अंगूठी और कपड़े चोरी होने की बात सामने आई है। सुबह जब परिवारों की आंख खुली तो घरों का सामान बिखरा पड़ा था। लगातार चार घरों में चोरी की खबर फैलते ही गांव में भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन रात गश्त केवल कागजों तक सीमित है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द खुलासा नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। मामले में पुलिसकर्मी लल्ला गोस्वामी ने बताया कि सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे थे और जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## देहात पुलिस ने आरोपी को दबोचा, जेवर बरामद

सीतापुर। कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी और नकबजनी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए जेवर भी बरामद किए गए हैं। यह घटना 17 अप्रैल 2026 को रामकृष्णपुरी कॉलोनी स्थित एक बंद घर में हुई थी।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. कैफ पुत्र असगर अली निवासी भीरा गांव, थाना सिधौली के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे आनंद नगर क्रॉसिंग से रेलवे स्टेशन की ओर लगभग 100 मीटर आगे से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से एक जोड़ी झुमके, पीली धातु की एक जोड़ी बाली तथा सफेद धातु की एक पायल बरामद की गई है, जो चोरी की घटना से संबंधित बताई जा रही है। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि आरोपी मो. कैफ ने 17 अप्रैल को थाना क्षेत्र की रामकृष्णपुरी कॉलोनी में एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में थाना कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी के खिलाफ धारा बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक गीता सिंह सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

## किशोरी पर हमले के बाद ग्रामीणों में दहशत बरकरार

लखीमपुर खीरी। वन रेंज गोला के क्षेत्र तनसुख पुरवा गांव में किशोरी पर तेंदुए के हमले के बाद वन विभाग ने निगरानी और तलाश अभियान तेज कर दिया है। गांव और आसपास के इलाके में तेंदुए की मौजूदगी की आशंका को देखते हुए चार ट्रैप कैमरे और एक पिंजरा लगाया गया है। वहीं वन विभाग की टीम लगातार काबिंग कर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दे रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह गांव निवासी देतराम की 15 वर्षीय पुत्री ज्योति खेतों की ओर शौच को गई थी। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया। किशोरी की चीख सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद तेंदुआ जंगल की तरफ भाग निकला। हमले में घायल किशोरी का उपचार जारी है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए की दहशत के चलते लोग सुबह और शाम खेतों की ओर जाने से बच रहे हैं। महिलाएं और बच्चे खासतौर पर भयभीत हैं। वन विभाग ने तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए संभावित रास्तों और खेतों के किनारे कैमरे लगाए हैं। साथ ही पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की तैयारी की गई है। विभागीय टीम लगातार इलाके में गश्त कर रही है और ग्रामीणों को समूह में बाहर निकलने की सलाह दी जा रही है। गोला रेंजर संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि तेंदुए की तलाश के लिए टीम लगातार निगरानी कर रही है। कैमरों की मदद से उसकी मूवमेंट ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही शनिवार को पिंजरा भी लगाया गया है। ग्रामीणों से सतर्क रहने और अकेले खेतों की ओर न जाने की अपील की गई है।

## सफाई मित्रों ने अभियान चलाकर मां गोमती की सफाई कर संदेश दिया

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में गोमती सफाई मित्रों द्वारा अभियान को धार देते हुए रविवार को सफाई अभियान शुरू किया जिससे गोमती नदी की अविरल धारा बिना रुकावट के प्रवाहित होती रहे। जब सरकारी तंत्र उदासीन हो जाते है तब सामाजिक कार्यकर्ता आगे चढ़कर हिस्सा लेकर अभियान को सफल बनाते हैं।आयोजित अभियान सफाई मित्र अश्वनी राजपूत,योगेश त्रिवेदी, गौरव गुप्ता अश्वनी सिंह राजपूत,विजय कटियार,धर्म सिंह उर्फ पिंकू,गोपाल तिवारी,ओम बाजपई,अमन शुक्ला शिबू,शैलेंद्र शर्मा,मंजेश शर्मा,राजकरन सिंह,अमित कुशवाहा,सहवाज सिद्दीकी,जसवंत सिंह,सोहित सिंह,शांतनु तिवारी,अन्नू भईया,ओम बाजपेई समेत पूरी टीम ने संयुक्त रूप से घाटों का सफाई अभियान शुरू कर नदी में प्रवाहित होने वाला कचरा और पूजा सामग्री को बाहर निकाल कर नदी की अविरल धारा को रोकने वाले अवरोध को समाप्त किया है। सभी सफाई दूतों ने श्रद्धालुओं से कचरा नदी में प्रवाहित न करने की अपील की है।

## पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त वाहन को सीज किया



धौरहरा खीरी। जिला प्रशासन के निर्देश पर सक्रिय कोतवाली पुलिस ने बीती रात अवैध मिट्टी खनन में लिप्त वाहन को कोतवाली परिसर में खड़ा किया गया। क्षेत्र में अवैध मिट्टी/बालू खनन माफियाओं का गिरोह काफी समय से सक्रिय है। जानकारी के मुताबिक अवैध मिट्टी व बालू खनन करने की शिकायतो को ध्यान में रखते हुए क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह की नसीहत के बाद उप निरीक्षक राम गौरव द्वारा सर्वेश निवासी चमारन लहबडी को मय महिन्द्रा टैक्टर को अवैध रूप से मिट्टी खनन में लिप्त होने से कोतवाली लाया गया।इस मामले में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सोनकर ने बताया कि अवैध रूप से मिट्टी खनन में लिप्त वाहन सीज कर दिया गया।

## रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में हुआ मेधावियों का सम्मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में रविवार को युवा संकल्प बौद्धिक सम्मेलन एवं युवा प्रेरणा मेधा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं समेत विभिन्न क्षेत्रों में चयनित पूर्व मेधावियों और गोल्ड मेडलिस्ट युवाओं को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।




कार्यक्रम के मुख्य संयोजक संदीप वर्मा रहे। मुख्य वक्ता डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने शिक्षकों और स्नातक वर्ग से युवाओं के रोजगार, शिक्षा और शिक्षक सम्मान के मुद्दों पर जागरूक भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक और स्नातक समाज की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि उत्कर्ष वर्मा मधुर ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर यहां के युवा देशभर में पहचान बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षा का उपयोग समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को आगे बढ़ाने में करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि कान्ति सिंह ने छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए अभिभावकों से बेटियों की उच्च शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉपर्स को शॉल, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग, रेलवे, बैंकिंग, रक्षा सेवाओं, शिक्षा और मर्चेंट नेवी समेत विभिन्न क्षेत्रों में चयनित पूर्व छात्र-छात्राओं को भी मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक, छात्र-छात्राएं और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## 35 साल से मालखाने में कैद ठाकुर जी की मूर्ति मुक्ति के लिए निकली दंडवत संकल्प यात्रा

सीतापुर। ऐलिया ब्लॉक स्थित ग्राम केशवपुर में प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर की अष्टधातु मूर्ति को मालखाने से मुक्त कराकर पुनः स्थापित करने और मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने दंडवत संकल्प यात्रा शुरू की। यात्रा की शुरुआत गांव के शिवाला मंदिर, ठाकुरद्वारा एवं अन्य देवस्थलों पर पूजा-अर्चना के साथ हुई। यह यात्रा केशवपुर से लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास, पांच कालिदास मार्ग तक जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, गांव निवासी गजराज कुंवर (बेवा गुलाब सिंह) ने वर्ष 1932 में ठाकुरद्वारा मंदिर की स्थापना कराई थी। वर्ष 1991 में मंदिर से भगवान राधा-कृष्ण की अष्टधातु मूर्ति चोरी हो गई थी। पुलिस ने वर्ष 1992 में मूर्ति बरामद कर ली, लेकिन तब से वह मालखाने में ही जमा है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 35 वर्षों से मूर्ति मालखाने में रखे होने के कारण मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना नहीं हो पा रही है। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने बीते गुरुवार को एसडीएम महोली को ज्ञापन सौंपकर मूर्ति को मंदिर में पुनः स्थापित कराने की मांग की थी। संकल्प यात्रा में प्रेमपाल सिंह दंडवत करते हुए यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके साथ अजीत सिंह, एडवोकेट अतुल सिंह, रिपुदमन सिंह, मानू सिंह, डॉ. पुष्प कुमार सिंह , राजा ऋषभ देव सिंह, रितेश सिंह और गौरव सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और श्रद्धालु भगवान के जयकारों के साथ शामिल हैं।



# शिक्षा के प्रहरी हैं अनुदेशकः राज्यमंत्री



लखीमपुर खीरी। शहर के रॉयल पैराडाइज में रविवार को बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम ने उत्सव का माहौल बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारागार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत में सीएम के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। सीएम के भाषण को सुनकर अनुदेशकों ने खूब तालियां बजाई। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन बीएसए प्रवीण तिवारी ने किया।

### सम्मानित हुए अनुदेशक, खातों में पहुंचा बढ़ा मानदेय

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में अनुदेशक रुचि वर्मा, शैलप्रिया, मंजू मिश्रा, कामता प्रसाद, परमजीत सिंह, रविंद्र सिंह राना, कन्हैयालाल राजवंशी, करन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, नीरज कुमार को बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षामित्रों को बढ़े हुए 17 हजार रुपये मानदेय के चेक भी प्रदान किए गए। साथ ही जिले के सभी 826 अनुदेशकों के खातों में बढ़ा हुआ मानदेय अंतरित कर दिया गया।

### 17 हजार मानदेय से मजबूत होगा परिवार व शिक्षा व्यवस्था : राज्यमंत्री

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि यह ऐतिहासिक पल है, जब सरकार अनुदेशकों और शिक्षामित्रों के बीच खुशियां लेकर पहुंची है। सरकार ने मानदेय बढ़ाकर उनके योगदान और सम्मान को नई पहचान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अनुदेशक ऐसा कार्य करें कि वे व्यवस्था की मजबूरी नहीं, बल्कि आवश्यकता बन जाएं। बच्चों को केवल शिक्षा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनमें संस्कार और नैतिक मूल्यों का बीजारोपण करना भी शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षा और संस्कार के समन्वय से ही मजबूत समाज और बेहतर राष्ट्र का निर्माण संभव है।

## दवा व्यापारियों का राष्ट्रव्यापी बंद 20 को

सीतापुर। केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन सीतापुर की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी बंद को सफल बनाने का आह्वान किया गया। संगठन पदाधिकारियों ने बिना नियंत्रण चल रही आनलाइन दवा बिक्री और बड़ी कंपनियों की मनमानी के खिलाफ कड़ा विरोध जताते हुए सरकार से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की।



संगठन के अध्यक्ष गोपाल टंडन ने कहा कि देशभर के लाखों दवा व्यापारी लंबे समय से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त जांच के दवाओं की बिक्री होने से मरीजों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। महामंत्री बसंत गोयल ने कहा कि एक ही चिकित्सकीय पर्चे का बार-बार उपयोग कर दवाएं बेची जा रही हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से फर्जी पर्चे तैयार कर एंटीबायोटिक और नशीली दवाओं की उपलब्धता बढ़ रही है, जिससे भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा हो सकता है। उपाध्यक्ष शैलेश महेंद्र ने कहा कि बड़ी कंपनियां भारी छूट देकर छोटे और मध्यम दवा व्यापारियों को बाजार से बाहर करने की कोशिश कर रही हैं। इसका सबसे अधिक असर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की दवा व्यवस्था पर पड़ सकता है। कोषाध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी ने कोविड काल में जारी अधिसूचना को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि अस्थायी व्यवस्था अब नियमों के दुरुपयोग का माध्यम बन चुकी है।

वहीं ललित भट्ट ने आनलाइन दवा बिक्री से जुड़ी अधिसूचना समाप्त कर सभी व्यापारियों के लिए समान अवसर नीति लागू करने की मांग उठाई। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 20 मई तक सरकार ने मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। संगठन ने जनपद के सभी दवा व्यापारियों से राष्ट्रव्यापी बंद में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की। इस दौरान गोपाल टंडन, शैलेश महेंद्र, बसंत गोयल, वीरेंद्र रस्तोगी, ललित भट्ट सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## कविता, ठहाके और सम्मान से सजी शाम

सीतापुर। शब्दों की सरिता, हास्य के ठहाके और भावनाओं की गूंज से रविवार को बिसवां का साहित्यिक माहौल पूरी तरह सराबोर नजर आया। राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वावधान में सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल में आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी देर तक कविता प्रेमियों को बांधे रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती पूजन से हुआ। वाणी वंदना के साथ जैसे ही काव्य यात्रा आगे बढ़ी, मंच पर श्रृंगार, भक्ति, राष्ट्रभक्ति और हास्य रस की रंग-बिरंगी छटा बिखरने लगी। गोष्ठी की अध्यक्षता लेखक व आर्यसमाज बिसवां के मंत्री अजीत आर्य ने की, जबकि संचालन जिलाध्यक्ष आनंद खत्री ने अपने खास अंदाज में किया। आयोजक महेश चंद्र मेहरोत्रा ने सभी रचनाकारों का स्वागत करते हुए कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। इस दौरान हास्य कवि हरिशंकर मौर्य खरकन को ह्लकाव्य मुक्ता सम्मानह्व से सम्मानित किए जाने पर सभागार तालियों से गूंज उठा। कवि घनश्याम शर्मा ने राष्ट्र चेतना से ओतप्रोत पंक्तियों से माहौल में ऊर्जा भर दी। शिवानंद दीक्षित प्रेमी ने प्रेम और संवेदनाओं से सजी प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावुक कर दिया। रामकुमार रसिक ने कान्हा विरह का मार्मिक चित्र खींचा तो अवधी कवि अरुण गंवार ने अपनी लोकभाषा की मिठास से समां बांध दिया। वहीं अरविंद त्रिपाठी ने पारिवारिक जीवन और दांपत्य संबंधों पर रचना सुनाई।




# वार्षिक सभा में विकास योजनाओं पर लगी मुहर




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक रविवार को आयोजित हुई, जिसमें समिति के वित्तीय लेखे-जोखे के साथ शिक्षा एवं विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा करते हुए करोड़ों रुपये के बजट को मंजूरी दी गई। बैठक में किसानों, समिति सदस्यों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, समिति के अध्यक्ष बीना सिंह डायरेक्टर आशीष सिंह, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक आशुतोष मधुकर, सचिव बलवंत चौधरी सहित समिति के सदस्य, किसान प्रतिनिधि और क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभा में प्रस्तुत आय-व्यय विवरण के अनुसार समिति की कुल आय 20 करोड़ 59 लाख 87 हजार 200 रुपये तथा कुल व्यय 19 करोड़ 29 लाख 45 हजार 500 रुपये दशार्या गया। वहीं समिति की कुल बचत 13 लाख 41 हजार 700 रुपये बताई गई। वित्तीय रिपोर्ट को सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के दौरान शिक्षा क्षेत्र के विस्तार को लेकर कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। बीएससी एग्रीकल्चर की मान्यता प्राप्त करने एवं इसके लिए भूमि खरीदने हेतु पांच करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया। इसके अलावा कॉमर्स संकाय की मान्यता और दो नए कमरों के निर्माण के लिए 90 लाख रुपये मंजूर किए गए। वहीं सीजीएन पीजी कॉलेज में पुट्टी, रंगाई-पुताई और मरम्मत कार्यों के लिए भी बजट पारित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और कृषि दोनों को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ-साथ युवाओं को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने समिति द्वारा शिक्षा विस्तार और संस्थागत विकास के लिए लिए गए निर्णयों की सराहना की।

बीना सिंह ने कहा कि समिति किसानों के हितों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आधुनिक शिक्षा और कृषि से जुड़ी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों और किसानों को सीधा लाभ मिल सके। बैठक में समिति की भविष्य की योजनाओं, विकास कार्यों एवं किसानों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सभा के अंत में उपस्थित सदस्यों ने प्रस्तावों का समर्थन करते हुए समिति की कार्यशैली पर संतोष जताया।

## रोडवेज बस से प्रशिक्षण वर्ग पहुंचे राज्यमंत्री

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। मोहम्मदी से भाजपा विधायक एवं पंचायती राज राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह रविवार सुबह निजी वाहन छोड़कर रोडवेज बस से गोला के लिए रवाना हुए। वह भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने जा रहे थे। राज्यमंत्री को आम यात्रियों के साथ बस में सफर करते देख लोगों में चर्चा रही। बताया गया कि सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील और सादगीपूर्ण जीवनशैली से प्रेरित होकर उन्होंने यह कदम उठाया। रेहरिया पुलिस चैकी स्थित गोला-मोहम्मदी हाईवे पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बस रुकने पर यात्रियों को फल और पानी वितरित किया। भाजपा जिला मंत्री राम भरोसे वर्मा ने प्रशिक्षण वर्ग में जा रहे कार्यकताओं और आम यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, कमलेश कुमार वर्मा, सुशील कुमार त्रिवेदी, मनोज गुप्ता, अवनीश कुमार गुप्ता, अनुज सिंह चौहान, बृजेश गुप्ता , भूरे सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की मजबूती व राष्ट्र निर्माण पर जोर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन कुंज बिहारी राठी सभागार में किया गया। कार्यक्रम में संगठन की विचारधारा, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और कार्यकताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई।




मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि भाजपा संगठन आधारित पार्टी है, जहां कार्यकर्ता विचार और अनुशासन के साथ काम करता है। उन्होंने कहा कि जनसंघ से शुरू हुई वैचारिक यात्रा आज देश की नीतियों में दिखाई दे रही है। राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 हटाने और एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को उन्होंने वैचारिक प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कोरोना काल में कई देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराना भारत की क्षमता का उदाहरण है। साथ ही मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर का भी उल्लेख किया। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हवाई अड्डों का तेजी से विस्तार हो रहा है और जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, विधायक अमन गिरि, मंजू त्यागी, शशांक वर्मा, सौरभ सिंह, लोकेंद्र प्रताप सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करने का माध्यम है। इससे पहले मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रोजगार मांगने वाला नहीं, देने वाला बने युवा : दिनेश शर्मा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। प्रशिक्षण वर्ग के समापन के बाद पत्रकारों से बातचीत में डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि भाजपा लगातार कार्यकताओं को वैचारिक रूप से प्रशिक्षित करने और संगठन को मजबूत बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाने का दावा किया।उन्होंने युवाओं से रोजगार लेने की बजाय रोजगार देने वाला बनने का आह्वान किया। कहा कि केंद्र सरकार स्टार्टअप, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। एक गेस्ट हाउस में आयोजित बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चेन बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल के भंडारण को लेकर भी योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। सार्वजनिक परिवहन के उपयोग पर उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक वाहन प्रयोग करने की अपील ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से की गई है। गरीबी को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में देश में गरीबी दर में कमी आई है और सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार योजनाएं चला रही है।

संक्षेप

## पोखरे की जाली में लगी आग बुझाने में गयी जान

**बलिया।** जिले स्थित एक गांव में पोखरे की जाली में लगी आग बुझाते समय एक व्यक्ति की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बांसडीह के पुलिस क्षेत्राधिकारी जयशंकर मिश्र ने बताया कि शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली कि गांव में पानी की टंकी के पास खेत में एक शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शिनाख्त की, जिसमें मृतक की पहचान बड़ागांव निवासी मुनीराम (55) के रूप में हुई।

उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि मुनीराम के खेत में घास जलाने के लिए दवा डालकर आग लगाई गई थी। आग फैलकर खेत के बगल में मछली पालन के पोखरे तक पहुंच गई, जहां लगी जालियों में भी आग लग गयी। बड़ागांव निवासी मुनीराम पानी लेकर आग बुझाने पहुंचे लेकिन इसी दौरान गिरकर वह भी आग की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलसने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बांसडीह की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

# विधायक अदिति सिंह ने सुनीं जनता की समस्याएं



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने लालूपुर चैहान स्थित अपने आवास पर आयोजित जन-सुनवाई में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जन-सुनवाई के दौरान क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, राशन और राजस्व से जुड़ी अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। अदिति सिंह ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता से सुनते हुए जन-आकांक्षाओं का सम्मान और विश्वास को सर्वोपरि बताया।

उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जनता का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और जनप्रतिनिधि होने के नाते इस विश्वास पर खरा उतरते हुए हर समस्या के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहना ही उनका संकल्प है। अदिति सिंह ने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए वह हमेशा उपलब्ध रहेंगी। जन-सुनवाई में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हजारों की नगदी और जेवरात चोरी

**नसीराबाद, रायबरेली।** बीती रात चोरों ने एक किसान के घर चोरी की घटना को अंजाम देते हुये 68 हजार की नगदी सहित लाखों रुपए के जेवरात पार कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित किसान के घर में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस पहुची और जाँच हड़ताल की। प्राप्त जानकारी के अनुसार नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे पंचम सिंह मजरे कुंवरमऊ निवासी शिवम सिंह पुत्र विनय सिंह ने बताया कि मम्मी पापा निमंत्रण में रायबरेली में थे। हम लोग बरामदे में सो रहे थे। जिसका चोर फायदा उठाकर घर में घुसे और बक्से व पेटी का ताला तोड़कर सोने चांदी जेवरात को उठा ले गये। जिसमें 68 हजार की नगदी, चांदी की पलेट, चांदी की पायल, सोने की अंगूठी, चोरों ने पार कर दिया। वहीं पीड़ित ने बताया कि तकरीबन दो लाख का रुपए के जेवरात चोरी हुआ है। इस संबंध मे थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। पुलिस जांच कर रही है।

## अंबेडकर नगर समेत कई मुहल्ले के लोग एफसीआइ के कीड़ों से परेशान

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** रायबरेली-प्रयागराज हाईवे किनारे स्थित एफसीआइ के गोदाम से सटे व आसपास के मुहल्लों में कीड़ों की समस्या बनी हुई है। यहां के लोगों का घरों की खिड़की हो या फिर कमरे का दरवाजा खोलना मुश्किल हो गया है। दीवार से लेकर फर्श तक कीड़े रेंगते नजर आते हैं। इन मुहल्लों के कई किराएदार आवास छोड़कर चले गए। हालांकि, मकान मालिक रहने को मजबूर हैं। मुहल्ले के लोगों का आरोप है कि एफसीआइ में सही से कीटनाशक का छिड़काव न होने से समस्या और बढ़ती जा रही है। इससे लोगों में काफी आक्रोश है। शक्ति नगर, अंबेडकर नगर, सत्य नगर, सोनिया नगर, सर्वोदय नगर समेत कई मुहल्ले जो एफसीआइ गोदाम के आसपास हैं। यहां के लोग एफसीआइ से आने वाले कीड़ों से काफी परेशान हैं। सभासद सविस्ता ब्रजेश, राहुल सिंह, अभिनव सिंह, आशुतोष मिश्रा और पूर्व सभासद गणेश कुमार, काजू श्रीवास्तव ने बताया कि एफसीआइ के गोदामों से घुन व छोटे कीड़े मुहल्लों तक पहुंच गए हैं। मुहल्ले कोई घर बचा नहीं, जहां लोग इस समस्या से परेशान न हो। दरवाजा या खिड़की खोलते ही झुंड का झुंड प्रवेश कर जाते हैं। दरवाजा खिड़की न भी खोले तो कीड़े अंदर पहुंच रहे हैं।

● **मुहल्ले के लोगों का आरोप एफसीआइ में सही से नहीं किया जा रहा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि गोदामों में रखे खाद्यान्न के उचित संरक्षण व नियमित कीटनाशक छिड़काव न होने के कारण बड़ी संख्या में कीड़े आसपास के मुहल्लों तक पहुंच रहे हैं। घरों में रखे खाद्यान्न, कपड़ों व फर्नीचर तक में घुन दिखाई देने लगे हैं। सुबह हो या शाम मुहल्लों के लोगों को बाहर टहलना छोड़ दिया है। लोगों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत की गई, लेकिन अभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। मांग की गई कि प्रशासन गोदामों का निरीक्षण कराए और व्यवस्था को देखे। जल्द इस समस्या का निदान न कराया गया तो स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। मुहल्ले के लोगों ने कहा कि यदि समस्या का समाधान न किया गया तो कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। प्रबंधक फूड नियंत्रक एफसीआइ दिग्विजय सिंह का कहना है कि छिड़काव कराया जाता है।

## विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर सीएचसी कूरेभार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कूरेभार, सुलतानपुर।** विश्व हाइपरटेंशन दिवस के अवसर पर रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल पहुंचे मरीजों और उनके तीमारदारों को उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को नियमित जांच, संतुलित खानपान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि वर्तमान समय में अनियमित दिनचर्या, तनाव, अधिक नमक का सेवन, व्यायाम की कमी और जंक फूड का बढ़ता प्रचलन हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि समय रहते सावधानी बरतकर इस बीमारी से बचा जा सकता है। लोगों को प्रतिदिन व्यायाम करने, ताजा एवं पौष्टिक भोजन लेने तथा धूम्रपान और नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। चकमर्दनी गांव निवासी 65 वर्षीय गया प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं, जो दैनिक जीवन में काफी उपयोगी साबित होंगी। वहीं फुलौना निवासी 60 वर्षीय कौशिल्या देवी और एनपुर निवासी रामअवतार ने भी कहा कि हाइपरटेंशन के लक्षण और बचाव संबंधी जानकारी स्वास्थ्य के लिए बेहद अहम है। इस अवसर पर डॉ. प्रयेश दीक्षित, फार्मासिस्ट रवि चक्रवाल, एएनएम अनुपमा वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूक करते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच कराने का संदेश दिया गया।

## पर्यटन वं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने 872.08 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य में रविवार को जनपद फिरोजाबाद की तहसील जसराना के पाढ़म स्थित ऐतिहासिक परीक्षित कुण्ड प्रांगण में एक भव्य लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के कायाकल्प के लिए कुल 872.08 लाख रुपये (8.72 करोड़ रुपये) की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी गई।

**प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण:** कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री द्वारा कुल 621.40 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का विधि-विधान से लोकार्पण किया गया, जिसमें परीक्षित कुण्ड पाढ़म लागतः 432.04 लाख रुपये, जसराना तहसील के अंतर्गत पाढ़म स्थित इस पौराणिक और ऐतिहासिक कुण्ड के पर्यटन विकास एवं सौंदर्गीकरण कार्यों का लोकार्पण किया गया। रामलीला मैदान, खेरिया (लागतः 189.36 लाख रुपये): यहाँ खेल, सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बाउंड्रीवॉल चारदीवारी निर्माण एवं अन्य आवश्यक विकास कार्यों का लोकार्पण संपन्न हुआ। क्षेत्रीय पर्यटन और जन-आस्था के केंद्रों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्री द्वारा 250.68 लाख रुपये की लागत वाली नई परियोजनाओं का शिलान्यास भूमि पूजन भी किया गया। इसी क्रम में बड़े जखईया महाराज मंदिर जसराना के प्रसिद्ध और आस्था के बड़े केंद्र के पर्यटन विकास एवं व्यापक सौंदर्याकरण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही जसराना तहसील के अंतर्गत विभिन्न अन्य चिन्हित स्थानों पर भी पर्यटन विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यटन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

₹जनपद फिरोजाबाद की ऐतिहासिक और पौराणिक धरोहरों को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि परीक्षित कुण्ड और बड़े जखईया महाराज मंदिर जैसे पावन स्थल हमारी अटूट आस्था के केंद्र हैं। इन स्थानों पर पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ी भी अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व कर सकेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह विधायक जसराना सचिन यादव ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत, चेयरमेन एका माया देवी सागर चेयरमेन फरिहा रेशम देवी कुशवाहा पूर्व विधायक जसराना रामगोपाल और पप्पू लोधी जिला पंचायत सदस्य राजवीर राजपूत जिला महामंत्री अजीत राजपूत, जिला मंत्री शीलू सविता प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# अनुदेशकों को बढ़े मानदेय का प्रतीकात्मक चेक देकर किया सम्मानित



**सुलतानपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवीन सभागार में शनिवार को अनुदेशक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, डीएम इंद्रजीत सिंह, सीडीओ विनय कुमार सिंह तथा एडीएम राकेश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि किए जाने के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कला शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा, गृहशिल्प, कृषि शिक्षा तथा उद्यान एवं फसल संरक्षण विषयों में कुल 446 अंशकालिक अनुदेशक कार्यरत हैं। इनमें से चयनित अनुदेशकों को मंच पर सम्मानित कर डेमो चेक प्रदान किए गए। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अनुदेशक शिक्षा व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और उनके योगदान से बच्चों का भविष्य संवर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि योगी सरकार ने अनुदेशकों के लंबे संघर्ष का सम्मान किया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अनुदेशक, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा दोस्तपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर दुर्गा गांव के पास एक्सप्रेस-वे के 155.6 किलोमीटर पर सुबह करीब छह बजे हुआ। जानकारी के अनुसार दोनों युवक होंडा एसपी बाइक से गाजीपुर से लखनऊ की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। आशंका जताई जा रही है कि चालक को नींद आने के कारण हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर पड़ा रहा। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा की एम्बुलेंस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे अंबेडकर नगर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल युवक बेहोशी की हालत में था। सूचना पर पहुंचे दोस्तपुर थाना के एसआई कृष्ण पाल यादव ने पुलिस टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों युवकों के पास कोई पहचान पत्र न मिलने के कारण देर शाम तक उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस पहचान कराने और मामले की जांच में जुटी है।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सुनने से मिलती है मोक्ष की प्राप्ति : बृजेश दत्त गौड़

**लालगंज, रायबरेली।** अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ पंडित बृजेश दत्त गौड़ के द्वारा 18 मई से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कराया जा रहा है, यह जानकारी देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि और पुत्र शुभम गौड़ ने बताया कि भागवत कथा सोमवार से प्रारंभ होगी 25 मई तक चलेगी, प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात 9 बजे तक श्री भागवत कथा सुनने को मिलेगी। 26 मई को विशाल ब्रह्म भोज का कार्यक्रम भी होगा।

## फंदे से लटका मिला महिला का शव

**महराजगंज।** जिले के पनियरा क्षेत्र में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका पाया गया है। मृतका की मां ने दहेज के लिए बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए उसके पति, सास-ससुर समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पनियरा क्षेत्र में अनुकृति (29) नामक महिला का शव शनिवार शाम उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बेटी की हत्या की गई है। पनियारा पुलिस थाने के प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि अनुकृति की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर रविवार को उसके पति मनोज गोंड, सास पूनम, ससुर सुमेर गोंड और देवर मुन्ना गोंड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस का 'ड्रिंक एंड ड्राइव' के खिलाफ बड़ा अभियान

● **शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर हुई सख्त कार्रवाई**



**रायबरेली।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रायबरेली पुलिस ने शनिवार रात 'डिंक्क एण्ड ड्राइव' के विरुद्ध एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वाले कई चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में यह अभियान रात 8 बजे से 11 बजे तक जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों और चैराहों पर चलाया गया। यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की टीमों ने संयुक्त रूप से व्यापक चेकिंग की।

अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट को विशेष महत्व दिया गया। हर चालक की जांच के लिए नए और डिस्पोजेबल माउथपीस का इस्तेमाल किया गया, ताकि स्वच्छता बनी रहे और सटीक परिणाम मिले। संदिग्ध वाहनों की रैंडम चेकिंग भी की गई। जिन चालकों में शराब का प्रभाव पाया गया, उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की गई।

चेकिंग के दौरान यातायात नियमों के अन्य उल्लंघनों पर भी नजर रखी गई। मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर लगे वाहनों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की गई। बिना स्टैंडर्ड नंबर प्लेट वाले, अस्पष्ट या गंदे नंबर प्लेट वाले वाहनों को चिन्हित कर चालान किए गए और आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई गई। खासतौर पर बार-बार नियम तोड़ने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ विशेष निगरानी रखने और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अभियान को सिर्फ सख्ती तक सीमित नहीं रखा गया। इसके साथ-साथ 'डोंट डिंक्क एण्ड ड्राइव' को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने वाहन चालकों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग, सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की सलाह दी। कई चालकों को जागरूकता संबंधी पैम्फलेट भी वितरित किए गए।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने और सड़क दुर्घटनाओं की संख्या कम करने के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे। एसपी रवि कुमार ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना न सिर्फ चालक की खुद की जान को खतरे में डालता है, बल्कि दूसरों की जिंदगी के लिए भी बड़ा खतरा बन जाता है। इसलिए पुलिस की यह जिम्मेदारी है कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर सख्ती से नकेल कसी जाए।

## करंट लगने से युवक की मौत

**कौशांबी।** जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के नौवापुर गांव में कूलर में पानी भरते समय एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, मुकेश (24) रविवार सुबह घर में रखे कूलर में पानी डाल रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। मुकेश के परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के परिजनों ने बताया कि मुकेश की शादी करीब एक साल पहले हुई थी और शनिवार की रात उसकी पत्नी ज्योति ने बेटे को जन्म दिया था। जिसको लेकर परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन मुकेश की मौत से खुशियां मातम में बदल गईं। पिपरी के थानाध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## सई नदी में नहाते समय डूबा 18 वर्षीय युवक अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित



**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ सई नदी में नहाते समय एक 18 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, बछरांवा थाना क्षेत्र के सेरी गाँव का रहने वाला 18 वर्षीय जितेंद्र अपने पाँच दोस्तों के साथ हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पूरे मौहरी मजरे गुलुपुर के पास सई नदी में नहाने गया था। नदी में नहाते समय अचानक जितेंद्र गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथी युवक को डूबता देख दोस्तों ने किसी तरह उसे नदी से बाहर निकाला। दोस्त आनन-फानन में जितेंद्र को लेकर सीएचसी हरचंदपुर पहुँचे। हालांकि, अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सीएचसी के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर राजीव गौतम ने बताया कि युवक को बेहद गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, लेकिन परीक्षण के दौरान उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

# सड़क हादसे में पांच वर्षीय बच्चे की मौत

● **युवती गंभीर रूप से घायल**

**देवरिया।** जिले में सड़क हादसे में पांच वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसकी मौसी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार रात खुखुंदू थाना क्षेत्र के सिसई ढाले के पास उस वक्त हुई जब करकटही परसिया निवासी निराशा कुमारी (19) अपनी बहन के बेटे प्रियांशु को साइकिल से कहीं ले जा रही थीं तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी।

थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में प्रियांशु ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे आ गया, जबकि निराशा सड़क किनारे जा गिरी। स्थानीय लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्रियांशु को मृत घोषित कर दिया। वहीं, निराशा को गंभीर हालत में देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि निराशा की बहन ज्योति अपने दो बच्चों प्रियांशु (पांच) और स्नेहा (तीन) के साथ मायके आई हुई थीं और शनिवार रात प्रियांशु को बुखार होने पर जब निराशा उसे डॉक्टर के पास ले जा रही थीं तभी यह हादसा हुआ। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# अग्निपीड़ित परिवार की मदद को पहुंचे सपा नेता

● **सदर विधान सभा के अयासपुर डीही में भीषण आग लगने से उजड़ी गृहस्थी**



**रायबरेली।** सदर विधानसभा के राही विकासखण्ड के ग्राम अयासपुर डीही में बुधवार को अचानक लगी भीषण आग ने राजू पासी के परिवार की पूरी गृहस्थी को राख कर दिया। आग लगने से घर में रखा राशन, कपड़े, बर्तन और जरूरी सामान सब कुछ जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद परिवार के सामने रहने और खाने का संकट खड़ा हो गया और वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। डॉ. शर्मा ने परिवार को तत्काल खाद्य सामग्री और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई ताकि उन्हें तत्काल राहत मिल सके। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि विपत्ति की इस घड़ी में वे अकेले नहीं हैं। डॉ. शर्मा ने परिवार की बेटी की पढ़ाई में हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया। डॉ. शर्मा के इस मानवीय कदम की ग्रामीणों ने सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुख की घड़ी में मिला यह सहयोग पीड़ित परिवार के लिए बड़ी राहत साबित हुआ है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग गृहस्थी का सामान जलकर राख

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे चंदिका मिश्र मजरे मखदूमपुर में किसान रामेश्वर कोरी पुत्र राम आसरे के घर में रविवार शाम लगभग 5 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे किसान के घर में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की घटना में लगभग 20 कुंतल गेहूं, दो साइकिल, एक इंजन, सिलाई मशीन, एक चारा मशीन, 20 कुंतल भूसा एवं डीएपी खाद की पांच बोरी सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड को सूचना दिए जाने के करीब दो घंटे बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, तब तक ग्रामीण स्वयं आग बुझा चुके थे। फायर ब्रिगेड की देरी से पहुंचने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी। घटना की सूचना पर पुलिस प्रशासन एवं क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान का अवलोकन कर शासन आर्थिक मदद का आश्सन दिया।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार घायल, जिला अस्पताल रिफर



**नसीराबाद, रायबरेली।** एक तेज रफ्तार डम्फर की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सघायल युवक को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गयास रविवार को नसीराबाद कस्बे के बस स्टॉप एक मीनारा मस्जिद के समीप जायस नसीराबाद मार्ग पर ग्राम छूलामऊ निवासी 22 वर्षीय उजैफा पुत्र अयूब दोपहर बाद करीब तीन बजे बाइक से नसीराबाद कपड़ा खरीदने आ रहा था। जैसे ही वह जायस नसीराबाद मार्ग एक मीनारा मस्जिद के पास पहुंचा, एक तेज रफ्तार डंम्फर ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायल युवक को सीएचसी नसीराबाद पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. गुलाम यजदानी ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर डंम्फर को कब्जे में ले लिया गया है अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## सदिग्धावस्था में एक व्यक्ति की मौत

भटनी(देवरिया)। थाना क्षेत्र के बमनौली कला निवासी सुचित कुमार (32) संदिग्धावस्था में मृत्यु हो गयी। बताया गया कि घर के पास ही पड़ी चौकी के नीचे मुँह से खुन निकल रहा था" लोगों ने देखा एम्बुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी भेजवाया। जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## राधावल्लभ लाल ने खेली फूलों की होली

मथुरा। वृन्दावन निकुंजनायक भगवान की प्रीति के लिए समर्पित विष्टि पुरुषोत्तम मास में दीर्घनगरी के मंदिरों में वर्षभर विविध त्यौहारों और पर्वों को मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राचीन राधावल्लभ मंदिर में अधिक मास के प्रथम दिन होली का पर्व मनाया गया। जिसमें ठाकुरजी ने भक्तों संग फूलों की होली खेली।

राधावल्लभ मंदिर में होली महोत्सव के आनंद से पुरुषोत्तम मास में भक्तजन निहाल हो गए। प्रातःकाल गोस्वामियों ने ठाकुरजी के प्रसादी पुष्पों को जैसे ही श्रद्धालुओं की ओर फेंका, राधावल्लभ श्रीहरिवंश के जयनाद से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। इस दौरान ठाकुरजी फूलों के महल में ही विराजित होकर दर्शन दे रहे थे। उन्होंने श्वेत वर्ण की पोषाक और श्वेत ही पाग, पटुका और मुकुट धारण कर रखे थे। लाड़ले राधावल्लभ की बांकी चितवन भक्तों के मन को बरबस ही अपनी ओर खींच रही थी। ठाकुरजी के समक्ष चांदी के पात्र में गुलाल भी रखा गया था। सेवायत मोहित मराल गोस्वामी ने बताया कि मंदिर में संपूर्ण पुरुषोत्तम मास पर्यन्त विविध वार्षिक मनोरथों का अनुष्ठान अविरल चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि यह भगवान की प्रीति का सर्वोपरि मास है, जिसमें सभी को अपने आराध्य की भाव सेवा में समर्पित रहना चाहिए। इस अवसर पर गोविंद गोस्वामी, शोभित लाल गोस्वामी, उदय गोस्वामी, सुकृत गोस्वामी, गौरव गोस्वामी आदि ने भक्तों संग राधावल्लभ लाल के प्रतिनिधि के रुप में होली खेली।

# अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह हुआ आयोजित

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोकभवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया

- मंत्री ने 14अनुदेशकों को प्रतीकात्मक चेक देकर किया सम्मानित, जनपद के अंशकालिक अनुदेशकों को बढ़े मानदेय का मिलेगा लाभ

**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोकभवन लखनऊ में आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग के शैक्षणिक सत्र 2026-27 अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि (01 अप्रैल 2026 से ?9,000 से बढ़ाकर ?17,000 प्रतिमाह) के उपलक्ष्य में आयोजित अनुदेशक सम्मान समारोह एवं चेक वितरण कार्यक्रम का जनपद कुशीनगर में सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में



जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, शिक्षक एवं अनुदेशक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अंशकालिक 14 अनुदेशकों प्रत्येक ब्लॉक के एक-एक को प्रतीकात्मक चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। (जनपद में कुल 218 अनुदेशक कार्यरत हैं )कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनकी उपस्थित जनों द्वारा सराहना की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि अंशकालिक अनुदेशक ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, कला, खेल एवं अन्य गतिविधियों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लिया गया यह निर्णय अनुदेशकों के हित में ऐतिहासिक एवं सराहनीय कदम है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्यालयों में कायाकल्प अभियान, स्कूल चलो अभियान एवं डीबीटी जैसी योजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है। साथ ही अनुदेशकों को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी शासन गंभीरता से कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि गणो के साथ अधिकारियों द्वारा अनुदेशकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर अनुदेशकों ने माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बढ़ाया गया मानदेय उनके लिए अत्यंत उत्साहवर्धक एवं सम्मान जनक निर्णय है। इस दौरान सांसद विजय कुमार दुबे, विधायक खडडा विवेकानंद पांडेय, विधायक फाजिलनगर सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फुलबदन कुशवाहा, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी गण सहित अनुदेशक आदि उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने उच्च शिक्षा मंत्री का किया स्वागत

**टूंडला।** नगर में आयोजित भगवान परशुराम भगवान की शोभायात्रा में शामिल होने पधारे उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय का भाजपा पदाधिकारीयो ने स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि देश के अधिकतर प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने का मुख्य कारण यह है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा देश के गरीब, किसान ,मजदूर, नौजवानों के हित में निरन्तर कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में प्रदेश से गुंडाराज, माफियाराज पूरी तरह समाप्त हो चुका है' प्रदेश की जनता को अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र सहप्रभारी रामतीर्थ सिंह चक,पूर्व जिला महामंत्री दीपक चौधरी, नगर अध्यक्ष आजाद जैन, आलोक उपाध्याय,नरेंद्र शर्मा, आशुतोष गर्ग,विकास शर्मा,उमेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय होमियोपैथिक वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन

- होमियोपैथी प्रेमियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया

**कुशीनगर।** पडरौना के होटल एलाइट सूट्स निकट लखराव मंदिर गंडक नहर पुल पडरौना पर होम्यो ग्रैंड कन्वेंशन 2026 के तरफ से भव्य 37वां राष्ट्रीय होमियोपैथिक वैज्ञानिक सम्मेलन किया गया। इस सम्मेलन में देशभर के वरिष्ठ चिकित्सकों, शिक्षकों और होमियोपैथी प्रेमियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ होमियोपैथ के जनक डॉ हैनीमैन और स्वङ्ग डॉ सीपी सिंह के चित्र पर माला पहनाकर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तवा, जिला होमियोपैथिक अधिकारी डॉ अशोक सिंह, विशिष्ट अतिथि फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, मंचासिन डॉ नित्यानंद श्रीवास्तव, डॉ अरुण कुमार गौतम, डॉ पंकज श्रीवास्तव, डॉ निशांत, डॉ गौरी शंकर, डॉ वीरेंद्र नाथ मौर्य, स्वङ्ग डॉ सी पी सिंह की पत्नी को बैच लगा कर पुष्प गुक्ष के साथ अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तवा ने होमियोपैथ चिकित्सको को धन्यवाद देते हुए कही कि अपने शहर में इतना बड़ा सेमिनार का आयोजन किया गया। डॉ विभा सिंह पुत्री स्वङ्ग डॉ सीपी सिंह फाउंडर रिसर्च सोसायटी ऑफ होमियोपैथी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए पडरौना कमिटी को धन्यवाद दी और कही कि मेरे पिता जी के देहांत होने के बाद उनके सम्मान में 37वां राष्ट्रीय होमियोपैथिक वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। लखनऊ के मशहूर होमियोपैथ स्पीकर डॉ निशांत ने चर्म रोग पर व्याख्यान दिया साथ में कई गंभीर रोग पर चर्चा किए।

इंटरनेशनल होमियोपैथिक स्पीकर डॉ गौरी शंकर ने आगेर्नान ऑफ मेडिसिन होमियोपैथी पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि होमियोपैथी की जननी आगेर्नान ऑफ मेडिसिन है बिना इसके प्रैक्टिस संभव नहीं है। बगहा से कैंसर रिसर्च सेंटर के प्रबंधक डॉ पदमभानु सिंह ने कैंसर रोग पर व्याख्यान दिए। नेशनल होमियोपैथिक स्पीकर डॉ पंकज श्रीवास्तव ने गठिया, अर्थराइटिस, हड्डी का घिसना, हड्डी टेढ़ा होने, हड्डी का बढ़ना आदि पर व्याख्यान दिए। आयोजक डॉ अभ्युदय मौर्य, सचिव डॉ अरुण तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ अनिल कुशवाहा, डॉ सागर कृष्ण मौर्य रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सकों को फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा और जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के द्वारा मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ उत्पल, डॉ विनय राय, डॉ एन टी खान, डॉ मृत्युंजय ओझा, डॉ राजाराम जायसवाल, डॉ शिप्रा मिश्रा, डॉ पूजा मौर्या, डॉ अनुराधा जायसवाल, डॉ धनंजय मिश्र, डॉ आर ए कुशवाहा, डॉ राजेश मिश्र, डॉ वैभव गौतम, डॉ बी के राय, डॉ घनश्याम वर्मा, डॉ डी के राय, डॉ दिलीप तुलस्यान, डॉ पीके सिंह, डॉ शिबू, डॉ दीपक जायसवाल, सुनील मौर्य, मुकेश कुशवाहा, आकाश गुप्ता आदि सैकड़ों चिकित्सक मौजूद रहे।

# अनुदेशकों के बढ़े मानदेय का वितरण समारोह आयोजित



**देवरिया।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में आयोजित अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह का जनपद स्तर पर भी आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला पंचायत सभागार, देवरिया में कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री के संबोधन एवं कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों, अंशकालिक अनुदेशकों एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को दिखाया गया। मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण के उपरांत जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी, डीएम मधुसूदन हुल्गी, एसपी अभिजीत आर. शंकर एवं सीडीओ राजेश कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद के अंशकालिक अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक अतिथियों द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर अतिथियों का माल्यार्पण, बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी ने अनुदेशकों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी समर्पण भाव से कार्य करने की अपेक्षा की। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने कहा कि अंशकालिक अनुदेशक शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने अनुदेशकों से पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने तथा अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करने की अपेक्षा की। एसपी अभिजीत आर. शंकर एवं सीडीओ राजेश कुमार सिंह ने भी अनुदेशकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का तत्परता एवं समर्पण के साथ निर्वहन करें।

कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। बेसिक स्कूल की छात्रा राधा एवं रितिका द्वारा स्वागत गीत वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सुदेश्वर गुप्ता, रविशेखर, पवन कुमार यादव, दीपक पटेल, अभिषेक गुप्ता, सुधाकर मिश्र, चंद्रशेखर यादव, सत्य प्रकाश शर्मा, अंशुमणि तिवारी, अजीत कुमार, जय सिंह यादव, तरुण सिंह, दिवाकर सिंह, मुकेश राय एवं विनोद मिश्र सहित अन्य अंशकालिक अनुदेशकों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला समन्वयक अंकित मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, अनुज सिंह, आशुतोष शुक्ला, गोरखनाथ यादव, महेंद्र मिश्र, अखिलेश आर्य सहित बड़ी संख्या में अंशकालिक अनुदेशक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इसके अलावा संजय सिंह, संजय तिवारी, आलोक पांडेय, शगुफ्ता जबीं, नीतू मुन्ना, श्वेता पांडेय, एआरपी केशव प्रताप शाही, निशेष कुमार, वशिष्ठ नारायण चौहान, मिथिलेश सिंह, मारुति नंदन मिश्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मत कर इतना गुरूर सूरत पर ऐ हसीना...

**कसया, कुशीनगर।** कसया नगर स्थित डीडी मंत्रा नृत्य एवं संगीत विद्यालय में मशहूर गायक पद्म श्री पंकज उधास को जयंती अवसर पर बच्चो ने उनके गाए गीतों को गाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को हुए कार्यक्रम में संस्था की छात्रा गीता ने गाया एक वो भी था, जमाना एक ये भी जमाना गाया जो काफी पसंद किया गया। इसके बाद रीता ने गाया चिट्ठी आई है जो काफी माहौल को गंभीर



बनाया। विवेक ने गाया मत कर इतना गुरूर सूरत पर ऐ हसीना। लोगों को पसंद आया। शिखा ने गाया निकलो न बेनकाब जमाना खराब है। गाया जो लोगों को बहुत पसंद आया। यशदीप ने गाया दिल देता है रो रो दुहाई गाया। अमन ने गाया जिए तो जिए कैसे बिन आपके। अनुष्का ने गाया लोग बरसों जुदा हो के जीते है। प्रियांशु ने गाया चांदी जैसा रंग है तेरा। अभिषेक बाबू ने गाया ना कजरे की धार न मोतियों के हार जो लोगों को अच्छा लगा। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व प्रवक्ता सुरेश गुप्ता ने कहा कि पंकज उधास प्रसिद्ध गजल गायक थे इनकी कीर्ति दो गीतों से बढ़ी चिट्ठी आई है, चांदी जैसा रंग हे तेरा से हुई, 2003 में पद्मशी से नवाजा गया इन्हें हमेशा याद किया जाएगा। संस्था के निदेशक कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा कि पंकज जी हिट गजल गायक थे। उनके गजल अमर है कार्यक्रम में शमशेर राव, जेपी यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## जीआरपी की कार्रवाई में अवैध शराब जबत, तस्कर गिरफ्तार

भटनी(देवरिया)। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने रेलवे स्टेशन परिसर में अभियान चलाकर एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध देसी शराब बरामद की गई।

पुलिस महानिदेशक रेलवे एवं उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर अपराध नियंत्रण तथा अवैध शराब तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जीआरपी थाना भटनी की टीम ने रेलवे स्टेशन भटनी के प्लेटफार्म संख्या-2 के पूर्वी छोर से एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। पकड़े गए युवक की पहचान इमरान पुत्र शकील अहमद निवासी नया किला, थाना सिवान नगर, जिला सिवान (बिहार) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद झोले से 45 अदद बंटी बबली (टेट्रा पैक) अवैध देसी शराब बरामद हुई। प्रत्येक पैक 200 एमएल का बताया गया है। बरामद शराब की कुल मात्रा लगभग 9 लीटर तथा अनुमानित कीमत 2,475 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जीआरपी थाना भटनी में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश से ट्रेनों के माध्यम से शराब बिहार ले जाकर अधिक कीमत पर बेचता था और इसी से अपना खर्च चलाता था। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी से शराब तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक आलोक सिंह पटेल, हेड कांस्टेबल संतोष यादव तथा कांस्टेबल धनीराम वर्मा शामिल रहे।

# स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में न हो लापरवाही

- सीएमओ ने तीन पीएचसी पर किया मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण

**देवरिया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल गुप्ता ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) रामपुरकारखाना, तरकुलवा और बेलही में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वस्थ मेला का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य मेले से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लिया। सीएमओ ने मेले में चिकित्सक सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों बेलाही पर शीघ्र प्रसव कराने की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार गुप्ता सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर कारखाना पहुंचे। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मचारी मौजूद मिले।

ओपीडी में चिकित्सक मरीजों देखते मिले। उन्होंने अस्पताल पर आने वाले मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आरोग्य मेले में आने वाले सभी मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने दवा भंडारण, लैब को देखा और कहा कि अस्पताल पर मिलने वाली सभी दवाएं उपलब्ध रहें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में अधिक से अधिक आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई और स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। इसके बाद सीएमओ डॉ गुप्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरकुलवा पहुंचे।

यहां भी चिकित्सक सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे। उन्होंने चिकित्सक और स्वास्थ्य कार्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों से मधुर व्यवहार करें और अस्पताल परिसर में साफ सफाई और स्वच्छता बनाये रखें। सीएमओ लैब पहुंचे और एलटी से अस्पताल पर होने वाले जांच के बारे में जानकारी लिया और उचित दिशा निर्देश दिया। इसके बाद सीएमओ पीएचसी बेलाही पहुंचे। यहां भी चिकित्सक सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। यहां भी उन्होंने ओपीडी और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी लिया और पीएचसी शीघ्र प्रसव कराने की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ डिप्टी सीएमओ डॉ कार्तिक पाण्डेय, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता मौजूद रहे।

## शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ का हुआ सम्मेलन व नवीन कार्यकारिणी गठित



**देवरिया।** शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ जनपद-देवरिया द्वारा अशोक इंटर कालेज डुमरी रामपुर कारखाना देवरिया में आयोजित जनपदीय सम्मेलन व नवीन कार्यकारिणी गठन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर कारखाना के विधायक सुरेंद्र चौरसिया रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय द्विवेदी ने की। कार्यक्रम में इस वर्ष सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष विनोद सिंह ने आगंतुकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के उपाध्यक्ष डॉ.मिथिलेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद श्री माधव प्रसाद सिंह, प्रधानाचार्य, महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज डा०शशिपाल राव,वकील सिंह, महासचिव अवधेश मिश्र, संचालन प्रदेश सचिव आलोक राय ने किया। कार्यक्रम में नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमें निर्विरोध रूप से जिला अध्यक्ष के रूप में विनोद सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव,जिला मंत्री आशुतोष द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष के रूप में कृष्ण कुमार सिंह आदि निर्वाचित हुए।

## चाकू के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन परिसर में अभियान चलाकर एक शातिर अभियुक्त को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण तथा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जीआरपी की टीम ने प्लेटफार्म संख्या-03 के पूर्वी छोर से एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान टुनटुन ओझा उर्फ टुनटुन बाबा पुत्र व्यास ओझा निवासी डीही थाना धनहा जिला पश्चिमी चम्पारण (बगहा), बिहार के रूप में हुई। उसकी उम्र करीब 39 वर्ष बताई गई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ जीआरपी थाना में मुकदमा अपराध संख्या 18/2026 धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि गांव में लोगों से विवाद होने के कारण वह अपने बचाव और लोगों में भय बनाए रखने के लिए चाकू साथ रखता था। वह किसी काम से रेलवे स्टेशन भटनी आया था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, हेड कांस्टेबल गुलाम साबिर सिद्दीकी तथा कांस्टेबल प्रमेश यादव शामिल रहे।

## गैस आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, बैकलॉग घटा वितरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डीएम

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार को गैस वितरण कंपनियों के विक्रय अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि पिछले एक सप्ताह के दौरान गैस वितरण के बैकलॉग में लगातार कमी आई है। विक्रय अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि अगले सप्ताह तक बैकलॉग में और सुधार होगा, क्योंकि जनपद में गैस की आपूर्ति पहले की अपेक्षा बेहतर हुई है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें तथा गैस एजेंसियों एवं आपूर्ति विभाग के साथ समन्वय बनाकर उपभोक्ताओं से संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि एजेंसीवार बैकलॉग की स्थिति के अनुसार ही गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाए तथा ह्लप्रथम आवक, प्रथम पावकह्व व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध हो सके। बैठक में यह भी चेतावनी दी गई कि गैस वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने गेहूं क्रय केंद्र व पीसीएफ खाद विक्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**देवरिया।** डीएम मधुसूदन हुल्गी ने रुद्रपुर तहसील क्षेत्र स्थित गेहूं क्रय केंद्र एवं पीसीएफ खाद विक्रय केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गेहूं खरीद की प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी गेहूं क्रय केंद्र निर्धारित समय पर खुलें तथा किसानों से सुचारु रूप से खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को गेहूं बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम उसरा बाजार स्थित गेहूं क्रय केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने क्रय केंद्र की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कांटे का सत्यापन कराया। इस दौरान पहले बोरे में गेहूं भरवाकर वजन कराया गया तथा उसके बाद खाली बोरे का भी वजन कराया गया। जांच में कांटा सही पाया गया, जिस पर डीएम ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने मौके पर क्रय पंजिका एवं अन्य अभिलेखों का भी अवलोकन किया तथा उपस्थित कर्मचारियों से खरीद व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिया कि खरीद प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए तथा किसानों के साथ विनम्र व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत डीएम ने परसिया मिश्र स्थित पीसीएफ खाद विक्रय केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां खाद की अनलोडिंग होती पाई गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रखने तथा किसानों को समय से खाद वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गेहूं क्रय केंद्रों के प्रभारी, किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। किसी भी किसान को गेहूं बेचने में असुविधा न हो, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

## डॉग स्क्वाड टीम का चला सघन चेकिंग अभियान

टूंडला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से डॉग स्क्वाड टीम द्वारा नगर के प्रमुख भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान शॉपिंग मॉल, बस स्टैंड तथा अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती गई। डॉग स्क्वाड टीम प्रभारी भू प्रकाश सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षित डॉग सिम्मी के साथ यात्रियों के बैग, वाहनों तथा संदिग्ध स्थानों की गहन जांच की गई।टीम ने बस स्टैंड पर आने-जाने वाले यात्रियों के सामान की बारीकी से तलाशी लेकर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया।अभियान के दौरान इंस्पेक्टर क्राइम सार देव सिंह, उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार, उपनिरीक्षक शेरपाल सिंह, हेड कांस्टेबल हरविंदर सहित पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# पेट्रो उत्पादों की बचत

प्रधानमंत्री मोदी ने अपना काफिला कम कर उदाहरण पेश किया। बीते बुधवार को दो वीडियो सामने आए। एक में काफिले में मात्र दो कारें थीं और दूसरे वीडियो में 4 कारें दिखाई दीं। यह किफायत नहीं, जोखिम है। प्रधानमंत्री से ऐसी कोई अपेक्षा और शिकायत नहीं थी। प्रधानमंत्री एसपीजी के सुरक्षा-कवच में रहते हैं। उस सुरक्षा का अपना प्रोटोकॉल होता है, लिहाजा काफिले में गाड़ियों की संख्या अधिक होती है। इस पर सवाल उठाना ही बेमानी है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा से किसी भी किस्म का समझौता नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री की नजीर का अनुसरण रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, सड़क परिवहन मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्य मंत्रियों ने किया है, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अन्य राज्यों के सीएम अब भी 19-20 कारों के काफिले के साथ घूमते नजर आये हैं। काफिलों की किफायत और अन्य व्यवस्थाएं स्थायी होनी चाहिए। बचत प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्रियों, सांसदों, विधायकों आदि तक ही अपरिहार्य नहीं होनी चाहिए। सरकारों में सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, निदेशक स्तर के आईएएस, आईपीएस अधिकारियों को अलग-अलग सरकारी वाहन दिए गए हैं। कटौती उनमें बहुत जरूरी है। वे सभी 2-4 किमी दूर के सरकारी आवासों से दफ्तर तक आते हैं और फिर घर लौटते हैं। दरअसल सरकारी वाहनों की सुविधा सीमित करनी चाहिए। हर बड़े छुटभैये अधिकारी को सरकारी गाड़ी क्यों? ऐसे अधिकारियों को एक विशेष बसनुमा वाहन से दफ्तर लाया जाए और शाम को घर छोड़ा जाए। यह संवैधानिक प्रोटोकॉल नहीं है कि सभी अफसर महाराजा की तरह सुविधाएं भोगें। यदि देश में पेट्रोल-डीजल का संकट है, तो किफायत अपरिहार्य है। आपातस्थिति के लिए तो छूट हमेशा बनी रही है। दरअसल ये अधिकारी ही हमारी व्यवस्था के नीति-निर्माता हैं और ये



अपने लिए सारी सुविधाएं हासिल कर लेते हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ऑनलाइन बैठकों की अपील की है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह कुछ मुख्यमंत्रियों ने इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश भी जारी करवा दिए हैं, तो ये आला अफसर भी अमल करें। यदि प्रधानमंत्री की पूरी अपील को स्वीकार कर लागू किया जाये, तो साल भर में लाखों करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है। यह बहुत बड़ी राशि है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक सार्वजनिक मंच से कहा है कि यदि ईरान युद्ध जारी रहा और लंबा खिंचा, तो सरकार को पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम बढ़ाने पड़ेंगे। रसोई गैस का सिलेंडर भी महंगा होगा, क्योंकि ये सभी आयातित हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी बड़े दुखी अंदाज में खुलासा कर रहे हैं कि देश की तेल कंपनियों को 1000 करोड़ रुपये हर रोज का औसतन घाटा झेलना पड़ रहा है। युद्ध के 75 दिनों में यह घाटा 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। निश्चित है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं, तो उन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। बुधवार को कच्चे तेल के दाम 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गये थे। हालांकि युद्ध के इस अंतराल में 98 देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ चुके हैं। 40 देशों को तेल से जुड़े प्रोटोकॉल लागू करने पड़े हैं। अमरीका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, रूस समेत वियतनाम, फिलीपींस, बांग्लादेश, श्रीलंका, थाईलैंड आदि देशों को पेट्रो उत्पादों की राशनिंग करनी पड़ी है और कई प्रोटोकॉल लागू करने पड़े हैं। भारत ने इन 75 दिनों में यह बोझ अपनी जनता पर पूरी तरह डालने के बजाय बहुत कम डाला है। यह उचित भी है। लेकिन अब संकट बढ़ता जा रहा है, तो शुरूआत बचत से की जा रही है। बचत के ऐसे आह्वान लालबहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, डा. मनमोहन सिंह सरीखे प्रधानमंत्रियों ने भी किए थे। अब आईएमएफ के मानकों के मुताबिक, भारत अभी गंभीर संकट में नहीं है, करीब 11 माह के आयात के लिए विदेशी मुद्रा पर्याप्त है, लेकिन डॉलर की तुलना में रुपया 96 के करीब पहुंच चुका है। इसलिए यह जरूरी है कि विदेशी मुद्रा की बचत की जाये ताकि रुपये के मूल्य में स्थिरता आ सके।

## विचार

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
–ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
–संत कबीर.

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।
–स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
–जैन धर्मग्रंथ.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
–फ्रेंकलिन.

# एआई से उत्पन्न अवसर और चुनौतियां




मनोज बाजपेयी

> जनरल एआई से आधुनिक कारपोरेट जगत डेटा एनालिटिक्स, डेटा बेस डिसिजन सहित, उत्पादकता में सुधार सहित कई फायदे उठा सकती है। एआई से उत्पादकता में सुधार होगा लेकिन इससे रोजगार के अवसर भी संकुचित होंगे, क्योंकि भविष्य में जब एआई का प्रयोग बढ़ेगा, तो दफ्तरों में बड़े पैमाने पर वर्कफोर्स की कटौती होगी और इससे बेरोजगारी बढ़ने का खतरा है।

एआई का असर अब महसूस किया जा रहा है। टेक कंपनियों में छंटनी, एआई, सेमीकंडक्टर कंपनियों के शेयर में भारी उछाल और आईटी सेक्टर की फीकी पड़ती चमक के बीच जिस तरह से रोजगार के स्वरूप में बदलाव हो रहा है, उसमें एआई का असर अब रोजगार के तमाम सेक्टर में महसूस किया जा रहा है। दुनिया का कोई ऐसा कारपोरेट कोना नहीं है जहां बड़ी संख्या में सीईओ, आंतरिक उत्पादकता और परिचालन दक्षता के मामले में एआई की क्षमता को स्वीकार न कर रहे हों। हालांकि एआई बाजार अभी अपेक्षाकृत युवा है और व्यापार मॉडल व रणनीतियों में आदर्श मिश्रित बदलावों की वकालत कर रहा है। लेकिन कोई नहीं जानता कि तेजी से अपनी क्षमताएं बढ़ा रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता कितने दिनों तक बदलावों में आदर्श की वकालत करेगी। कार्यस्थलों पर जनरेटिव एआई (जनरल एआई) और हाड़मांस के जिंदा कामगारों के बीच जबरदस्त जंग छिड़ चुकी है। सिर्फ तकनीकी से लैस पश्चिमी देशों में ही नहीं बल्कि भारत जैसे बेरोजगारी से जूझ रहे देश में भी कारपोरेट दुनिया में एआई की तेजी से जगह मजबूत हो रही है। कारपोरेट जगत को संगठनात्मक परामर्श देने वाले अमरीकी प्रबंधन परामर्श संस्थान 'कोर्न फेरी' जिसका मुख्यालय लॉसएंजिल्स में तथा 53 अन्य देशों 111 दफ्तर हैं, उसने एआई से संबंधित हाल में एक बड़ा सर्वेक्षण किया है, जिससे पता चलता है कि किस तरह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधुनिक कारपोरेट दुनिया को प्रभावित कर रही है।

मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कम्पलैक्स में बैठे कोर्न फेरी के विशेषज्ञ अपने सर्वे निष्कर्ष के आधार पर बताते हैं कि इस समय पूरी दुनिया में जनरेटिव एआई यानी जेन एआई और कामगारों के बीच जबरदस्त जंग छिड़ चुकी है। इस जंग की बड़ी वजह यह है कि इंसान हर स्थिति में कार्यस्थल पर अपनी बादशाहत बनाए रखना चाहता है। जबकि कोर्न फेरी का सर्वेक्षण बताता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुमानों से कहीं ज्यादा कारपोरेट के लिए फायेदमंद साबित हो रही है और उनकी प्रिय तकनीक भी। इसीलिये कारपोरेट दुनिया का झुकाव लगातार एआई की तरफ बढ़ रहा है। जाहिर है



अगले कुछ सालों में अगर अमूलचूल ढंग से एआई का कारपोरेट जगत में कब्जा नहीं भी होगा, तो भी एआई व्यावसाय संचालन के परिदृश्य में काम के भविष्य को बदलने के लिए एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के रूप में आ खड़ी हुई है। दुनिया का कोई ऐसा कारपोरेट कोना नहीं है जहां बड़ी संख्या में सीईओ, आंतरिक उत्पादकता और परिचालन दक्षता के मामले में एआई की क्षमता को स्वीकार न कर रहे हों। हालांकि एआई बाजार अभी अपेक्षाकृत युवा है और व्यापार मॉडल व रणनीतियों में आदर्श मिश्रित बदलावों की वकालत कर रहा है। लेकिन कोई नहीं जानता कि तेजी से अपनी क्षमताएं बढ़ा रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता कितने दिनों तक बदलावों में आदर्श की वकालत करेगी। क्योंकि हाल के सालों में यह बात समझ में आयी है कि जेन एआई बहुत तेजी से टेक्स्ट से लेकर छवियों, कोड तथा कुछ भी तैयार करने के मामले में मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म का उपयोग बहुत तेजी से कर रही है और उसे हर क्षेत्र में सफलता मिल रही है, यहां तक कि आज एआई एक विशिष्टशैली की संगीत रचना भी पलक झपकते कर देती है। इसलिए कोर्न फेरी का सर्वे मानता है कि विभिन्न कारपोरेट संगठन, कंप्यूटिंग पावर, डेटा, एल्गोरिद्म के क्षेत्र में भारी भरकम निवेश के लिए तैयार हैं।

## विमर्श

वर्ष 2019 में जहां ये वैश्विक निवेश महज 38 बिलियन डॉलर तक सीमित था, वहां 2023 में यह बढ़कर 98 बिलियन हो गया और 2030 तक इसके 2 ट्रिलियन से भी ऊपर जाने का अनुमान है।

क्योंकि कारपोरेट दुनिया जल्द से जल्द बहुत तेज और स्वचालित मस्तिष्क की खोज में है। यह खोज किस रफ़्तार से आगे बढ़ रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2022 में जहां चैट जीपीटी से प्रति मिनट 3000 शब्द पैदा हो रहे थे, वहीं 2023 में यह प्रति मिनट 25000 शब्द हो गये और हाल ही में क्लाउड एआई के 75000 शब्द प्रतिमिनट जा पहुंचे हैं। यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम इस गति की कभी कल्पना ही नहीं कर सकते थे।

जेन एआई जितने विषयों की पलक झपकते एक ऑथेंटिक रूपरेखा प्रदान कर दे रहा है, उस सबको इंसान की क्षमताओं से जोड़ने की कल्पना ही नहीं की जा सकती। लेकिन अब भी यह सवाल मौजूद है कि क्या अंतिम रूप से एआई इंसान से बेहतर कंटेंट तैयार कर सकता है? अभी भी इस बात पर शक है। लेकिन कारपोरेट जगत को किसी काल्पनिक मौलिकता की उतनी जरूरत नहीं है, जितनी तेजी से वह बाजार में हर तरह की तेजी की संभावनाओं पर कब्जा करना चाहती है। ऐसे में क्या एआई कारपोरेट सपनों के लिए सर्वाधिक अनुकूल नहीं है? निश्चित रूप से। लेकिन अभी भी सोच विचार पर इंसानी बादशाहत का भरोसा रखने वाले लोग मानकर चलते हैं कि अंततः एआई पर बादशाहत मानव संसाधन की ही रहनी चाहिए। लेकिन सवाल इस बहस का नहीं है, सवाल इस बात का है कि क्या रोजगार की दुनिया एआई से बुरी तरह से प्रभावित होने जा रही है? और इसका जवाब है हां। क्योंकि पूरी दुनिया में बिना किसी संवेदना और बिना किसी मुरव्वत के कारपोरेट मुनाफा बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग बढ़ते जा रहा है। सबसे बड़ी बात ये है कि कोर्न फेरी के इस अध्ययन से पता चला है कि कारपोरेट दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल नौकरियों को बदलने के लिए कर रही है, न कि इसका इस्तेमाल नौकरियां बढ़ाने के लिए कर रही है। क्योंकि कारपोरेट दुनिया को तो सबसे पहले अपना फायदा देखना और वह फायदा इंसानी कामगारों की जगह एआई को काम सौंपने में ज्यादा है। लेकिन सवाल यह है कि क्या एआई की निरंतर प्रखर होती तकनीक सिर्फ कारपोरेट फायदे तक केंद्रित रहेगी? शायद अगर इसका इस्तेमाल सिर्फ नौकरियां बदलने में हुआ, तो जल्द ही उत्पादों की खपत घट जायेगी, क्योंकि एक ही जैसे उत्पादों का भविष्य ज्यादातर समय तक सुरक्षित नहीं रह सकता। बाजार को प्रतिस्पर्धात्मक को बनना ही पड़ेगा। बावजूद इसके फिलहाल तो कारपोरेट दुनिया जनरल एआई से सिर्फ अपने तकनीकी फायदे ही ले रही है। जबकि उसे ऐसे फायदे लेने चाहिए, जिससे खुद एआई के बाहर की दुनिया तो प्रासंगिक बनी ही रहे, इस प्रासंगिकता को बनाये रखने के लिए सतही गतिविधियों और दूसरी बाधाओं से न जूझना पड़े।

जनरल एआई से आधुनिक कारपोरेट दुनिया कई तरह से फायदा उठा सकती है। वह उत्पादक में सुधार कर सकती है ताकि कर्मचारी अधिक रणनीतिक और रचनात्मक प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। दूसरे नंबर पर कारपोरेट दुनिया एआई से आंतरिक और बाहरी संचार चैनलों को बढ़ा सकती है मसलन ग्राहक सेवा के संदर्भ में एआई संचालित चैट बॉट और वर्चुअल असिस्टेंट बिना खीझे, बिना परेशान हुए ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा संतोषजनक सेवाएं उपलब्ध करा सकें। एआई से उत्पादकता में सुधार होगा लेकिन इससे रोजगार के अवसर भी संकुचित होंगे, क्योंकि भविष्य में जब एआई का प्रयोग बढ़ेगा, तो दफ्तरों में बड़े पैमाने पर वर्कफोर्स की कटौती होगी और इससे बेरोजगार बढ़ने का खतरा है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

हमारा दायित्व है कि हर बच्चा स्कूल जरूर जाये। डबल इंजन सरकार इस दायित्व का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। विद्यार्थियों को उज्ज्वल की शुभ-कामनाएं। सीएम योगी.



प्रयागराज में अंश-कालिक अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में अनुदेशक सम्मान समारोह और चेक वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। केशव प्र. मौर्य.



प्रदेश में दिनलहाड़े लुटते सुनारों की सुरक्षा की समस्या अभी सुलझी नहीं थी कि तब तक सोना बंदी का व्यापार चौपट करने वाला अह्वान आ गया और फिर ड्यूटी का फरमान। अखिलेश यादव.



# ईश्वर का संदेश


## अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# कमाऊ पत्नी का पति का होना

## व्यंग्यलोक

वैसे तो मनुष्य के दुःखद अध्याय की शुरूआत उसके किसी एक अदद औरत के पति बनने के साथ ही शुरू हो जाती है, परन्तु किसी कमाऊ पत्नी का पति होना तो घोर विपत्ति का कारण हो जाता है और चाहते हुए भी आदमी उस असम्मानजनक हालात से उबर नहीं पाता है। मुझे पत्नी मिली और वह भी कमाऊ। मैं जिन दिनों चोले-पाजामे पर झोला लटकाये, दाढ़ी बढ़ाये, अपने जीवन को संवेदनशील काव्य के जरिये ऊँचाइयाँ प्रदान करने में सक्रिय था, उन्हीं दिनों मेरे जीवन में एक कमाऊ बीवी का अशुभ आगमन हुआ और तब से मेरे व्यक्तिगत तमाम मसले बद से बदतर होते जा रहे हैं। कई बार जब आज भी सोचता हूँ कि यकायक मेरे शान्त जीवन में यह भूचाल क्योंकर आया? मैंने अपनी कमाऊ बीवी के सामने अपने कवि को मान्यता दिलाने के लिए लाख सिर पीटा, परन्तु उसने मुझे कभी मान्यता नहीं दी और हर बार जैसे मैं बड़ी बेवकूफी भरी बात कर रहा हूँ, हँसकर टाल दिया। मुझे तो अनेक बार ऐसा भी लगा कि मेरा कवि होना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है उसके लिए। सनकी और अर्द्धविक्षिप्त समय पर उसने फकत अपने भाग्य की विडम्बना ही माना है मुझे, पति बनने के बाद अल्पावधि में वह मुझे दो मासूम थमाकर और भी निष्क्रिय हो गयी। मैं गृहस्थी की गाड़ी में पिल गया। बच्चों को नहलाना-धुलाना, खिलाना-पिलाना अथवा स्कूल छोड़ आना, यही कार्य मेरी दिनचर्या के मुख्य भाग बनकर रह गये। इन स्थितियों से मुक्ति पाने को लाख छटपटाया, परन्तु कमाऊ बीवी ने कभी नहीं चाहा कि मेरी औकात इससे हटकर बने। अनेक बार मैंने उसके समक्ष नौकरी का प्रस्ताव रखा तो उसने मेरी दिनचर्या के काम बताकर चुप करा दिया। मैंने तर्क भी दिया कि मेरे अस्तित्व इस तरह के कार्यो के लिए नहीं है। मैं एक संवेदनशील साहित्यकार हूँ। मेरा धर्म सृजन है। मेरा इस तरह गृहस्थी के काम-धाम में पिल जाने से साहित्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। परन्तु उसके कानों पर जूँ नहीं रेंगी। उसने सृजन के नाम पर दोनों सन्तानें दिखा दीं और नौकरी के नाम पर घर की सार-सम्भाल बता दी। मैं तो सोच भी नहीं सकता था कि मेरे साहित्यकार का हश्र एक दिन ऐसा होगा। ईमानदारी से कहता हूँ उसके जीवन में दो पल भी मेरे लिए नहीं बचे हैं। यही क्या सारी बातों की विपदाओं के साथ उपदेशों की घुट्टी पृथक से पीनी पड़ती है। नल आ गया था और आप पानी भी नहीं भर सके। बैठे-बैठे सब्जी-मण्डी से ताजी सब्जियाँ ही खरीद लाते। एक बार की घटना और सुनाऊँ। मैंने कविता लिखी और प्रथम श्रोता व पाठक की हैसियत से उसे सुनाना चाहा तो उसने कानों में उँगली डालकर तौबा कर ली, कहा-'माफ करिये, कविता से मुझे परहेज है। हाजमा खराब हो जाता है तथा अन्य कई ट्रबल्स खड़ी हो जाती हैं।



पूरन सरमा

# रजनीगंधा की तरह महकता मन्नू भंडारी का रचना संसार



## साहित्य

लेखिका, अध्यापिका व नाटककार मन्नू भंडारी से मेरा पहला परिचय साड़ी-बांधे, आंखों में काजल लगाये दीपा के माध्यम से हुआ था, जो बासु चैटर्जी की 1974 की फिल्म 'रजनीगंधा' की मुख्य पात्र थी। यह फिल्म मन्नू भंडारी की लघु कथा 'यही सच है' पर आधारित थी। वर्षों बाद जब मैंने इस कहानी को पढ़ा तो मैं एक बार फिर प्रभावित हुआ कि उन्होंने एक महिला के दिल की पेचीदा व जटिल भावनाओं का लगभग सटीक चित्रण इतनी सादगी से किया था कि वह एकदम दिलोदिमाग पर छा गया। सादगी और स्पष्टवादिता मन्नू भंडारी के लेखन का हमेशा ही अटूट हिस्सा रहे हैं और यह बात उनकी 2007 में प्रकाशित आत्म कथा 'एक कहानी यह भी' में भी प्रतिविम्बित होती है, जिसके केंद्र में एक ऐसी महिला नजर आती है, जो घरेलू विवशता व लैंगिक उम्मीदों के बावजूद लिख रही है। हालांकि उनका लेखन कार्य उनके अस्तित्व का केंद्रीय हिस्सा था, लेकिन उसे कभी प्रथम वरीयता नहीं मिल पायी। लिखने के लिए उन्हें समय निकालना पड़ता था, अपनी बेटी की केयर और अपने घर व जॉब का प्रबंधन करते हुए। जो कुछ उन्होंने लिखा वह इनकी कीमत पर नहीं था बल्कि इन जिम्मेदारियों को पूरा करने के बीच में था।

मन्नू भंडारी का जन्म 3 अप्रैल 1931 को भानपुरा, मध्य प्रदेश में हुआ था, लेकिन उनका बचपन अजमेर, राजस्थान में गुजरा, जहां उनके पिता सुखसंपत राय भंडारी स्वतंत्रता सैनानी, समाज सुधारक और पहली अंग्रेजी से हिंदी व अंग्रेजी से मराठी शब्दकोशों को तैयार करने वाले थे। हालांकि सुखसंपत सुधारवादी हिन्दू संगठन आर्य समाज से जुड़े हुए थे, लेकिन मन्नू के अनुसार वह उनके सांवले रंग पर निरंतर उनको अपमानित करते रहते थे। मन्नू अपने दो भाई व तीन बहनों में सबसे छोटी थीं। उनके पिता उदारवादी के साथ परम्परा वादी भी थे। वह मन्नू को शिक्षित करने के पक्ष में तो थे, लेकिन अपनी पत्नी का सम्मान नहीं करते थे। बहरहाल, अजमेर व उसके लोगों ने मन्नू पर अमिट छाप छोड़ी, उनकी कहानियों में अधिकतर पात्र उन लोगों पर आधारित हैं जिनको उन्होंने बड़े होते हुए जाना-पहचाना। मन्नू ने जो पैटर्न अपने माता-पिता के वैवाहिक संबंधों में देखा था वही बाद में उन्हें राजेंद्र यादव (हिंदी साहित्य के एक अन्य दिग्गज) के साथ अपनी शादी में भी देखने को मिला, जिनसे वह 35 वर्ष के वैवाहिक जीवन के बाद अलग हो गईं थीं। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि मन्नू की आत्मकथा का बड़ा हिस्सा उनके वैवाहिक अनुभव को व्यक्त करता है, जिसमें उपसंहार भी शामिल है, जो मूलतः यादव की आत्मकथा 'मुड़ मुड़के देखता हूं' के करारे पलटवार के रूप में लिखा गया था। मन्नू को उम्मीद थी कि एक अन्य लेखक से विवाह करके वह बराबर की रचनात्मक पार्टनरशिप में प्रवेश करेंगी, लेकिन यह आशा प्रारम्भ में ही चकनाचूर हो गई थी, जब यादव ने एक ही छत के नीचे समानांतर जीवन व्यतीत करने पर बल दिया। मन्नू को यह भी जिम्मेदारी दी गई वह जीविकोपार्जन करें व घर के हर पहलू का प्रबंधन करें, जबकि यादव इन जिम्मेदारियों से हमेशा इस 'तुरुप के इक्के' से बचते रहे कि 'मुझे लिखना है ... मेरे हाथ में लेखन कार्य है'। मन्नू ने अपनी आत्मकथा में अनेक घटनाओं का जिक्र किया है जिनसे मालूम होता है कि यादव में 'जमींदारों वाला पुरुष अहंकार था'। लेकिन मन्नू में यादव के प्रति पूर्णतः कड़वाहट नहीं भरी हुई थी। वह शालीनता से स्वीकार करती हैं कि यादव ने उन्हें लिखने के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी अनेक लघु कथाओं को शीर्षक भी दिया, जैसे 'विदूषक'। वह यह भी स्वीकार करती हैं कि यादव ने 'आपका बंटी' उपन्यास पूरा करने में उनकी मदद की कि उनकी बेटी की देखभाल की जब वह उपन्यास पूरा करने के लिए हॉस्टल में ठहरी हुई थीं और बेटी को अकेला छोड़ने पर उन्हें अपराधबोध था। बहरहाल, मन्नू के जीवन को उनके असफल विवाह तक सीमित करना उनके प्रति अन्याय होगा। मन्नू के लेखन को पढ़ने का अर्थ है 1960 व 1970 के दशकों के साहित्यिक वातावरण व उसकी राजनीति को जानना व समझना, जिसमें यादव व मोहन राकेश जैसे लेखकों के ईगो का टकराव भी शामिल है। उनकी बदलती दोस्तियां और एक दूसरे को नीचा दिखाने के प्रयासों को भी मन्नू ने बेबाकी से लिखा है। मन्नू ने उन दोस्तों, परिवारों, परिचितों व अजनबियों की दया के बारे में भी लिखा है, जिनके सहारे वह अपने कठिन दौर को पार कर सकीं।

## आप की बात

### आयात पर निर्भरता

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। अब सौर ऊर्जा क्रांति तेजी से आगे बढ़ रही है।

**अमित कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### आर्थिक प्रगति की चुनौतियां

देश के आर्थिक विकास में अनेक चुनौतियां सामने आकर खड़ी हुई हैं। लेकिन फिर भी भारत धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के जो आंकड़े दिये, उसके मुताबिक पहली तिमाही में भारत की आर्थिक प्रगति दर 7.8 रही जो कि बीती पांच तिमाहियों में सबसे अधिक तो है ही लेकिन आरबीआई के अनुमान से भी 1.3 फीसद अधिक है। येआंकड़े इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं कि अमरीकी टैरिफ को लेकर अर्थव्यवस्था में जिस तरह की चिंताएं देखी जा रही थीं, वे चिंताएं इन आंकड़ों से जरूर कुछ कम होंगी। विकास की यह रफ्तार आगे भी बनी रहेगी ऐसी उम्मीद है, क्योंकि सरकार जीएसटी रिफॉर्म लागू करने जा रही है। इससे देश की आर्थिक प्रगति 2025-26 में सभी अनुमानों को पीछे छोड़कर सात फीसद को भी पार कर सकती है। अन्य सर्वे और आंकड़े भी तेज आर्थिक प्रगति की बात करते हैं। बीते बुधवार को उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2023-24 यह संकेत देता है कि देश का विनिर्माण क्षेत्र वृद्धि कर रहा है, लेकिन ढांचागत चिंताएं बरकरार हैं। वित्त वर्ष 24 में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में मौजूदा मूल्य पर 11.9 फीसदी का इजाफा हुआ लेकिन समग्र उत्पादन 5.8 फीसदी की दर से बढ़ा जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में काफी कम है। उस वर्ष महामारी के बाद इसमें 21 फीसदी की दर से वृद्धि हुई थी। रोजगार में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन प्रति व्यक्ति उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई और वित्त वर्ष 24 में प्रति व्यक्ति शुद्ध मूल्य वर्धन में पिछले वर्ष की तुलना में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। यह ठहराव को दर्शाता है। भारत जैसे श्रम-प्रधान देश के लिए, जहां विनिर्माण क्षेत्र को आय का समर्थन करना चाहिए, ये आंकड़े जरूर चुनौती हैं। दरअसल वर्षों के नीतिगत ध्यान के बावजूद सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी केवल 17 फीसद ही है और रोजगार में केवल 12 फीसदी। यह भारत के लिए आवश्यक स्तर से बहुत कम है। लाखों अर्द्ध कुशल या कम कुशलता वाले श्रमिक हर वर्ष श्रम शक्ति में शामिल हो रहे हैं।

**बिपिन त्रिपाठी, लखनऊ.**

संक्षेप

## ग्रामसभा की भूमि पर अवैध खनन का आरोप

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरान में ग्रामसभा की भूमि पर कथित रूप से अवैध खनन किए जाने का मामला सामने आया है। गांव के निवासी गौरव पुरोहित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि गांव के ही चंद्रपाल सिंह उर्फ बबूल राजा द्वारा ग्रामसभा की भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध खनन कराया जा रहा है। शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस पूरे मामले में संबंधित विभाग के कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत के चलते अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि अवैध खनन से ग्रामसभा की भूमि को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। गौरव पुरोहित ने आरोप लगाया कि शिकायत करने वाले ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने और डराने-धमकाने की बातें कही जाती हैं, जिससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है और लोग खुलकर सामने आने से कतरा रहे हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि अवैध खनन से जुड़े वीडियो साक्ष्य भी उनके पास मौजूद हैं।

## तामेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़

फतेहपुर सिद्ध पीठ ताबेश्वर मंदिर में आज पूर्व बार अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे के पुत्र पवन कुमार दुबे के जन्मोत्सव के उपलक्ष में भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजक पक्ष की ओर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को पूड़ी सब्जी एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। समारोह में मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी, जिससे लोगों ने सामूहिक रूप से भाग लिया और आनंद लिया।कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य जनभंडारे के अवसर पर कई स्थानीय नेता, समाजसेवी और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। प्रमुख उपस्थितों में रमेश सिंह भदौरिया, अभिषेक सिंह, सुधीर सिंह, विवेक दुबे, एस. पी. सिंह, अतुल अवस्थी, अनिल साहू, विवेक श्रीवास्तव, गोलू, पूर्वक, धर्मेंद्र सिंह चौहान, अजीत सिंह राठौर, मयंक पांडे सहित अन्य गणमान्य लोग रहे। उपस्थित अतिथियों ने आयोजकों को शुभकामनाएँ दीं और सामाजिक सौहार्द तथा परोपकार के इस प्रयास की प्रशंसा की।समारोह का उत्सव और व्यवस्थाएँसुबह से ही मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें पुजारी और परिवार के सदस्य शामिल रहे। पूजा के बाद भंडारे की व्यवस्था की गई और बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे।प्रसाद में पारंपरिक उत्तर भारतीय व्यंजन पूड़ी-सब्जी और मीठे के रूप में बूंदी रखी गई। आयोजकों ने सुनिश्चित किया कि प्रसाद स्वच्छता के मानकों के अनुरूप और समय पर वितरित हो।

## अयोध्या प्रधान डाकघर मे आधार कार्ड काउंटर का हुआ शुभारम्भ

अयोध्या। अयोध्या प्रधान डाकघर में समारोह पूर्वक अब प्रत्येक रविवार को आधार नामांकन एवं अद्यतन की सुविधा का शुभारम्भ अयोध्या मण्डल के अधीक्षक डाकघर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर व कम्प्यूटर के माध्यम से किया। भारतीय डाक विभाग अयोध्या मंडल द्वारा आमजन को आधार संबंधी सेवाएं अधिक सुगम, सुलभ एवं सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। अब प्रत्येक रविवार को भी आधार सेवाएं लोगों को मुहैया होंगी। यह सुविधा प्रत्येक रविवार को 10 बजे से सांय 6 बजे तक चलाई जाएगी। डाक अधीक्षक अयोध्या मण्डल श्री श्रीवास्तव ने बताया कि कार्य दिवस के अलावा अब प्रत्येक रविवार को आधार सेवाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके तहत नागरिकों को आधार नामांकन, आधार में नाम संशोधन, पता परिवर्तन, मोबाइल नंबर अपडेट, जन्मतिथि संशोधन, बायोमेट्रिक अपडेट सहित विभिन्न आधार संबंधी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस दौरान सहायक अधीक्षक ओमेश्वर सिंह, प्रभारी सीनियर पोस्टमास्टर जे पी वर्मा, विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, विनीत कुमार सिंह,सहित दर्जनों आधार के ग्राहक मौजूद रहे।

# बसपा संगठन के तेवर कड़े

## काम न करने वाले पदाधिकारियों पर गिरेगी गाज



ललितपुर। बसपा मुख्य मण्डल प्रभारी लालाराम अहिरवार एवं मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईया ने जिला कार्यालय पर पार्टी के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। मुख्य मण्डल प्रभारी लालाराम अहिरवार ने सभी पदाधिकारियों को आगामी रणनीतिक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। रामबाबू चिरगईया ने 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुये सभी पदाधिकारियों को जमीन पर उतरकर काम करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले 10 दिनों तक संगठन के हर कार्य की बारीकी से मॉनिटरिंग की जाएगी। मण्डल प्रभारियों ने साफ चेतावनी दी है कि तय समय में काम पूरा न होने या लापरवाही बरतने पर संबंधित पदाधिकारियों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुख्य मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार व मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईया,जानकी प्रसाद बौद्ध जिलाध्यक्ष,राम सिंह कुशवाहा मंडल प्रभारी, केहर सिंह गौतम मंडल प्रभारी झांसी मंडल,तनशुराम प्रधान मंडल प्रभारी झांसी मंडल,रामकिशन बैजनाथ विधान सभा प्रभारी महरौनी,प्रेमपाल विधान सभा प्रभारी महरौनी, अभिषेक गौतम विधानसभा प्रभारी ललितपुर, राकेश कुशवाहा, जिला संयोजक भाईचारा,संतोष अहिरवार विधानसभा अध्यक्ष ललितपुर, रामबगस अहिरवार विधान सभा अध्यक्ष महरौनी, इंजीनियर संतोष विधानसभा महासचिव, विजय कुमार विधानसभा महासचिव महरौनी, तुलाराम राजपूत विधान सभा सचिव, ठाकुरदास विधानसभा खजांची ललितपुर, इमरान खान की विधानसभा उपाध्यक्ष महरौनी, दीपक कुमार टीकरा पूर्व जिलाध्यक्ष, हाजी मु. फैयाज,संजय चैधरी पूर्व नगर उपाध्यक्ष, गुड्डू भारती, धर्मेंद्र बरखेरा पूर्व मंडल प्रभारी, देवेंद्र मैनबार आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल ने अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ आंदोलन का किया ऐलान

ललितपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक जिला व्यापार मंडल कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों एवं आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विद्युत विभाग की अघोषित कटौती, बार-बार हो रही ट्रिपिंग, स्मार्ट मीटर के नाम पर कथित रूप से की गई अतिरिक्त वसूली वापस कराने, स्मार्ट मीटर व्यवस्था बंद कराने, अधिकृत एजेंसी से मीटरों की जांच कराने, पेयजल योजना के तहत खोदी गई सड़कों का शीघ्र निर्माण, मेडिकल कॉलेज को रेफर सेंटर की स्थिति से बाहर लाने, नगर की चैड़ी नालियों व नालों को ढकने तथा अतिक्रमण हटाने से पहले छोटे व्यापारियों के पुनर्वास जैसे मुद्दों पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 19 मई, मंगलवार को सुबह 10 बजे नगर के प्रमुख चैराहों पर दोपहिया वाहनों के साथ सैकड़ों व्यापारी प्रदर्शन करेंगे और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद 21 मई, गुरुवार को शाम 7 बजे चैधरी मार्केट स्टेशन रोड से जिला पंचायत स्थित विद्युत कार्यालय तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि यदि इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जिला बंद करने जैसा बड़ा निर्णय लिया जा सकता है। व्यापारी नेताओं ने नगर के सभी व्यापारियों एवं आमजन से 19 मई को सुबह 10 बजे अपने-अपने दोपहिया वाहनों के साथ श्री जगदीश मार्केट पहुंचने तथा 21 मई को मशाल जुलूस में शामिल होने की अपील की। बैठक में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, जिला महामंत्री अनिल जैन, नगर अध्यक्ष महेश जैन, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक जैन अनौरा, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज अध्यक्ष मुकेश जैन, गल्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव जैन, प्रांतीय सदस्य अभय जैन एड., वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सराफ, मंडल उपाध्यक्ष संतोष साहू, मंडल संगठन मंत्री अवध बिहारी उपाध्याय, नगर युवा अध्यक्ष मनोज सोनी मज्जू, जिला युवा महामंत्री राजीव सुडेले, जिला संगठन मंत्री ज्ञान प्रकाश खंडेलवाल, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय नारायण शर्मा, पार्षद आलोक जैन मयूर, आईटी मंच अध्यक्ष अंकित सतभैया, जिला मंत्री मनोज जैन, नगर उपाध्यक्ष विनोद जैन, जिला मंत्री रामप्रकाश साहू, जिला संगठन मंत्री बृजेश रावत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## क्षत्रिय महासभा ने मनायी पृथ्वीराज चौहान की जयंती



बांदा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने राष्ट्र स्वाभिमान, वीरता एवं पराक्रम के प्रतीक सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती का आयोजन शहर के कालूकुआं स्थित एक होटल में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्राट पृथ्वीराज चैहान के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया गया। उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय मंत्री नारायण सिंह का पुष्पगुच्छ, मालाओं से स्वागत किया गया। अजय सिंह जिन्हें सम्राट कुणाल करणी सेना का चित्रकूट मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया उन्हें भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार ने सम्राट पृथ्वीराज चैहान के जीवन चरित्र, वीरता, अदम्य साहस एवं राष्ट्ररक्षा के लिए किए गए संघर्षों पर प्रकाश डाला। जयराम सिंह बछेरा ने कहा कि पृथ्वीराज चैहान से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि राष्ट्र सर्वोपरि है। ईशान सिंह ने समाज में सामाजिक समरसता एवं एकजुटता पर बल दिया। लवलेश सिंह चैहान ने सम्राट पृथ्वीराज चैहान की शब्दभेदी कला का उल्लेख किया। प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष एस.के. सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फूल सिंह जादौन ने राष्ट्रनायकों से प्रेरणा लेने का आहवान किया। पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी सबल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार ने भगवान नारायण, माता लक्ष्मी के चित्र सभी को भेंट किए। इस दौरान अरिमर्दन सिंह, रणवीर सिंह चैहान, धनंजय सिंह, दीपक सिंह जादौन, शिव किशोर सिंह राठौर, गुलाब सिंह जादौन, पतिराखन सिंह चंदेल, नगर अध्यक्ष बी.एन. सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह, शैलेंद्र सिंह जादौन, रामबहादुर सिंह चैहान, नैपाल सिंह, डा० राजेंद्र सिंह चैहान आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन में पथराव से बच्ची घायल, आरपीएफ ने की बैठक

बांदा। अतर्रा-खुरहण्ड रेलवे सेक्शन में चलती ट्रेन पर पथराव की घटना सामने आई है। इस घटना में एक पांच वर्षीय बच्ची घायल हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने थाना अतर्रा में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। रेलवे सुरक्षा बल बांदा में तैनात उप निरीक्षक अतुल कुमार 14 मई को दिवस अधिकारी की ड्यूटी पर थे। ड्यूटी के दौरान शाम लगभग 7:30 बजे कंट्रोल झांसी से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 14116 अंबेडकर नगर एक्सप्रेस के कोच एस-3 की बर्थ संख्या 48 पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर मारा है, जिससे एक यात्री घायल हो गया। सूचना मिलने पर रेलवे अधिकारियों ने यात्री हरिचरण पाल से संपर्क किया, जो मिर्जापुर जनपद के निवासी बताए गए हैं और प्रयागराज से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे। यात्री ने बताया कि ट्रेन अतर्रा स्टेशन से निकलने के लगभग पांच से छह मिनट बाद रेलवे फाटक संख्या 472 के पास पहुंची थी, तभी बाईं ओर से करीब 13-14 वर्ष के एक लड़के ने अचानक पत्थर फेंका। पत्थर उनकी पांच वर्षीय बेटी पीहू पाल के सिर में जाकर लगा, जिससे वह घायल हो गई। बताया गया कि घटना स्थल के पास सिमरिया मिरदहा गांव पड़ता है। रेलवे अधिकारियों ने इसे रेल अधिनियम की धारा 152 के तहत गंभीर अपराध मानते हुए थाना अतर्रा में अभियोग पंजीकृत करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। घटना की सूचना टीटीई विकास जैन द्वारा दी गई थी। वहीं थाना प्रभारी के निर्देश पर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे ट्रैक के आसपास असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी नहीं होने के कारण इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं आरपीएफ ने थाने में बैठक कर क्षेत्रीय गणमान्य लोगों को जागरूक किया।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये पत्रकार गोपीकृष्ण तिवारी

ललितपुर। प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय अमर शहीद पत्रकार भवन में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्व.पं. गोपीकृष्ण तिवारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार पं.अशोक गोस्वामी की पूज्य माताजी के आकस्मिक निधन पर भी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के संरक्षक मंडल, पदाधिकारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने स्व.पं. गोपीकृष्ण तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अशोक गोस्वामी की माताजी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। उपस्थित सभी पत्रकारों एवं सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने कहा कि पं. गोपीकृष्ण तिवारी ने अपना पूरा जीवन निष्पक्ष, निर्भीक और जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता को समर्पित किया। जनपद के विकास और समाजहित में उनकी लेखनी सदैव याद रखी जाएगी। वरिष्ठ पत्रकार पं.सुनील शर्मा, हरीशंकर अहिरवार, पं.धर्मेंद्र कृष्ण तिवारी के अलावा अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, पूर्व कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा एड., दिनेश संज्ञा, कृष्णबिहारी उपाध्याय, अशोक गोस्वामी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। संचालन प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी ने किया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में प्रेस क्लब की ओर से स्व.पं.गोपीकृष्ण तिवारी की स्मृति में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार एवं प्रेस क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

## बिगड़ी विद्युत व्यवस्था के विरोध में किया 2 घंटे का मौन सत्याग्रह



ललितपुर। स्थानीय कम्पनी बाग में बुन्देलखण्ड विकास सेना द्वारा सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में ललितपुर शहर की बिगड़ी हुई विद्युत व्यवस्था के विरोध में 2 घंटे का मौन सत्याग्रह किया। इस दौरान ललितपुर शहर में बिगड़ी हुई विद्युत व्यवस्था पर जनता के लाखों वोटों से जीते हुए जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। टीटू कपूर ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में बार बार होने वाली अघोषित कटौती तथा विद्युत उपकरणों, ट्रान्सफार्मरों और तारों के उचित रखरखाव की कमी के कारण जनता कीड़े मकोड़े की तरह नारकीय जीवन जीने को विवश है। उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा तो चिन्ता की बात यह है कि जनता के लाखों वोटों से जीतने वाले जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या के लिए चुप्पी साध रखी है। इन सब बातों से प्रदेश सरकार की साख को बट्टा लग रहा है। इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में पड़ सकता है। बु.वि. सेना प्रमुख ने जनप्रतिनिधियों से अपील की है वे जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का उचित तरीके से निर्वहन करें। और विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देशित करें। सत्याग्रह के दौरान अमरसिंह बुन्देला,फईम शबनम, खुशाल बरार,संजू राजा,भैयन कुशवाहा, नन्दराम कुशवाहा, सुरेश झा, कामता प्रसाद भट्ट, बलराम चैहान,सुजीत धानुक,प्रमोद धानुक, आशाराम नगेले, रामप्रकाश झा, कदीर खां, टिंकू सोनी,पंकज रैकवार, हरदेव पटेल,रामू साहू,ऊदल सिंह,सतीष अहिरवार, रामराजा, राजेन्द्र,पवन झा आदि मौजूद रहे।

## मृतक की पत्नी को पूर्व मुख्यमंत्री ने दी आर्थिक सहायता



बांदा। एक माह पहले सरार्फा व्यापारी की गोली मारकर हत्या किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद की है। बबेरू कस्बे के दूल थोक निवासी तेज प्रकाश सोनी उर्फ पप्पू की सरार्फा मार्केट में शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। समाजवादी पार्टी के क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव ने सरार्फा व्यापारी की गोली मारकर हत्या की जानकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को घटना से अवगत कराया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मृतक की पत्नी स्नेहा, ससुर हरिप्रसाद को लखनऊ बुलाकर दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक दिया है। उन्हें आगे भी मदद का भरोसा दिलाया।

## मौरंग कारोबारी पर दबंगई का आरोप

फतेहपुर। जनपद की चर्चित संगोलीपुर गढ़ा मौरंग खदान से जुड़ा एक और मामला सामने आ गया है जिससे खनन कारोबारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। इस बार सम्पूर्ण समाधान दिवस पर खागा तहसील पहुंचे एक किसान ने संगोलीपुर गढ़ा मौरंग खदान के मौरंग कारोबारी पर दबंगई दिखाने, धमकाने और बिना मुआवजा दिए उसकी भूमिधरी जमीन का उपयोग रास्ते के रूप में करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। तहसील दिवस में अधिकारियों के सामने अपनी पीड़ा बताते हुए किसान भावुक हो गया। उसने कहा कि उसकी भूमिधरी जमीन को खदान तक आने-जाने वाले भारी वाहनों के रास्ते के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन आज तक उसे कोई मुआवजा नहीं दिया गया। किसान का आरोप है कि खदान का संचालननवम्बर-दिसंबर से लगातार किया जा रहा है और उसी समय से उसकी जमीन पर वाहनों की आवाजाही बनी हुई है। पीड़ित किसान ने बताया कि जब भी वह मौरंग कारोबारी से मुआवजे की मांग करता है तो उसे धमकाया जाता है और दबाव बनाकर चुप रहने को कहा जाता है। किसान का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के लगातार गुजरने से सड़क और खेतों में धूल का गुबार उड़ता है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। इस कारण खेतों की उपज घटने के साथ ही परिवार की आर्थिक स्थिति भी खराब होती जा रही है। किसान ने यह भी आरोप लगाया है कि न्याय की उम्मीद में वह कई बार अधिकारियों के चक्कर लगा चुका है। शिकायत और पैरवी में इतना पैसा खर्च हो गया कि उसे अपने बच्चों की फीस तक के पैसे लगाने पड़े। इसके बावजूद अभी तक उसे कोई राहत नहीं मिली है। हालांकि तहसील दिवस में मौजूद अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए जांच कराने और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## कांग्रेस का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह सम्पन्न



ललितपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को नेहरू महाविद्यालय स्थित तुलसी सभागार में जिला, नगर, ब्लॉक एवं बूथ कमेटियों के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मुकुट सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए महंगाई, स्मार्ट मीटर, पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा। जिला प्रभारी मुकुट सिंह ने कहा कि जनता वर्तमान नीतियों से परेशान है और बदलाव चाहती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला ने छात्रों से जुड़े मुद्दों और पेपर लीक जैसे मामलों को उठाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा एवं पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है और सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति के जिला प्रभारी ने कहा कि कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों से लोगों को अवगत करायें, जिससे कि लोगों को उनके अधिकार समझ आयें और वह अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकें।

## मवेशी चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का सदस्य गिरफ्तार




बांदा। थाना जसपुरा पुलिस ने भैंस, बकरी आदि जानवरों की चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह के एक सदस्य अनिल पुत्र शिवबरन निवासी कानाखेड़ा थाना पैलानी को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना जसपुरा पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर जसपुरा झंझरीपुरवा मार्ग पर जंगल में एक व्यक्ति लेटा है जो बांदा व आस-पास के जनपदों में भैंस, पड़वा, बकरी आदि जानवरों की चोरी करता है। सूचना पर तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उसे पकड़कर नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से कुल 34 हजार 900 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने सुनसान स्थान पर लेटने व बरामद रुपए के बारे में पूछताछ की तो अनिल ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया गया कि उसने अपने एक अन्य साथी के पशु चोरी की नीयत से घूमते रहते है। ग्राम खप्टिहांखुर्द से भैंस व पड़वा चोरी करके अपने गांव कानाखेड़ा ले गया जिसे बाद में एक अज्ञात व्यक्ति को बेच दिया था, ये उसी भैंस व पड़वा चोरी की बिक्री से प्राप्त रुपए है।

## रिंद नदी में नहा रहे 4 युवक डूबे



फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिंद नदी में नहाने गए छह युवक तेज बहाव में फंस गए। घटना की सूचना यू.पी. डायल 112 को प्राप्त होते ही ललौली पुलिस और यू.पी.112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से बचावकार्य संचालित किया गया। बचावकर्मियों ने सभी छह युवकों को पानी से बाहर निकाला; इनमें से दो को बचा लिया गया जबकि चार युवकों की चिकित्सकीय जांच के बाद मृत्यु की पुष्टि हुई।घटना का क्रम और बचावकार्यप्राप्त जानकारी के अनुसार सभी छह युवक 18 से 20 वर्ष आयु के थे और नहाने के लिए नदी में उतरे थे। नदी के उस हिस्से में पानी का बहाव तीव्र होने के कारण वे अचानक बहाव में फंस गए।यू.पी.112 की तत्काल सूचना के बाद पुलिस और स्थानीय गोताखोर घटनास्थल पर पहुंचकर एक साथ बचावकार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी बचाव में सक्रिय भूमिका निभाई।पानी से बाहर निकाले गए छह युवक तुरंत नजदीकी सी.एच.सी बिंदकी भेजे गए।चिकित्सकीय स्थिति और मौतों कीपुष्टिसी.एच.सी बिंदकी में चिकित्सकों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया। दो युवक जिनकी हालत स्थिर बताई जा रही है, उनका प्राथमिक उपचार किया गया और आवश्यक चिकित्सा परीक्षण चल रहे हैं। गंभीर प्राथमिक चोटों या अन्य कारणों के संबंध में चिकित्सीय रिपोर्ट आने पर ही विस्तृत वजह बताई जाएगी।प्रशासनिक कार्रवाई और मुआवजे की जानकारीमृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई और मुआवजे तथा सरकारी सहायकों से संबंधित प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया है। घटना की सूचना उपजिलाधिकारी बिंदकी को दी गई है और उपजिलाधिकारी द्वारा अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम और विधिक प्रक्रियाएँ शुरू कर दी गई हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई पुलिस द्वारा लोक अभियोजन और संबंधित अधिकारियों के निदेर्शानुसार की जाएगी।

## ड्रंक एंड ड्राइव अभियान के तहत 65 चालान



महोबा। सड़क सुरक्षा, यातायात अनुशासन एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में 16 मई 2026 को पूरे जनपद में ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाया गया। अभियान के तहत यातायात प्रभारी सुनील सिंह ने पुलिस टीम के साथ जनपद के प्रमुख टोल प्लाजा एवं मुख्य मार्गों पर पुलिस टीमों द्वारा सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से यातायात वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई। सायंकालीन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेल्मेट वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट वाहनों, तीन सवारी बैठाकर वाहन संचालन करने वालों, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वालों, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वाले व्यक्तियों तथा संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की गहन जांच एवं पूछताछ की गई। अभियान के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव एवं प्रेशर हॉर्न संबंधी कुल 65 चालान किए गए, जिन पर लगभग 6 लाख 50 हजार रूपए का शुल्क अधिरोपित किया गया।

## अनुबंधित बस में आग की आशंका से यात्री कूदे

बांदा। बांदा से चित्रकूट जा रही एक अनुबंधित बस के इंजन से अचानक धुआं निकलने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना खुरहंड चैराहे के पास हुई, जहां आग लगने की आशंका पर दो दर्जन से अधिक यात्रियों को बस से उतरना पड़ा। हालांकि, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। बस बांदा बस अड्डे से चित्रकूट के लिए रवाना हुई थी। खुरहंड चैराहे के पास पहुंचते ही बस के इंजन से चिंगारी के साथ धुआं उठने लगा। यात्रियों ने तुरंत सुरक्षित बाहर निकलना शुरू कर दिया। यात्री बीडी तिवारी, मोनू, शिवपाल ने बताया कि इंजन अत्यधिक गर्म होने के कारण धुआं निकल रहा था। स्थिति को देखते हुए, सभी यात्रियों को तुरंत बस से सुरक्षित उतारा गया। बाद में, उन्हें दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। बांदा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक डीके चैबे ने इस संबंध में बताया कि यह बस उनके डिपो की नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह चित्रकूट डिपो की अनुबंधित बस थी। उन्हें घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हो रहा है।

संक्षेप

## अपनी टेक्नोलॉजी प्रतिभाओं का विस्तार कर रही इनमोबी

लखनऊ। इनमोबी लखनऊ में अपनी टेक्नोलॉजी प्रतिभाओं का विस्तार कर रही है। इसी क्रम में, कंपनी ने 18 और 19 मई को भर्ती अभियान (हायरिंग ड्राइव) आयोजित करने की घोषणा की है। गोमती नगर स्थित इनमोबी के कार्यालय में आयोजित यह पहल संयोग से शहर में बड़े मंगल के उत्सव के दौरान हो रही है, जिससे स्थानीय युवाओं और तकनीकी पेशेवरों के लिए अपने ही शहर में करियर बनाने के नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। यह विस्तार क्षेत्र के सबसे अनुभवी तकनीकी विशेषज्ञों के लिए लखनऊ शहर से वैश्विक स्तर के उत्पाद बनाने का एक सीधा आह्वान है। लखनऊ में इन महत्वपूर्ण भूमिकाओं को लाकर, इनमोबी शीर्ष प्रतिभाओं को महानगरों की ओर पलायन करने की आवश्यकता से मुक्त कराएगा और उन्हें शहर में ही विश्वस्तरीय कार्य संस्कृति तथा उन्नत तकनीकी अवसरचना उपलब्ध कराएगा।

## द्विपक्षीय बातचीत से समुद्री मार्ग से कच्चे तेल की आपूर्ति में सुधार संभव : मूडीज

नयी दिल्ली। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव जल्द खत्म होने की संभावना कम है और ऐसे में होर्मुज जलडमरूमध्य के पूरी तरह खुलने की उम्मीद भी फिलहाल नहीं दिख रही है। एजेंसी ने अपनी भू-राजनीतिक जोखिम संबंधी वैश्विक रिपोर्ट में कहा कि ऊर्जा आपूर्ति के लिए समुद्री मार्गों पर आवाजाही धीरे-धीरे सुधर सकती है, लेकिन यह सामान्य तरीके से नहीं बल्कि द्विपक्षीय समझौतों के जरिये होगी। इसके तहत चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे तेल आयातक देश ईरान के साथ अलग-अलग स्तर पर सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने की कोशिश कर सकते हैं। मूडीज के अनुसार, लारक द्वीप और ओमान के समुद्री क्षेत्र के पास कुछ समन्वित पारगमन गलियारे उभर रहे हैं, लेकिन 2026 में भी संघर्ष-पूर्व स्तर की आवाजाही बहाल होना मुश्किल दिखता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अगले छह महीनों में जलडमरूमध्य में सुरक्षित आवाजाही फिर शुरू भी हो जाती है, तब भी वैश्विक तेल बाजार आपूर्ति संकट से जूझता रहेगा। इससे ऊर्जा कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहेगा और लागत, मांग तथा वित्तीय परिस्थितियों पर असर पड़ेगा। मूडीज़ ने अनुमान जताया कि इस वर्ष ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 90 से 110 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रह सकती हैं। हालांकि, नए भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के चलते कीमतों में इससे बाहर भी तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। एजेंसी के मुताबिक, यदि ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक 90-110 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी रहती हैं तो कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में 0.2 से 0.8 प्रतिशत अंक तक की कमी आ सकती है। मूडीज ने कहा कि भारत सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है क्योंकि उसके करीब 46 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात पश्चिम एशिया से होता है। ऊंची तेल कीमतों से रुपये पर दबाव बढ़ सकता है और चालू खाते के घाटे (कैड) तथा राजकोषीय प्रबंधन पर असर पड़ सकता है। एजेंसी ने मई के अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में 2026 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.8 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है।

## स्टार्टअप को बिना गारंटी 10 करोड़ रुपये तक का कर्ज देगी सरकार

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं की अगुवाई वाले स्टार्टअप और स्वयं सहायता समूहों को 10 करोड़ रुपये तक का बिना गारंटी का कर्ज उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा बनाए गए स्वदेशी उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने के लिए शहर के मॉल और बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में भी विशेष मंच उपलब्ध कराए जाएंगे। गुप्ता ने बयान में कहा, राजधानी की महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है। महिल स्वयं सहायता समूहों और स्टार्टअप के लिए 10 करोड़ रुपये तक के बिना किसी गारंटी के ऋण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे कर्ज के लिए दिल्ली सरकार स्वयं गारंटी देगी। उन्होंने शनिवार को रोहिणी में आयोजित दो दिवसीय मेगा स्वयं सहायता समूह मेला-2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और एक जिला, एक उत्पाद की अवधारणा को बढ़ावा दे रहे हैं।

# अमेरिका-ईरान संघर्ष तय करेंगे बाजार की चाल




नयी दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कच्चे तेल की लगातार बढ़ती कीमतों का असर इस सप्ताह भी भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिल सकता है।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि महंगाई की चिंता और रुपये में कमजोरी निवेशकों की बेचैनी बढ़ा रही है, जिससे दलाल पथ में भारी उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। पिछले सप्ताह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96 के स्तर से नीचे फिसल गया। रुपये की इस कमजोरी ने निवेशकों की चिंता और बढ़ा दी है। जानकारों के मुताबिक, आने वाले दिनों में रुपये की चाल बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी। निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान संघर्ष और उसके वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर पर बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों, महंगाई और वैश्विक जोखिम धारणा में होने वाले बदलाव का सीधा असर भारतीय बाजारों पर पड़ सकता है। ऊर्जा बाजार और रुपये में उतार-चढ़ाव निकट भविष्य में बाजार की चाल तय करेंगे। बाजार में इस समय काफी उतार-चढ़ाव है। अमेरिका-ईरान विवाद से जुड़ी हर नई जानकारी निवेशकों की धारणा को प्रभावित कर सकती है। होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी किसी भी घटना पर वैश्विक बाजारों की नजर रहेगी, क्योंकि यह दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग माना जाता है। यदि कूटनीतिक स्तर पर तनाव कम करने की दिशा में कोई सकारात्मक संकेत मिलता है तो बाजार में तेजी लौट सकती है। वहीं तनाव बढ़ने या तेल आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में शेयर बाजार, मुद्रा बाजार और जिंस बाजारों में भारी दबाव देखने को मिल सकता है। इस बीच, ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 109 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई हैं। तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई को लेकर चिंता और गहरा दी है। इस सप्ताह निवेशकों की नजर भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के साथ-साथ चीन, अमेरिका और भारत से आने वाले आर्थिक आंकड़ों पर भी रहेगी। इसके अलावा फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा भी बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। कंपनियों के तिमाही नतीजों का असर भी विभिन्न शेयरों पर दिखाई देगा। इस सप्ताह इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल), गेल और एनटीपीसी जैसी बड़ी कंपनियां अपने वित्तीय परिणाम घोषित करेंगी। पिछले सप्ताह शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली थी। बीएसई सेंसेक्स 2,090.20 अंक यानी 2.7 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 532.65 अंक यानी 2.2 प्रतिशत लुढ़क गया।

# एफपीआई की बिकवाली का सिलसिला जारी शेयर बाजार से 27,048 करोड़ रुपये निकाले



नयी दिल्ली। वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी का सिलसिला जारी है। एफपीआई ने मई में अबतक भारतीय बाजार से शुद्ध रूप से 27,048 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं।

एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही 2026 में अबतक एफपीआई कुल 2.2 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। यह राशि पूरे 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशक फरवरी को छोड़कर इस साल के सभी महीनों में बिकवाल रहे हैं। जनवरी में एफपीआई ने 35,962 करोड़ रुपये निकाले थे। हालांकि, फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो पिछले 17 माह का सबसे बड़ा मासिक निवेश था। इसके बाद मार्च में रुख फिर बदल गया और विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी की। अप्रैल में भी बिकवाली जारी रही और एफपीआई ने 60,847 करोड़ रुपये निकाले। मई में भी यह प्रवृत्ति बनी हुई है। वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर अनिश्चितता, विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण उभरते बाजारों में निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर की मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल ऊंचे स्तर पर रहने से विकसित बाजारों में निवेश अपेक्षाकृत अधिक आकर्षक हो गया है। इससे निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर रुख कर रहे हैं। वैश्विक मुद्रास्फीति की दिशा और प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में संभावित कटौती को लेकर बनी अनिश्चितता ने भी निवेश निर्णयों को प्रभावित कर रही है। लगातार एफपीआई बिकवाली और चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि से रुपये पर दबाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष की शुरुआत में रुपया डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर पर था, लेकिन 15 मई को यह गिरकर 96.14 प्रति डॉलर तक पहुंच गया।

## हाइब्रिड म्यूचुअल फंड ने बीते वित्त वर्ष में 1.55 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया

नयी दिल्ली। बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने संतुलित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया है, जिसके चलते हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 1.55 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड एक साथ कई तरह की संपत्तियों में निवेश करता है। मसलन शेयर, बॉन्ड आदि में। इसका उद्देश्य जोखिम और प्रतिफल में संतुलन बनाना होता है। भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग के संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, मार्च, 2026 तक हाइब्रिड फंड के फोलियो बढ़कर 1.9 करोड़ हो गए, जबकि एक साल पहले यह संख्या 1.56 करोड़ थी। इस दौरान लगभग 34 लाख नए निवेशक खाते जुड़े। इस श्रेणी की परिसंपत्तियों का प्रबंधन (एयूएम) भी बढ़कर 10.35 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2025 में 8.83 लाख करोड़ रुपये था। हाइब्रिड फंड ने मजबूत वृद्धि दर्ज की है क्योंकि निवेशक अस्थिर समय में संतुलित निवेश विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। एयूएम में वृद्धि यह दर्शाती है कि निवेशक विविध पोर्टफोलियो और परिसंपत्ति आवंटन आधारित निवेश को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं।

# नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.12 लाख करोड़ रुपये घटा



नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और रुपये में कमजोरी के कारण बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली। इसके चलते देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 3.12 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई। सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ।

सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,090.2 अंक यानी 2.7 प्रतिशत टूट गया, जबकि निफ्टी में 532.65 अंक यानी 2.2 प्रतिशत की गिरावट आई। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, जबकि अन्य के मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,34,445.77 करोड़ रुपये घटकर 18,08,420.81 करोड़ रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 52,245.3 करोड़ रुपये घटकर 8,88,862.32 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 47,415.04 करोड़ रुपये घटकर 8,19,062.65 करोड़ रुपये रह गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन [8377]27,892.28 करोड़ रुपये घटकर 5,66,717.74 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,630.01 करोड़ रुपये घटकर 11,82,069.25 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 14,290 करोड़ रुपये घटकर[8377]8,92,385.39 करोड़ रुपये रह गई। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 9,078.87 करोड़ रुपये घटकर 5,37,542.34 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 3,970.8 करोड़ रुपये घटकर 5,33,592.18 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार मूल्यांकन 2,182.12 करोड़ रुपये घटकर 5,05,367.32 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 42,470.13 करोड़ रुपये बढ़कर 11,60,525.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# गर्मी की फसल बाजार में आने की संभावना, तेल-तिलहन में गिरावट



नयी दिल्ली। गुजरात में गर्मी की मूंगफली फसल आने की संभावना के बीच बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम टूट गये जबकि कमजोर आवक और मांग बढ़ने से सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए।

बीते सप्ताह सरकार ने आयातित तेलों के आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि की और सीपीओ के लिए यह शुल्क 4.5 रुपये क्विंटल तथा सोयाबीन डीगम तेल के लिए 1.5 रुपये क्विंटल बढ़ा दिया। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में खाद्य तेलों के दाम में बेहद मामूली घट-बढ़ हुई है लेकिन डॉलर के मुकाबले रुपये के अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास मंडराने की वजह से यहां खाद्य तेलों के दाम बढ़े नजर आ रहे हैं। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश के कुछ सोयाबीन प्लांट वालों ने सोयाबीन की खरीद के दाम बढ़ाये हैं जिसकी वजह से बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार आया। उन्होंने कहा कि हालांकि आयातकों द्वारा आयातित खाद्य तेल की पहले के मुकाबले कम घाटे के साथ बिक्री जारी है। पहले आयातक लागत से अधिक नीचे दाम पर आयातित खाद्य तेलों की बिक्री कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि सरसों का तेल काफी सस्ता होने की वजह से इस तेल की मांग है। इसके अलावा किसान भी नाप-तौल कर ही अपने सौदे बेच रहे हैं जिससे उनको दाम भी अच्छे मिल रहे हैं। इस बार सोयाबीन, सरसों, बिनौला का जो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कहीं अधिक दाम किसानों को मिला है, उससे उम्मीद की जा रही है कि आगे इन फसलों की खेती का रकबा और बढ़ सकता है। सस्ता होने की वजह से मांग बढ़ने के कारण सरसों तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार आया। उन्होंने कहा कि कपास नरमा का भाव एमएसपी से 10-11 प्रतिशत अधिक है और यह दाम बढ़कर 9,000 रुपये क्विंटल से अधिक हो गया है। आवक कम रहने और मांग बढ़ने के बीच बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। सूत्रों ने कहा कि 90 के दशक में कई राज्यों में तिलहन फसलों की अच्छी खेती होती थी जिस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिये जाने की वजह से धीरे-धीरे खेती खत्म होती चली गई। आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में सूरजमुखी की खेती लगभग 27 लाख हेक्टेयर में होती थी। इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिये जाने की वजह और कुछ महंगाई के नाम पर किसानों को लाभ से वंचित करने वाले समीक्षकों की वजह यह खेती आज लगभग खत्म हो चली है। उन्होंने कहा कि किसानों को आज भी फसल के अच्छे दाम दिये जायें और उनके खाद्य तेलों के खपने की स्थितियां बना दी जायें तो देश के किसान किसी भी सहायता के बगैर अकेले तिलहन उत्पादन बढ़ाने की क्षमता रखते हैं।

# उत्तरी अमेरिका, उत्तर-पूर्व एशिया, लातिनी अमेरिका का भारत के निर्यात में हिस्सा बढ़कर 35 प्रतिशत पर



नयी दिल्ली। भारत के माल निर्यात में अब पारंपरिक बाजारों के साथ-साथ नए क्षेत्रों की हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ रही है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बीते वित्त वर्ष (2025-26) में उत्तरी अमेरिका, उत्तर-पूर्व एशिया और लातिनी अमेरिका का भारत के कुल माल निर्यात में 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रहा। इस दौरान देश का कुल माल निर्यात 441.78 अरब डॉलर रहा।

आंकड़ों के मुताबिक, पूर्वी अफ्रीका को भारत का निर्यात 13.7 प्रतिशत बढ़कर 12.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो कुल निर्यात का 2.9 प्रतिशत है। वहीं उत्तरी अफ्रीका को निर्यात 14.8 प्रतिशत बढ़कर आठ अरब डॉलर हो गया और इसकी हिस्सेदारी 1.8 प्रतिशत रही। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि वैश्विक व्यापार में व्यवधानों के बावजूद भारत के निर्यात में भौगोलिक विविधता बढ़ी है और एशिया, अफ्रीका तथा लातिनी अमेरिका में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। उत्तरी अमेरिका अब भी भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार बना हुआ है। इस क्षेत्र को भारत का निर्यात 97.7 अरब डॉलर रहा, जो कुल निर्यात का 22.1 प्रतिशत बैठता है। इसमें सालाना वृद्धि दर 1.3 प्रतिशत रही, जिसे स्थिर और परिपक्व मांग का संकेत माना जा रहा है। सबसे तेज वृद्धि उत्तर-पूर्व एशिया में दर्ज की गई। इस क्षेत्र को भारत का निर्यात 21.6 प्रतिशत बढ़कर 41.6 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 9.4 प्रतिशत हो गई। इस क्षेत्र में भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग उत्पाद, रसायन और औद्योगिक सामान की मांग बढ़ी है। उत्तर-पूर्व एशिया में चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया, मंगोलिया और ताइवान जैसे देश शामिल हैं, जिनकी विनिर्माण क्षमता काफी विकसित मानी जाती है। लातिनी अमेरिका में भी भारत के निर्यात में अच्छी वृद्धि देखने को मिली।

## पेज एक का शेष

### होर्मुज पार

सुरक्षा पर आयोजित विशेष बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि परवथनेनी हरीश ने कहा कि होर्मुज में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना, चालक दल की सुरक्षा को खतरे में डालना और नौवहन की स्वतंत्रता में बाधा पहुंचाना अस्वीकार्य है। इस बीच, 13 मई को ओमान तट के पास एक भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक पोत पर हमला हुआ था। ओमान के अधिकारियों ने सोमालिया से आ रहे उस पोत के सभी 14 चालक दल सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया। हालांकि, हमला किसने किया, इसका तत्काल पता नहीं चल सका।

### दो दिवसीय

से प्रभावित है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों पर आधारित संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों का समर्थन जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। बयान के अनुसार, यूक्रेन के विषय पर दोनों पक्षों ने जारी युद्ध पर भी चिंता व्यक्त की जो अत्यधिक मानवीय पीड़ा का कारण बन रहा है और इसके वैश्विक परिणाम हैं। मोदी ने रविवार को स्वीडन के लिए रवाना होते समय सोशल मीडिया पर किये गए पोस्ट में कहा, मेरी नीदरलैंड यात्रा ने भारत-नीदरलैंड संबंधों को नयी गति प्रदान की है। प्रधानमंत्री ने कहा, अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने से लेकर जल संसाधन, सेमीकंडक्टर, नवाचार, रक्षा, स्थिरता और गतिशीलता में सहयोग का विस्तार करने तक, हमने भविष्य के लिए एक महत्वाकांक्षी खाका तैयार किया है। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री जेटेन ने शिफोल हवाई अड्डे पर पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी को विदा किया। मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में भारत और नीदरलैंड के बीच मित्रता और भी मजबूत होती रहेगी। विदेश मंत्रालय ने एक अलग सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, इस यात्रा के कई अहम परिणाम सामने आए, जिनमें रणनीतिक साझेदारी के लिए एक नए खाके की शुरुआत शामिल है, जो भारत-नीदरलैंड संबंधों को और प्रगाढ़ करेगा और प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के रास्ते खोलेगा। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की संक्षिप्त यात्रा के बाद मोदी शुक्रवार को हेग पहुंचे। यह दो दिवसीय दौरा यूरोप के चार देशों की यात्रा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। इस दौरे में वह नॉर्वे और इटली भी जाएंगे।

### यूपी में

ताकि अगले सप्ताह बड़े समारोह में स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों, 24,296 अनुदेशकों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भारत की शिक्षा की नींव मजबूत करने के लिए निरंतर योगदान दे रहा है, उसे सामाजिक सुरक्षा की गारंटी अवश्य मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ा हुआ मानदेय सीधे बैंक खाते में भेजा जाएगा और कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी इससे जुड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2019 में अनुदेशक बहनों को छह माह का पूर्ण मानदेय सहित मातृत्व अवकाश दिया था। वर्ष 2023 में स्वेच्छा से विद्यालय परिवर्तन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिसके तहत 4,000 से अधिक अनुदेशकों को अपनी पसंद का विद्यालय चुनने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब उनकी सरकार बनी, उस समय बेसिक शिक्षा परिषद की स्थिति बेहद खराब थी। 100 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों में अनुदेशकों की सेवाएं समाप्त करने तक के प्रस्ताव आए थे, लेकिन सरकार ने उन्हें अस्वीकार करते हुए स्कूल चलो अभियान और ऑपरेशन कायाकल्प की शुरूआत की। आज परिणाम यह है कि 96 प्रतिशत बेसिक विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं और विद्यालयों की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि ड्रॉपआउट दर, जो पहले 17-18 प्रतिशत थी, अब घटकर लगभग 3 प्रतिशत रह गई है और सरकार का लक्ष्य इसे शून्य तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बच्चा किसी न किसी प्रतिभा के साथ जन्म लेता है। कोई खेल में अच्छा होता है, कोई कला में, कोई विज्ञान में। शिक्षकों और अनुदेशकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की छिपी प्रतिभा को पहचानें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें। उन्होंने कहा कि बच्चों को दबाने की नहीं, बल्कि प्रेरित करने और सही दिशा दिखाने की जरूरत है। आत्म अनुशासन, समय पालन, स्वच्छता और संस्कार शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने मीडिया से भी अपील करते हुए कहा कि यदि बच्चे श्रमदान करते दिखाई दें तो उसे नकारात्मक रूप में प्रस्तुत न किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को छुई-मुई न बनाएं, उन्हें मजबूत, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। बेसिक शिक्षा परिषद से उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षकों को दंडित करने के बजाय सम्मानित किया जाना चाहिए जो बच्चों में अनुशासन और स्वच्छता की भावना विकसित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प को नीति आयोग ने देश के सामने एक सफलता की कहानी के रूप में प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के सामूहिक प्रयासों से ही यह बदलाव संभव हुआ है। सरकार की साफ नीयत और स्पष्ट नीति के कारण आज प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 60 लाख बच्चे बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं।

### राष्ट्रवाद

सामने होता है। सीएम योगी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान निर्मित हुआ और 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान अंगीकार किया। देश में संसदीय प्रणाली लागू हुई। पर, अभी पहला आम चुनाव भी नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण के जिन कारणों से देश का विभाजन हुआ था, उसे ही फिर से भारत की राजनीति का हिस्सा बनाना प्रारंभ कर दिया। अभी संविधान ठीक ढंग से लागू होना प्रारंभ ही नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण का खेल प्रारंभ किया। सीएम योगी ने कहा कि तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लगा कि एक ऐसा दल गठित करना चाहिए जो भारत की राष्ट्रीयता और बेहतर भविष्य के लिए कार्ययोजना बनाने में योगदान दे सके। तब भारत सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा देकर देश के लिए लड़ने वाले, वीर बलिदानी, महान शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में यह जिम्मेदारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के न चाहने के बावजूद कांग्रेस सरकार ने देश से विश्वासघात करते हुए कश्मीर में धारा 370 और परमिट सिस्टम लागू कर दिया। इसके खिलाफ सबसे पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आवाज उठाई। उस समय उन्होंने कहा था कि एक देश मे दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नही चलेंगे। जब सरकार नहीं मानी तो वे इस अनैतिक, भारत विरोधी, संविधान विरोधी कृत्य का विरोध करने कश्मीर गए। कश्मीर में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और विश्वासघात कर जेल में उनकी हत्या करवा दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलिदानों की यह परंपरा आगे बढ़ती है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के मूल्यों और आदर्शों को आगे बढ़ाने का गुरुतर दायित्व दिया गया। पंडित उपाध्याय एक ऐसे विचारक थे जिन्होंने अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति के लिए भी शासन की योजनाओं का लाभ देने की बात कही, उसकी वकालत की। पंडित उपाध्याय ने कहा था कि समृद्धि का आधार ऊंचे पायदान पर बैठा हुआ व्यक्ति नहीं हो सकता। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली ही राष्ट्र की समृद्धि का आधार होना चाहिए।

### विकास योजनाओं

को उन्नत कर 30 बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। वहीं सितारगंज-टनकपुर फोरलेन मार्ग, ड्रेनेज व्यवस्था, संपर्क सड़कों और मल्टीलेवल पार्किंग परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किच्छा में एम्स सैटेलाइट सेंटर निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि पंतनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं के अनुरूप विकसित करने की दिशा में भी प्रयास जारी हैं। गदरपुर और खटीमा बाईपास परियोजनाओं, खेल सुविधाओं के विस्तार और औद्योगिक विकास से युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जमरानी बहुउद्देशीय बांध परियोजना से सिंचाई और पेयजल आपूर्ति को मजबूती मिलेगी। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि का निर्णय लिया है, जिससे कृषकों को आर्थिक लाभ मिलेगा। राज्य सरकार सभी विकास योजनाओं को गुणवत्ता और तय समयसीमा में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### लखनऊ में

पक्ष से मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित का कहना है कि भीड़ ने पथराव किया तो पुलिस ने लाठियां फटकारीं। कोई लाठीचार्ज नहीं किया गया है। वहीं, सेंट्रल बार एसोसिएशन के सदस्य वकीलों ने इस कार्रवाई के विरोध में 20 मई तक सामूहिक अवकाश पर जाने की घोषणा की है।

### श्रीमती अलका

तिमसिना की मौजूदगी में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के रिक्त पदों पर शेष कार्यकाल (2023-27) के लिए चुनाव हुआ।

चुनावों में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती अलका दास गुप्ता व उपाध्यक्ष पद के लिए दिल्ली की रानी तिवारी के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सभा ने ध्वनिमत से अनुमोदित कर दिया। इस दौरान चुनाव अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त जिला जज दीपक कुमार श्रीवास्तव ने जिम्मेदारी निभाई। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद श्रीमती अलका दास गुप्ता ने कहा कि कि हैंडबॉल को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर मजबूत ढांचा तैयार करना समय की आवश्यकता है।

वहीं कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि श्रीमती अलका दास गुप्ता के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने से हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया को मजबूती मिलेगी तथा संघ खिलाड़ियों और हैंडबॉल खेल के विकास के लिए और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगा। एजीएम में ओडिशा हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव मानस सिंह ईस्ट जोन के और हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह नार्थ जोन के चेयरमैन बनाए गए हैं। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के सचिन भारद्वाज को एचएआई के एथलेटिक्स कमीशन का चेयरमैन बनाया गया है। एसोसिएशन के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने बताया कि 34 राज्य इकाईयों में से 31 राज्य इकाईयों के दो-दो प्रतिनिधियों यानि कुल 63 सदस्यों की मौजूदगी में हुई इस एजीएम में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विमर्श हुआ। इसमें सबसे पहले भारत सरकार के स्पोर्ट्स बिल तथा भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के निर्देशों के अनुरूप एचआई के संविधान में संशोधन पर चर्चा हुई। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान 15 दिसंबर 2025 को चिनसुरा (पश्चिम बंगाल) में हुई पिछली एजीएम की कार्यवाही की पुष्टि के साथ वर्ष 2025-2026 के ऑडिटेड लेखा विवरण पर विचार एवं अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2026-2027 के लिए राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी का आवंटन भी किया गया।




# राजस्थान ने दिल्ली को दिया 194 रन का लक्ष्य

## जुरेल ने 40 बॉल पर 53, पराग ने 26 बॉल पर 51 रन बनाये, वैभव सूर्यवंशी ने 21 बॉल पर 46 रन बनाये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आईपीएल 2026 में रविवार के दूसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 194 रन का टारगेट दिया है। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 193 रन बनाए। राजस्थान के लिए ध्रुव जुरेल और रियान पराग ने अर्धशतक लगाए। जुरेल ने 40 बॉल पर 53 और पराग ने 26 बॉल पर 51 रन बनाए। उनके अलावा वैभव सूर्यवंशी ने 21 बॉल पर 46 रन बनाए। दिल्ली के लिए मिचेल स्टार्क ने 4 विकेट झटके। लुंगी एनगिडी और माधव तिवारी ने 2-2 विकेट लिए। स्टार्क ने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए अपना चौथा विकेट हासिल किया।

दासुन शनाका फुलटॉस गेंद पर बड़ा शॉट लगाने गए, लेकिन सही टाइमिंग नहीं बना सके। लॉन्ग-ऑफ पर ट्रिस्टन स्टब्स ने आगे बढ़ते हुए बेहतरीन कैच पकड़ लिया। शानाका 8 गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में जुरेल ने तेज बल्लेबाजी करते हुए इस सीजन का अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया। मिचेल स्टार्क की गेंद को पॉइंट की दिशा में खेलकर उन्होंने तेजी से एक रन लिया और फिफ्टी तक पहुंचे। उन्होंने 36 बॉल पर अर्धशतक लगाया। मिचेल स्टार्क ने 15वें ओवर में मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने इस ओवर में तीन विकेट लिए। ओवर की दूसरी बॉल पर बल्लेबाज रियान पराग को आउट किया, तीसरी गेंद पर डोनोवन फरेरा को गोल्डन डक पर चलता किया। इसके बाद 5वीं बॉल पर डेब्यू कर रहे रवि सिंह भी छहह हो गए। स्टार्क ने ओवर में तीन विकेट लेकर दिल्ली की शानदार वापसी कराई, जबकि अक्षर पटेल ने दो बेहतरीन कैच पकड़े। रियान पराग ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। अक्षर पटेल की गेंद को मिडविकेट की ओर खेलकर उन्होंने एक रन लिया और फिफ्टी तक पहुंचे। इसके बाद पराग ने डगआउट की ओर इशारा करते हुए जश्न मनाया, जबकि ध्रुव जुरेल ने उन्हें गले लगाकर बधाई दी। रियान पराग ने मुकेश कुमार के ओवर में तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 23 रन बटोर लिए। पराग ने ओवर में तीन छक्के और एक चौका जड़ा, जिसमें 89 मीटर लंबा सिक्स भी शामिल रहा। इसी दौरान उन्होंने साझेदारी का अर्धशतक भी पूरा किया और राजस्थान को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। माधव तिवारी ने दिल्ली को बड़ी सफलता दिलाई। शानदार लय में दिख रहे वैभव सूर्यवंशी धीमी गेंद पर टाइमिंग नहीं बना सके और शॉट जल्दी खेल बैठे। गेंद बल्ले के निचले हिस्से से लगकर लॉन्ग-ऑन की ओर गई, जहां डेविड मिलर ने दौड़ते हुए शानदार डाइविंग कैच पकड़ा। वैभव 21 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुए। राजस्थान ने पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 1 विकेट पर 75 रन बना दिए। यशस्वी जायसवाल ने शुरूआत में मिचेल स्टार्क के खिलाफ तीन चौके लगाए, हालांकि बाद में लुंगी एनगिडी ने धीमी गेंद पर उन्हें आउट कर दिया। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल ने तेजी से रन बटोरे। वैभव को 22 रन पर जीवनदान मिला, जबकि जुरेल का कैच भी छूटा। दोनों ने मिलकर फिफ्टी साझेदारी पूरी की। छठे ओवर में ध्रुव जुरेल ने मुकेश कुमार के ओवर में जमकर रन बटोरे। उन्होंने एक छक्का और दो चौके लगाते हुए ओवर से 16 रन निकाले। इसी दौरान वैभव सूर्यवंशी के साथ उनकी 50 रन की साझेदारी भी पूरी हुई, जिससे टीम ने पावरप्ले का शानदार अंत किया। वैभव सूर्यवंशी ने त्रिपुराणा विजय के ओवर में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 18 रन बटोर लिए। उन्होंने ओवर में तीन चौके और एक छक्का जड़ा। बीच में दिल्ली को उनका बड़ा विकेट लेने का मौका भी मिला, लेकिन समीर रिजवी ने मुश्किल कैच टपका दिया, जिसका फायदा सूर्यवंशी ने तुरंत उठाया। लुंगी एनगिडी ने दूसरे ओवर में राजस्थान को पहला झटका दिया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल को स्लोअर गेंद पर आउट किया। फुल लेंथ और ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर जायसवाल ड्राइव खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर फ्लाइंग गली की तरफ चली गई। मिचेल स्टार्क ने दाईं ओर डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा।



जायसवाल 9 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए। राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने लुंगी एनगिडी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर शुरूआत की। दूसरे ओवर की पहली गेंद पर एनगिडी ने शॉर्ट गेंद डाली, जिस पर वैभव ने पुल शॉट खेलते हुए डीप स्क्वेयर लेग के ऊपर से सिक्स लगाया। आईपीएल में यह 8वीं बार है, जब वैभव ने अपनी पारी की पहली गेंद पर छक्का लगाया। इस सीजन में वह पांचवीं बार ऐसा कर चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए। उन्होंने यह उपलब्धि 129 पारियों में हासिल की। भारत के लिए सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने का रिकॉर्ड ऋतुराज गायकवाड़ के नाम है, जिन्होंने 116 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था। राजस्थान रॉयल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने मिचेल स्टार्क के पहले ओवर में तीन चौके जड़े।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्ले ऑफ में कोहली और वेंकटेश का अर्धशतक

धर्मशाला। वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बनी। लगातार तीसरी जीत के साथ बेंगलुरु की टीम के 13 मैच में 18 अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर बरकरार है। लगातार छठी हार के बाद पंजाब की टीम 13 मैच में 13 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शशांक सिंह (56 रन, 27 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक और मार्कस स्टोइनिस (37 रन, 25 गेंद, पांच चौके) के साथ उनकी छठे विकेट की 67 रन की साझेदारी के बावजूद पंजाब की टीम आठ विकेट पर 199 रन ही बना सकी। कूपर कोनोली (37) और सूर्यांश शेडगे (35) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। बेंगलुरु की ओर से रसिक सलाम ने 36 रन देकर तीन जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 38 रन देकर दो विकेट चटकाए। बेंगलुरु की टीम ने वेंकटेश (नाबाद 73, 40 गेंद, आठ चौके, चार छक्के) की कोहली (58 रन, 37 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 और टिम डेविड (12 गेंद में 28 रन, दो छक्के, दो चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 222 रन बनाए। कोहली ने कप्तान देवदत्त पडिक्कल (45) के साथ दूसरे विकेट के लिए 76 जोड़कर टीम को ठोस मंच प्रदान किया। पंजाब की ओर से हरप्रीत बरार सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 35 रन देकर दो विकेट चटकाए।



अर्शदीप सिंह (43 रन पर एक विकेट) और युजवेंद्र चहल (42 रन पर एक विकेट) को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब किंग्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 19 रन तक ही सलामी बल्लेबाजों प्रियांश आर्य (00) और प्रभसिमरन सिंह (02) तथा कप्तान श्रेयस अय्यर (01) के विकेट गंवा दिए। भुवनेश्वर ने पारी की तीसरी ही गेंद पर प्रियांश को मिडविकेट पर रोमारियो शेफर्ड के हाथों कैच कराया जबकि इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में प्रभसिमरन भी स्लिप में पडिक्कल को कैच दे बैठे। रसिक ने अपनी पारी की दूसरी ही गेंद पर श्रेयस को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराके पंजाब को तीसरा झटका दिया। कोनोली और शेडगे ने पावर प्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 49 रन तक पहुंचाया। कोनोली ने इस बीच जोश हेजलवुड (36 रन पर एक विकेट) और रसिक पर छक्के भी मारे। कोनोली ने सुयश शर्मा (50 रन पर एक विकेट) पर भी छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद शेफर्ड (आठ रन पर एक विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर जैकब बेथेल के हाथों लपके गए। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और इतने ही चौके मारे। शेडगे ने सुयश पर छक्का मारा लेकिन फिर इस लेग स्पिनर की गेंद पर लॉन्ग-ऑफ पर कोहली को कैच दे बैठे जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 93 रन हो गया। उन्होंने 22 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और दो चौके जड़े। पंजाब के रनों का शतक 12वें ओवर में पूरा हुआ। शशांक ने सुयश पर तीन छक्कों के साथ रन गति में इजाफा करने का प्रयास किया। बेथेल ने कृणाल पंड्या की गेंद पर स्टोइनिस का कैच टपकाया जबकि शशांक ने इस ओवर में दो चौके मारे। स्टोइनिस ने भी रसिक पर लगातार दो चौके मारे। पंजाब को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 77 रन की दरकार थी। शशांक ने भुवनेश्वर पर छक्का और स्टोनिस ने चौका मारा। हेजलवुड ने स्टोइनिस को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा जबकि इस ओवर में सिर्फ सात रन बने। शशांक ने भुवनेश्वर पर दो चौकों के साथ 22 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

## संक्षेप

### सुपर शतरंज : प्रज्ञाननंदा ने कीमर के साथ ड्रॉ खेला

बुखारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेलकर सुपर शतरंज क्लासिक के तीसरे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए रखी। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट का हिस्सा है। पिछले दौर में उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को हराने वाले प्रज्ञाननंदा के दो अंक हो गए हैं। वह फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फॉरेस्ट, अनीश गिरी और कीमर के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। इस टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें से आधे खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना और वेस्ली सो दोनों ने अपने सभी मैच ड्रॉ किए हैं और उनके 1.5 अंक हैं।

### बायर्न म्यूनिख ने जीती बुंडेसलिगा ट्रॉफी

म्यूनिख। बायर्न म्यूनिख ने एक सत्र में सर्वाधिक 122 गोल करने के नए रिकॉर्ड के साथ जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा का खिताब जीता। हैरी केन की इस सत्र की चौथी हैट्रिक की मदद से बायर्न ने कोलोन पर 5-। से शानदार जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। उसकी तरफ से इस मैच में टॉम बिशोफ और निकोलस जैक्सन ने भी गोल किए। केन ने इस सत्र में 36 गोल किए जो 2020-21 में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के लीग रिकॉर्ड से पांच कम हैं। बुंडेसलिगा के एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड इससे पहले भी बायर्न के नाम पर ही था। उसने 1971-72 में 101 गोल किए थे।

### क्षेत्ररक्षण बेहतर हो सकता था : गिल

कोलकाता। गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हाथों मिली हार के बाद कहा कि कई कैच छोड़ना टीम को भारी पड़ा।

केकेआर ने गुजरात टाइटन्स के खराब क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए 29 रन से जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद जीवंत रखा। गिल ने मैच के बाद कहा, विकेट को देखते हुए 200 से 210 रन का स्कोर पार स्कोर लग रहा था।

# चैंपियनशिप : सात्विक-चिराग ने थाईलैंड ओपन में उपविजेता

बैंकॉक। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में चार चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर में उन्हें थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट तक चले मैच में 12-21 23-25 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग ने यहां 2019 और 2024 में खिताब जीता था। वे पहले गेम में लय से बाहर दिखे लेकिन दूसरे गेम में दबाव में अपनी मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए मैच को निर्णायक गेम तक ले जाने के करीब पहुंच गए थे। यह भारतीय जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और हांगकांग ओपन में भी




उपविजेता रही थी। यह सात्विक और चिराग के खिलाफ इंडोनेशियाई जोड़ी की पहली जीत भी है। इससे पहले इन दोनों जोड़ियों के बीच खेले गए सभी चार मैच भारतीय जोड़ी ने जीते थे। इस हार के बावजूद सात्विक दोनों खिलाड़ियों की प्रगति से खुश थे। उन्होंने कहा, आज को छोड़कर मैं इस सप्ताह के हमारे खेल से खुश हूं। अब यह शारीरिक से ज्यादा मानसिक है। हमें खुद पर भरोसा रखना होगा।

हमें सकारात्मक को होकर खेलने की जरूरत है। अब चीजें हमारे पक्ष में काम करने लग गई है और जल्द ही हम जीतने वाली टीम बन जाएंगे। सात्विक ने स्वीकार किया कि पहले गेम में पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी को तेज शटल और इंडोनेशिया की आक्रामक खेलशैली के अनुकूल होने में समय लगा। सात्विक ने कहा, प्रतियोगिता के बाकी मैच की तुलना में आज शटल काफी तेजी से आ रही थी और उससे तालमेल बिठाना आसान नहीं था। चिराग को शुरुआत में अपनी सर्विस में संघर्ष करना पड़ा, जिससे भारतीय टीम 1-4 से पिछड़ गई और फिर स्कोर 7-9 हो गया।

### हमारी खराब कैचिंग ने अंतर पैदा किया : पार्थिव पटेल

कोलकाता। गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने स्वीकार किया कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल के मैच में उनकी खराब कैचिंग (कैच छोड़ना) महंगी साबित हुई और इसने मुख्य अंतर पैदा किया। गुजरात टाइटंस ने चार कैच छोड़े, जिनमें फिन एलन को मिले दो जीवनदान भी शामिल हैं। एलन ने इसका फायदा उठाकर 35 गेंद पर 93 रन बनाए और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पटेल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि कैच छोड़ना ही एक ऐसी चीज है जिसने मैच में मुख्य अंतर पैदा किया।

# स्वितोलिना ने इटालियन ओपन का खिताब जीता

एजेंसी

रोम। एलिना स्वितोलिना ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में कोको गॉफ को हराकर तीसरी बार इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

स्वितोलिना ने लगभग तीन घंटे तक चले मैच में गॉफ को 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराया। यह 2018 में इटालियन ओपन जीतने के बाद उनका पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है। यूक्रेन की इस खिलाड़ी ने 2017 में भी यहां खिताब जीता था। स्वितोलिना ने अपने करियर का 20वां खिताब जीतने के बाद कहा, यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि आठ साल हो गए जब मैंने इससे पहले यहां ट्रॉफी जीती थी। मैं निश्चित रूप से यहां बिताए दो सप्ताह से बहुत खुश हूं। अमेरिकी खिलाड़ी गॉफ लगातार दूसरे साल फाइनल की बाधा पार नहीं कर पाईं। वह पिछले साल जैस्मीन पाओलिनी से हार गईं, लेकिन बाद में उन्होंने फ्रेंच ओपन जीता था। पुरुष वर्ग के फाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर का सामना कैस्पर रूड से होगा।

इटली के खिलाड़ी सिनर ने सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव को 6-2, 5-7, 6-4 से हराया। वह नोवाक जोकोविच के बाद नौ मास्टर्स 1000



खिताब जीतने वाले दूसरे पुरुष खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। जोकोविच ने प्रत्येक मास्टर्स टूर्नामेंट कम से कम दो बार जीता है। इससे पहले रूड ने शुक्रवार को लुसियानो डार्डेरी को 6-1, 6-1 से हराया था।

# नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के लिए रामगढ़ताल तैयार

खेल संवाददाता

लखनऊ। बीते पांच दिन अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग में देश की बेटियों की सफल मेजबानी करने के बाद अब गोरखपुर का रामगढ़ताल तैयार है, देश भर के बेहतरीन जूनियर बालक व बालिका रोवर्स के स्वागत के लिए।



**❍ गोरखपुर में जुटे देश के उभरते रोवर्स, 18 को उद्घाटन, 19 मई से शुरू होंगे मुकाबले**

मौका होगा 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप-2026 का जिसका आयोजन 17 से 21 मई, 2026 तक किया जा रहा है जिसमें मेजबान यूपी, पिछली विजेता आर्मी ब्वायज स्पोर्ट्स कंपनी सहित 20 राज्यों की टीमों से 273 खिलाड़ी व पदाधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश खेल विभाग के बुनियादी और प्रशासनिक सहयोग से होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी आमद दर्ज करा ली। रविवार को आरएफआई अध्यक्ष बालाजी मरपाड़ा व फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन नवाबुद्दीन ने तैयारियों का जायजा लिया और 'कोर्स ओपनिंग' की शुरूआत कराई। उनकी मौजूदगी में देश भर से आए खिलाड़ियों ने ताल की लहरों पर उतर अपनी तैयारियों को परखा। आरएफआई के महासचिव शुभाशीष मुखर्जी ने बताया कि चैंपियनशिप के लिए चीफ ज्यूरी तेजस शिंदे की अगुवाई में आरएफआई की टीम ने रामगढ़ताल में 2000 मीटर की कोर्स लेन व जेट्टी को तैयार किया है। यहां स्पधाओं के लिए चार लेन तैयार की गई है और प्रत्येक लेन की लंबाई 2000 मीटर और चौड़ाई 12.5 मीटर है। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की अध्यक्ष रानी पक्षालिका सिंह (भाजपा विधायक) ने बताया कि जूनियर वर्ग की चैंपियनशिप में बालक व बालिका दोनों वर्गो में पांच-पांच स्पधाएं होंगी। सभी खिलाड़ी सिंगल स्कल, डबल स्कल, कॉक्सलेस पेयर्स, कॉक्सलेस फोर्स व क्वाड्रुपल स्कल में दम दिखाएंगे। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा (उपाध्यक्ष, रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने बताया कि रविवार को प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ी दोपहर के सत्र में अभ्यास के लिए ताल में उतरे और अपनी तैयारियों की परख की। वहीं सोमवार 18 मई को सुबह के सत्र में भी खिलाड़ी अभ्यास करेंगे।

### रोनाल्डो का सऊदी अरब में ट्रॉफी जीतने का इंतजार बढ़ा

रियाद (सऊदी अरब)। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सऊदी अरब में पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का इंतजार तब और बढ़ गया जब शनिवार को एशियाई चैंपियंस लीग दो के फाइनल में उनके क्लब अल नासर को जापान के गांबा ओसाका से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। तुर्की के फॉरवर्ड डेनिज़ हम्मात के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से ओसाका ने एशिया के दूसरी श्रेणी के टूर्नामेंट का खिताब जीता। अल नासर ने हालांकि मैच में दबदबा बनाए रखा लेकिन वह गोल करने में नाकाम रहा।

इससे पांच दिन पहले अल नासर 2019 के बाद पहली बार सऊदी प्रो लीग जीतने से बस कुछ ही सेकंड दूर था, लेकिन स्टॉपेज टाइम के अंतिम पलों में आत्मघाती गोल होने से उसका इंतजार बढ़ गया। अब गुरुवार को होने वाले लीग के अंतिम चरण के मैच से विजेता का फैसला होगा।

### दूसरा टेस्ट- पाकिस्तान ने लंच तक 4 विकेट गंवाए

सिलहट। पाकिस्तान के बांग्लादेश दौरे का दूसरा टेस्ट सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। रविवार को मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान ने लंच तक 96 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। बाबर आजम और सलमान आगा क्रीज पर हैं। दिन की शुरूआत में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने ओपनर अब्दुल्लाह फजल को 9 और अजान ओवैस को 13 रन पर आउट किया। मेजबान बांग्लादेश मैच पर नियंत्रण बनाए हुए है। पाकिस्तान अभी भी बांग्लादेश की पहली पारी के 278 रन से 182 रन पीछे है। मेजबान टीम पहली पारी में 278 रन पर ऑलआउट हुई थी। पहला टेस्ट हारने के बाद पाकिस्तान के लिए सीरीज बराबर करने के लिहाज से यह मुकाबला अहम है। पाकिस्तान ने 21/0 के स्कोर से खेल शुरू किया। लेकिन बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद (2-30) ने पहले दो ओवरों में ही दोनों ओपनर्स को पवेलियन भेजकर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया।

# शिवम यादव व सान्वी ने जीते दोहरे खिताब

लखनऊ। शिवम यादव व सान्वी कुमार ने सुरेश चंद्र त्रिपाठी मेमोरियल लखनऊ जिला प्राइजमनी बैडमिंटन टूर्नामेंट-2026 में कोर्ट पर शानदार खेल दिखाते हुए दोहरे खिताब अपने नाम कर लिए। लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त एवं स्वराज कल्याण सेवा संस्थान द्वारा मिनी स्टेडियम, विनय खंड, गोमती नगर में आयोजित टूर्नामेंट में रविवार को फाइनल मुकाबले खेले गए।

**❍ सुरेश चंद्र त्रिपाठी मेमोरियल लखनऊ जिला प्राइजमनी बैडमिंटन टूर्नामेंट**

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के शिवम यादव ने पुरुष एकल के फाइनल में शटल एस के शौर्य प्रताप सिंह को 15-12, 15-13 से हराया। इसी के साथ उन्होंने अंडर-19 बालक एकल में डिवाइन के अतुल मोहन त्रिपाठी के खिलाफ 15-5, 15-9 से जीत दर्ज की। डालीबाग की सान्वी कुमार ने बालिकाओं में अंडर-13 एकल में राइजिंग स्टार की प्रशस्ति शर्मा को तीन सेट तक चले मुकाबले में 12-15, 17-15, 16-14 से शिकस्त दी। वहीं अंडर-15 एकल के फाइनल में सान्वी ने प्रतिद्वंद्वी मेगन प्रकाश के 2-0 के स्कोर पर रिटायर्ड होने के चलते जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डा. आरपी सिंह व विशिष्ट अतिथि भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान रजनीश मिश्रा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान इस दौरान जेनस सोलर के निदेशक संदीप द्विवेदी की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए आयोजन सचिव संजय त्रिपाठी ने अतिथिगण का स्वागत किया, जबकि आयोजन अध्यक्ष विपुल वर्मा ने आभार जताया।

# चेन्नई बनाम हैदराबाद का मुकाबला आज

एजेंसी

चेन्नई। अब तक अधिकतर मैचों में अपने बल्लेबाजों के दम पर जीत हासिल करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आमने-सामने होगी तो बल्लेबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना अधिक रहेगी। प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए इन दोनों टीम के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। हैदराबाद हालांकि चेन्नई की तुलना में बेहतर स्थिति में है। उसके 12 मैच में 14 अंक है और अभी वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। चेन्नई की टीम के 12 मैच में 12 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है। जैसे कि उसके बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा था, उनके लिए अब बाकी बचे दोनों मैच फाइनल जैसे हो गए हैं।

चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अब तक जब भी अच्छा प्रदर्शन किया तब टीम को जीत मिली। ऐसे में उसकी संभावना बरकरार रखने के लिए संजू सैमसन, रुतुराज गायकवाड, उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में इनमें से केवल कार्तिक ने ही अच्छा प्रदर्शन किया था। उनके अलावा शिवम दुबे ने अंतिम ओवरों में आक्रामक पारी खेली थी लेकिन उसके गेंदबाज 188 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाए थे। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने इससे पहले अपनी विकेट लेने की योज्ञता का अच्छा नमूना पेश किया था लेकिन पिछले मैच में उन्होंने केवल 2.4 ओवर में 63 रन लुटा दिए थे। उनका इकोनॉमी रेट 23.62 रहा जो टी20 क्रिकेट में कम से कम 15 गेंद करने वाले गेंदबाज का सबसे खराब प्रदर्शन है। उन्हें शीघ्र अपनी लय हासिल करनी होगी। जहां तक सनराइजर्स की बात है तो कभी उसकी बल्लेबाजी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत नजर आती है लेकिन कभी वह फिसड्डी साबित हो जाती है जैसा कि पिछले मैच में हुआ। गुजरात टाइटंस के खिलाफ 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी पूरी टीम 86 रन पर आउट हो गई थी। सनराइजर्स को उस शर्मनाक प्रदर्शन को भुलाकर जल्द से जल्द अपने पुराने तेवर दिखाने होंगे। इसके लिए जरूरी है कि अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और इशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें।



# सेवा क्षेत्र में गुजरात को अग्रणी बनाने का समय

## रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले और राज्य नयी पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी

एजेंसी



अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि गुजरात ने विनिर्माण, इंजीनियरिंग और हरित ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और अब उसे सेवा क्षेत्र में भी शीर्ष स्थान हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। गांधीनगर में गणेश हाउसिंग के मिलियन माइंड्स टेक पार्क के उद्घाटन अवसर पर शाह ने कहा कि यदि अहमदाबाद को बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे प्रमुख प्रौद्योगिकी केंद्रों के बराबर लाना है तो ऐसे आधुनिक बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं बेहद जरूरी हैं।

उन्होंने कहा, गुजरात ने विनिर्माण, इंजीनियरिंग, फार्मा, बंदरगाह, लॉजिस्टिक, हरित ऊर्जा, औद्योगिक ढांचा और निवेश जैसे क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन अब समय आ गया है कि सेवा क्षेत्र में भी गुजरात को शीर्ष तीन राज्यों में शामिल किया जाए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण है कि गुजरात में प्रौद्योगिकी, नवाचार, ज्ञान, उद्यमिता और उच्च-कौशल आधारित उद्योगों को आकर्षित किया जाए, जिससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले और राज्य नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बने। उन्होंने कहा कि जब भी गुजरात किसी क्षेत्र में पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रवेश करता है, तो वह तेजी से शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हो जाता है और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में भी राज्य यही उपलब्धि हासिल करेगा।

शाह ने कहा कि गुजराती लोगों में उद्यमिता की भावना पारंपरिक रूप से मजबूत रही है, जिसे सरकार के मजबूत बुनियादी ढांचे और नीतिगत समर्थन ने और बल दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, विशेषरूप से मोदी की अगुवाई वाली सरकार के लिए बुनियादी ढांचे का अर्थ केवल निर्माण नहीं था, बल्कि नीतियां, अनुकूल वातावरण, वित्तीय ढांचा और वाइब्रेंट गुजरात जैसे मंच भी इसका हिस्सा थे।

शाह ने कहा, इन प्रयासों के माध्यम से हमने गुजरात के औद्योगिक विकास को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, जिसे दुनिया भर में सराहा गया है। उन्होंने आगे बताया कि पिछले दो से तीन वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रौद्योगिकी पार्कों और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के विकास पर महत्वपूर्ण जोर दिया है, जिससे आर्थिक गतिविधियों के पूरे क्षेत्र में परिवर्तन आया है। उन्होंने बताया कि ।,100 करोड़ रुपये की लागत से बना मिलियन माइंड्स टेक पार्क 13.5 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है और इसके पहले चरण में 9,000 उच्च कौशल पेशेवरों को कार्यस्थल उपलब्ध कराया जाएगा। सभी सात चरण पूरे होने पर इस परियोजना से 63,000 से अधिक उच्च मूल्य वाले रोजगार सृजित होने की संभावना है।

# बीरभूम के खेतों में मिले मतदाता पहचान पत्र तृणमूल के कार्यालय से आधार कार्ड बरामद



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में एक खेत से रविवार को बड़ी संख्या में मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) मिले, जबकि बिधाननगर स्थित तृणमूल कांग्रेस के कार्यालय से सौ से अधिक आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए।

इन दोनों घटनाओं को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया और पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना बीरभूम के नानूर प्रखंड के किरनाहर इलाके में सामने आई, जहां रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने देखा कि एक खेत में बड़ी संख्या में मतदाता पहचान पत्र पड़े हैं। यह खेत एक पूर्व बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के आवास के बगल में स्थित है, जिससे इलाके में कयास लगने लगे और हंगामा शुरू हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि पूर्व बीएलओ हिरण्यप्रभा मिते माजी पूर्वी बर्धमान जिले के केतुग्राम प्रखंड में कार्यरत थी और पुलिस ने इस मामले में उससे पूछताछ की है। उन्होंने बताया कि माजी ने 2012 से 2025 तक बीएलओ के रूप में काम किया था और बाद में प्रशासनिक नियमों के अनुसार उन्हें पद से हटा दिया गया था। माजी ने दावा किया कि अपने कार्यकाल के दौरान, वह नए मतदाता पहचान पत्र वितरित करते समय पुराने मतदाता पहचान पत्र को एकत्र करती थीं, लेकिन उन्हें प्रखंड कार्यालय में जमा नहीं कराया।

इसके बजाय, उन्होंने उन्हें अपने पास ही रखा। सूत्रों के मुताबिक, माजी ने लोगों से कहा, मेरे घर में मरम्मत का काम चल रहा था, और मैंने कागजात घर के पीछे एक बोरी में रखे थे। हो सकता है किसी ने उन्हें खुले में फेंक दिया हो। एक अलग घटना में, बिधाननगर के वार्ड नंबर 36 में बसंती देवी कॉलोनी में, पुलिस ने रविवार सुबह एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस पार्टी कार्यालय से सौ से अधिक आधार कार्ड, पैन कार्ड और भूमि से संबंधित दस्तावेज बरामद किए। इस बरामदगी से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

## संक्षेप

### ग्रेट निकोबार परियोजना पारिस्थितिकी तबाही का एक नुस्खा है : रमेश

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना पर एक पत्र लिखकर कहा कि वर्तमान स्वरूप में यह परियोजना पारिस्थितिकी तबाही का कारण बन सकती है। कांग्रेस नेता इस परियोजना को लेकर लंबे समय से चिंता जता रहे हैं और उनका दावा है कि इससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर प्रभाव होगा और आदिवासी समुदायों के अधिकारों का उल्लंघन होगा। मंत्री को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर कोई दो राय नहीं हो सकती, लेकिन उन्होंने ग्रेट निकोबार परियोजना के आसपास इसकी रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कुछ उपाय सुझाये। उन्होंने कहा कि नौसेना अधिकारियों ने अपने लेखों में ऐसे उपायों का प्रस्ताव दिया है और ये उपाय क्षेत्र की पारिस्थितिकी को अधिक नुकसान पहुंचाए बिना देश की रक्षा को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। रमेश ने एक्स पर पत्र साझा करते हुए कहा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री और जनजातीय कार्य मंत्री को पत्र लिखने के बाद मैंने ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना के संबंध में रक्षा मंत्री को भी पत्र लिखा है।

# राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या बढ़ाने को दी मंजूरी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 जारी करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 (भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) हो जायेगी। इस अध्यादेश से उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन किया गया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गत पांच मई को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसमें कहा गया था कि उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन किया जायेगा। इससे उच्चतम न्यायालय में में न्यायाधीशों की संख्या वर्तमान में 33 से बढ़कर 37 (भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) हो जायेगी।

# रूस पर यूक्रेन का बड़ा ड्रोन हमला, 4 की मौत

कीव। रूस पर यूक्रेन के ड्रोन हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। रूस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

स्थानीय गवर्नर आंद्रेई वोरोब्येव के अनुसार, मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में स्थित खिमकी शहर में एक ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई, जबकि राजधानी (मॉस्को) से 10 किलोमीटर उत्तर में स्थित पोगोरेलकी गांव में दो पुरुष मारे गये। वोरोब्येव ने सोशल मीडिया पर बताया कि यूक्रेनी ड्रोनों ने कुछ बुनियादी ढांचों और कई ऊंची इमारतों को भी नुकसान पहुंचाया है। मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि शनिवार रात मॉस्को में हुए हमले में कम से कम 12 लोग घायल हो गए, जिनमें से अधिकतर शहर की तेल रिफाइनरी के प्रवेश द्वार के पास घायल हुए। सोब्यानिन ने बताया कि रिफाइनरी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

रूस के रक्षा बलों ने देर रात मॉस्को पर दागे गये 81 ड्रोनों को मार गिराया। सरकारी एजेंसी तास ने सोब्यानिन के हवाले से बताया कि यह 24 फरवरी, 2022 को रूस द्वारा युद्ध के आगाज के बाद से मॉस्को पर हुए सबसे बड़े हमलों में से एक था।

# मोदी पेपर लीक के बावजूद शिक्षा मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में बार-बार पेपर लीक होने के बावजूद वह उन्हें (प्रधान को) बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में, इस मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर भी सवाल उठाया। गांधी ने कहा, नीट 2024: पेपर लीक हुआ। परीक्षा रद्द नहीं हुई। मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जांच शुरू की। एक समिति गठित की गई। उन्होंने कहा, नीट 2026: पेपर लीक हुआ। परीक्षा रद्द हुई। मंत्री ने अभी भी इस्तीफा नहीं दिया। सीबीआई फिर से जांच कर रही है। एक और समिति गठित की जाएगी। अनियमितताओं के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने तीन मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातक) (नीट-यूजी) को रद्द कर दिया। फिर से परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी।

प्रधान को बर्खास्त करो हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, देश आपसे कुछ सवाल पूछ रहा है- उनका जवाब दीजिए। बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? इस परीक्षा पे चर्चा पर आप बार-बार चुप क्यों हैं? लगातार असफल हो रहे शिक्षा मंत्री को आप बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं? परीक्षा पे चर्चा एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हैं। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, सकारात्मकता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देकर उनके परीक्षा अनुभव को नया रूप देना है। गांधी ने शनिवार को मांग की थी कि प्रधानमंत्री प्रधान को तुरंत बर्खास्त करें या खुद जिम्मेदारी लें। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस गठजोड़ ने भारत की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। गांधी ने कहा कि 22 लाख छात्रों ने दो साल तक जी-तोड़ मेहनत की और उनकी सारी मेहनत बर्बाद हो गई। गांधी ने वीडियो बयान में कहा, पूरा देश जानता है कि परीक्षा से दो दिन पहले नीट का प्रश्न पत्र व्हाट्सऐप पर बांटा गया। देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कहते हैं कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। गांधी ने दावा किया कि प्रधान ने संसद की शिक्षा संबंधी स्थायी समिति की सिफारिश को कूड़ेदान में फेंक दिया और यह कहा था कि इस समिति में विपक्ष के लोग बैठे हैं।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com